

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित






कृष्ण पक्ष उत्तर भाद्रपद संवत 2081
• औरंगाबाद • रविवार • 05 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 144 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 71, 830 | ₹83,000 |

## आज का इतिहास

- 1824 : प्रथम एंग्लो-बर्मी युद्ध, ब्रिटिश भारतीय इतिहास का सबसे लंबा और सबसे महंगा युद्ध था।
- 2008: भारत ने समुद्र से ज़मीन पर हमला करने वाले 'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

## न्यूज बाइट्स

### पूर्व विधायक रणधीर सिंह का राजद से इस्तीफा

**पटना (नि.सं.)।** सारण में पूर्व विधायक और महराजगंज लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी रणधीर सिंह ने राजद से इस्तीफा देते हुए चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। शहर के एक रेस्टोरेंट में पीसी के दौरान घोषणा की है। साथ ही उन्होंने बताया कि 14 मई को अपने सात हजार समर्थकों के साथ जद(यू) को जॉइन करेंगे। जदयू जॉइन करने के बाद एनडीए के प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। साथ ही परिवार के सक्रिय राजनीति लोग भी जदयू जॉइन करेंगे। राजद के खिलाफ वादाखिलाफी करने और धोखा देने का आरोप लगाया।

### 10वीं रिजल्ट घोषित होने की सोशल मीडिया पर अफवाह

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दसवीं रिजल्ट जारी होने की गलत सूचना गुरुवार से कई सोशल मीडिया पर दी जा रही है। इससे तमाम परीक्षार्थी परेशान रहे। शुक्रवार को गलत खबर वायरल होने के कारण छात्र-छात्राएं अपने अपने स्कूल से संपर्क करते रहे। मालूम हो कि सोशल मीडिया पर हर एक घंटे पर रिजल्ट जारी होने की बात कही जा रही थी। इसको लेकर छात्र, अभिभावक के साथ सीबीएसई कार्यालय भी परेशान रहा।

### मुर्मू हिमाचल के पांच दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंची

**शिमला (ए.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश की अपनी पांच दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचीं। सुश्री मुर्मु वायुसेना के विशेष हेलीकॉप्टर से सुबह 10.35 बजे कल्याणी हेलीपैड पर उतरीं , जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने उनका स्वागत किया। वह यहां मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में ठहरेंगी। उनकी सुरक्षा के मद्देनजर शिमला से रिट्रीट तक के पूरे मार्ग को संवेदनशील घोषित किया गया है। राष्ट्रपति 06 मई को धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। इसके दूसरे दिन 07 मई को वह शिमला के गेयटी हेरिटेज सांस्कृतिक परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। इसी दिन वह यहां राजभवन में राज्यपाल की ओर से आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगी।

### राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लोको पायलट की मौत

**फतेहपुर (गया) ।** गया कोडरमा घाटी रेल खंड के गझंडी स्टेशन पर एक लोको पायलट की मौत राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से हो गई। मृतक लोको पायलट की पहचान पंकज कुमार सिंह उम्र 40 वर्ष पिता शिवधारी सिंह ग्राम जानकीनगर, थाना नया रामपुर, जिला मुंगेर के रूप में हुआ। लोको पायलट गोमो रेल मुख्यालय में कार्यरत था। घटना शनिवार की सुबह साढ़े चार बजे की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दरभंगा में जनसभा को किया संबोधित, कहा

# 10 साल में हम दुनिया की 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुके हैं : पीएम

- पीएम मोदी ने तेजस्वी यादव को बताया शहजादा

निज संवाददाता | दरभंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दरभंगा के राज मैदान में बीजेपी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता और श्रीराम के जयकारे से की। उन्होंने राम मंदिर निर्माण की बधाई देते हुए कहा कि 500 साल का इंतजार खत्म हुआ। जब अयोध्या में रामलला की प्रतिष्ठा हो रही थी तो मैंने कहा था कि अब भारत आने वाले 1000 वर्षों का भविष्य लिखेगा। कभी-कभी इतिहास की कोई घटना सदियों का इतिहास तय कर देती है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज भारत फिर से अपनी सारी बेड़ियां तोड़ कर उठ खड़ा हुआ है। दुनिया में भारत की साख नई ऊंचाई पर है। भारत चांद पर पहुंच गया है, जहां कोई नहीं पहुंचा। 10 साल पहले हम दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था हुआ करते थे, लेकिन सिर्फ 10 साल में हम दुनिया की 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुके हैं।



### दिल्ली की तरह पटना में भी एक शहजादा

विपक्ष पर हमलावर होते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में जैसे एक शहजादा है, वैसे ही एक शहजादा पटना में भी है। एक शहजादे ने बचपन से पूरे देश को और दूसरे शहजादे ने पूरे बिहार को अपनी जागीर समझा हुआ है। इन दोनों शहजादों के रिपोर्ट कार्ड एक जैसे हैं। इनके रिपोर्ट कार्ड में सिवाय घोटालों और बेलगाम कानून-व्यवस्था के कुछ नहीं है।

पीएम ने कहा कि बाबा साहब के नेतृत्व में संविधान सभा ने 75 साल पहले यह निर्णय लिया था कि हमारे देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। लेकिन अब कांग्रेस पंडित नेहरूजी की भावना के विपरीत जाकर बाबा साहेब की पीठ में छुरा घोंप रही है और संविधान को तोड़ने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ओबीसी कोटा कम कर मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश कर रही है और कांग्रेस की इस साजिश में राजद भी कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है।

### एम्स की बाधाओं को दूर किया जा रहा

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि दरभंगा में आज विकास की धारा बह रही है। यहां एयरपोर्ट, अमृत भारत ट्रेन, रेलवे स्टेशन, आधुनिक सड़कें बनाने के लिए काम हो रहा है। एम्स निर्माण में या रही अड़चनों को भी दूर किया जा रहा है। दरभंगा में आईटी पार्क का भी निर्माण हुआ, जिससे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

### विरासत टैक्स को पीएम ने बताया फतवा

पीएम ने अखय कि कांग्रेस अब एक नई बात लेकर आई है। वो ऐसा कानून बनाना चाहती है जिससे आपके मां बाप ने जो कमाया है, वो अब आपकों नहीं मिलेगा। कांग्रेस आपकी मेहनत की कमाई, आपकी आधी संपत्ति को छीनना चाहती है। 55 फीसदी विरासत टैक्स लगाकर ये फतवा लाना चाहते हैं। कहा पीएम ने कहा कि जब तक वह दिल्ली में बैठे हैं तब तक कोई संविधान को हाथ नहीं लगा सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक वह जिंदा हैं तब तक दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण को छिनने नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जब संविधान बना था तब इसे बनाने वालों ने धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देने की बात कही थी। लेकिन कांग्रेस आरक्षण में डाका डाल कर उसे धर्म के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते हैं।

### वंशवाद के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन को बनाया निशाना

पीएम ने परिवारवाद और वंशवाद के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये परिवार वादी पार्टीयां सिर्फ अपने लोगों को आगे बढ़ाती है। मेरा क्या है , न मेरे पास घर है, न ही गाड़ी। मेरा सिर्फ यही प्रयास है कि कैसे गरीब के चूल्हे का इंतजाम होगा, उनकी पढ़ाई लिखाई कैसे होगी।

मुंगेर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आयोजित जनसभा को किया संबोधित, कहा

# बिहार के सभी लोग परिवार हैं हम सबके लिए करते हैं काम : नीतीश

निज संवाददाता | मुंगेर




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर संसदीय सीट से एनडीए की ओर से जदयू के प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में जमालपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सीएम नीतीश कुमार के साथ बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी समेत एनडीए के अन्य कई नेता इस जनसभा में शामिल हुए। नीतीश कुमार ने अपनी सरकार के कामों को गिनाते हुए राजद और कांग्रेस पर हमला बोला। नीतीश कुमार ने परिवारवाद को मुद्दा बनाते हुए राजद और कांग्रेस को घेरा। सीएम ने मुंगेर की जनसभा में आए लोगों को बिहार में पूर्व की शासनकाल को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि हमें मौका मिला तो बिहार का विकास करते रहे। 2005 में हमारी सरकार बनने से पहले क्या होता था। ये जो अपना प्रचार करते हैं उन्हें हमने ही शुरू में बना दिए थे। लेकिन जब देखा कि ये गड़बड़ कर रहे हैं तो हमने छोड़ दिया था। फिर ये अपने हटे तो बीबी को बनवा दिए। अपने बाद पत्नी को और फिर बेटी-बेटा सबको बनाया।

कांग्रेस पर भी सवाल खड़े किए।।

नीतीश कुमार ने कहा कि हमारे लिए बिहार के सभी लोग परिवार हैं हम सबके लिए काम करते हैं जबकि ये लोग (आरजेडी) परिवार के लिए काम करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी। लेकिन ये जो शुरू में रहे और अब परिवार के ही सभी लोग आ रहे हैं। वहीं मुंगेर के एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह के कामों की भी तारीफ नीतीश कुमार ने की।

नीतीश कुमार ने कहा कि आप याद रखिए कि 2005 के पहले जिनको मौका मिला वो कुछ काम नहीं करते थे। लोग डर से घर से नहीं निकलते थे। हमलोग आए तो सुधार किए। तब हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। तब सड़क और बिजली तक नहीं थी। हमनें 2006 से शिक्षा, स्वास्थ्य वगैरह की स्थिति सुधारने के लिए काम किए। अब यहां डर का माहौल नहीं है। नीतीश कुमार ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए किए जाने वाले कामों को गिनाया।

नीतीश कुमार ने बिना नाम लिए इशारे ही इशारे में राजद प्रत्याशी के विवाह पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि यहां जो चुनाव लड़ रहा उसका कोई मतलब है क्या। कोई शादी कर दिया कोई जेल में रहे। इन सबका कोई मतलब है। एक-एक बात याद रखिएगा। हमलोग समाज के हर तबके के लिए काम करते हैं।

### मुस्लिम समुदाय को किया आगाह

नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय को आगाह करते हुए कहा कि पहले काफी विवाद होता था। हिंदू-मुस्लिम के झगड़े होते थे। हम लोग आए तो सब जगह का अध्ययन करने के बाद कब्रिस्तान की घेराबंदी समेत अन्य मुद्दे सही किए। अब झगड़ा नहीं होते हैं। इन सब बातों को याद रखिएगा। नहीं तो पहले वाला ही हाल हो जाएगा। वहीं जेडीयू प्रत्याशी ललन सिंह को वोट देकर जीताने की अपील उन्होंने की।

# शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर लगी रोक हटाई

निज संवाददाता | पटना

केके पाठक के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर पटना हाईकोर्ट के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर लगी रोक हटा दी है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों का रुका हुआ वेतन भी दोबारा शुरू करने को कहा गया है। शनिवार को शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है।शिक्षा सचिव ने बैंक प्रबंधन को भी पत्र लिखकर सरकार के फैसले की जानकारी दे दी है। दरअसल, विभागीय बैठक में कुलपतियों के शामिल नहीं होने पर शिक्षा विभाग ने नाराजगी जताते हुए 28 फरवरी को सभी विश्वविद्यालयों के खाते फ्रीज करने का निर्देश जारी किया था। साथ ही कुलपतियों, प्रतिकुलपतियों और अन्य अधिकारियों के वेतन पर भी रोक लगा दी गयी थी। इसके बाद कुछ सशर्त छूट दी गई और कुलपतियों की दोबारा बैठक बुलाई गई, लेकिन वे इस बार भी बैठक में नहीं आए। इसके बाद विभाग ने 15 मार्च को फिर से बैंक खातों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। जिसके बाद से विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर अब तक प्रतिबंध था। विश्वविद्यालय कर्मियों के वेतन भी बंद हैं। 3 मई को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मगध यूनिवर्सिटी बनाम राज्य सरकार व अन्य के तहत बैंक खातों पर लगी रोक को तुरंत हटाने और वेतन शुरू करने का आदेश पारित किया था। इसके बाद शुक्रवार को ही विभाग में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें बैंक खातों पर लगी रोक हटाने का फैसला लिया गया।

# आयोग के निमंत्रण पर लोकसभा चुनाव देखने 23 देशों के पर्यवेक्षक पहुंचे भारत

एजेंसी | नयी दिल्ली

चुनाव आयोग के आमंत्रण पर 23 देशों के निर्वाचन निकायों के 75 पर्यवेक्षक देश में 18वीं लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को देखने के लिए भारत पहुंचे हैं। आयोग की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षों का यह कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ है। आयोग के मुताबिक विदेशी पर्यवेक्षक एवं प्रतिनिधि इस दौरान विभिन्न राज्यों का दौरा करेंगे। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, चार मई से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिये अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित कराना है। आयोग ने कहा है कि इन पर्यवेक्षकों को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में संबोधित करेंगे। दिल्ली से ये विदेशी मेहमान छोटे-छोटे समूहों में छह राज्यों- महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे तथा वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और चुनाव संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे।

उनका यह कार्यक्रम नौ मई को सम्पन्न होगा। विदेशी पर्यवेक्षकों के इस दल में भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज़ गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया से विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) और संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

आयोग का कहना है कि देश में किसी भी चुनाव में विदेशी पर्यवेक्षकों की यह अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी है। इसमें इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के सदस्य और भूटान तथा इज़रायल की मीडिया टीमें भी भाग ले रही हैं।

# कश्मीर में आतंकी हमला, एयरफोर्स के पांच जवान घायल, सर्च ऑपरेशन जारी



एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार 4 मई को आतंकी हमले में एयरफोर्स के 5 जवान घायल हो गए। पुंछ के सुरनकोट गांव में सुरक्षाबलों दो वाहनों पर आतंकियों ने भारी फायरिंग की। घटना की जानकारी मिलते ही आर्मी और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंचीं। सुरनकोट में 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। वारदात को 4 आतंकियों ने अंजाम दिया था। आतंकियों ने अमेरिकी एम-4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल से स्टील बुलेट फायर की थीं। ये स्टील बुलेट सेना के वाहनों की मोटी लोहे की चादर को पार करते हुए जवानों को लगीं।

पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकियों ने सोशल मीडिया पर हमले वाली जगह की तस्वीरें भी जारी कीं, जजिसमें एम-4 राइफल के इस्तेमाल का दावा किया गया।

# हमारी सरकार बनी तो महंगाई व बेरोजगारी को करेंगे खत्म : तेजस्वी

निज संवाददाता | मधेपुरा



आदर्श महाविद्यालय घैलाढ़ जीवछपुर मैदान में शनिवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को संबोधित करते पीएम मोदी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि अगर युवाओं को नौकरी चाहिए तो इंडिया गठबंधन को वोट दीजिए। यदि बेरोजगारी एवं गरीबी चाहिए तो एनडीए गठबंधन को चुनिए। तेजस्वी ने कहा कि मैं रोजगार की और नौकरी की बात करता हूं। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी सिर्फ वादे करते हैं, लेकिन वादे पूरे नहीं करते। उन्होंने दस वर्षों में अब तक सिर्फ देश की जनता को ठगा ही है। वे हिंदू, मुस्लिम, मंगलसूत्र की बात करते हैं। मधेपुरा से राजद प्रत्याशी कुमार चंद्रदीप एवं सुपौल से राजद प्रत्याशी चंद्रहास चौपाल के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते तेजस्वी ने कहा कि अभी बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है, इसलिए बदलाव आवश्यक है। बदलाव के लिए वोट का चोट आवश्यक है। केंद्र में सरकार बनी तो 15 अगस्त से ही एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इतना ही नहीं एलपीजी गैस की दर भी 500 रुपये की जाएगी। 200 यूनिट तक बिजली भी फ्री में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले रक्षाबंधन में सभी बहनों को एक-एक लाख रुपये प्रतिवर्ष तोहफे के रूप में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में रहते हुए 17 महीने में पांच लाख लोगों को नौकरी दी। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन सबको साथ लेकर चलता है। हम देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं। जबकि भाजपा वाले देश के लोकतंत्र और संविधान को समाप्त कर आरक्षण को समाप्त करना चाहते हैं। वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने सभा को संबोधित करते कहा कि दस साल पहले मोदी जी ने युवाओं, किसानों, गरीबों के लिए कई वादे किए थे, लेकिन आज तक एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने की लड़ाई है। आज भाजपा गरीबों को गुलाम बनाकर रखना चाहती है। रोजगार व महंगाई जैसे मुद्दा पर पीएम बात नहीं करते।

# 40 स्टार प्रचारकों की सूची में अरविंद केजरीवाल भी शामिल



**नई दिल्ली (ए।)।** दिल्ली के लिए आम आदमी पार्टी ने जो 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, उसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अलावा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी नेता मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, दिल्ली के मंत्री गोपाल राय, आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय और अन्य नेता शामिल हैं। आम आदमी पार्टी ने हरियाणा लोकसभा चुनाव के लिए जो 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, उसमें भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम शामिल है।

# बिहार के 12 जिलों में बारिश-वज्रपात की चेतावनी

निज संवाददाता | पटना



बिहार में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का प्रवेश होने जा रहा है जिससे मौसम बदलने की पूरी संभावना बनी हुई है। 5 मई की शाम से कई जिलों में नमी युक्त हवा का प्रवाह होने के साथ बादल छाए रहेंगे। इसके प्रभाव से नमी की मात्रा में वृद्धि होने के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। छह मई से नौ मई के दौरान पटना समेत प्रदेश के मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 6 से 9 मई के दौरान उत्तर पूर्व बिहार की राजधानी पटना, सहरसा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार के कुछ हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर व खगड़िया में भी छिटपुट बारिश के आसार जताए गए हैं। इनके प्रभाव से पटना सहित दक्षिणी भागों के मौसम में बदलाव आने के साथ तापमान में आंशिक गिरावट के आसार है। इस दौरान 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है जिसके चलते नाविकों और किसानों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। वहीं राहत की बात यह है कि पटना के अधिकतम तापमान में 3 डिग्री गिरावट के साथ शुक्रवार को 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, 41.8 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। छपरा, मधुबनी, फारबिसगंज, पूर्णिया व अररिया को छोड़ पटना सहित शेष जिलों के अधिकतम तापमान में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने शनिवार को शेखपुरा व मधुबनी में लू चलने को लेकर चेतावनी जारी की है। वहीं, पटना समेत शेष जिलों में गर्म दिन रहने की संभावना जताई है। बीते दो दिनों से मौसम में आए बदलाव को लेकर मौसम विज्ञानी बताते हैं कि असम व उप हिमालय पश्चिम बंगाल के आसपास चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बने होने के कारण मौसम में बदलाव आया है। इसके कारण मौसम के तेवर में थोड़ी नरमी आई है।

BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित : 1972
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Theapy
DAYS Acupressure Yoga Science
DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE
MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure
BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2
BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science
MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga)
MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL
BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
Apply Online : www.bayc.in
9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### 15 लीटर देशी शराब बरामद किया गया

**मानपुर।** बुनियादगंज पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर शेखा बिगहा बधार स्थित निजी मोटर पम्प पर छापेमारी की। जहां से 15 लीटर शराब बरामद किया गया। हांलाकि पुलिस के आने की भनक लगते ही धंधेबाज भाग निकलने में कामयाब रहे। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि धंधेबाज की पहचान हो गई है।

### वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को ले कार्यशाला आयोजित

**नीमचक बथानी।** महकार आईटीआई कॉलेज में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन कर छात्रों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और ग्रामीणों को वोट प्रतिशत बढ़ाने के प्रति जागरुक किया गया। खिजरसराय की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजू कुमारी ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर वोटिंग प्रतिशत कम होने की जानकारी लेने के साथ लोगों से मतदान में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान मतदान में भाग लेने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। मौके पर आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य प्रवीण कुमार, प्रखंड समन्वयक आयुष कुमार व सुपरवाइजर माधुरी कुमारी भी उपस्थित थी।

### हादसाः मित्रमंडल कॉलोनी के पास झाड़ियों में लगी आग

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारीशरीफ की मित्रमंडल कॉलोनी के पास शुक्रवार को झाड़ियों में आग लग गई। जब लोगों ने आग और धुआं देखा तो इलाके में अफरातफरी मच गई। कॉलोनीवासियों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, जहां दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल, मित्रमंडल कॉलोनी के पास स्थित परती जमीन में बड़ी मात्रा में झाड़ियां हैं। यहां आज अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें आग जल्दी से फैल गई। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस दौरान आसपास के घरों में धुआं घुस गया जिससे लोगों को परेशानी हुई। वहीं आग की लपटें और धुआं काफी दूर तक दिखाई दिया। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद दो दमकल ने आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### हजरत पीर जमाल बुगदादी का सालाना उर्स सम्पन्न



**करायपरसुराय।** स्थानीय बाजार में हजरत पीर जमाल बुगदादी रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। उर्स की शुरुआत हजरत के पाक रौजा शरीफ के गुसुल से हुआ। कुरानखानी के बाद चादरपोशी का सिलसिला शुरू हुआ। रात 12 बजे तक चादरपोशी का दौर चलता रहा। सालाना उर्स में सभी जाति धर्म के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मेला कमिटी के अध्यक्ष खालिद अहमद मुन्ना ने बताया कि हर साल लोगों के सहयोग से सालाना उर्स का आयोजन किया जाता है। मेला में महिलाओं की भीड़ अधिक रहने के कारण थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह पुलिस बल के साथ चौकसी करते दिखे।

### नए पशु चिकित्सालय के लिए उपलब्ध कराएं जमीनः प्रधान सचिव



**गया।** जिला अतिथि गृह के सभाकक्ष में शुक्रवार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और कई आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम भी मौजूद रहे। इस बैठक में जिला के सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से एम्बुलेन्ट्री वैन का परिचालन और चिकित्सा शिविर आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला में सम्पन्न और चल रहे टीकाकरण, एफएमडी/एलएसडी/पीपीआर की गहन समीक्षा की गई। साथ ही आपदा के संबंध में चारा दर निर्धारण को निविदा प्रकाशन का भी निर्देश दिया गया। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी पशु चिकित्सालयों में प्रर्याप्त मात्रा दवाईयां उपलब्ध है और आपदा में विशेष परिस्थिति से निपटने को जिले के सभी प्रखण्डों में चिकित्सीय दल का गठन कर लिया गया है। बताया गया कि जिले में कुल 27 कैटल ट्रफ का निर्माण कराया गया है, जिसमें 07 कार्यरत हैं और 20 अक्रियाशील है। अक्रियाशील कैटल ट्रफ की मरम्मति के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, गया को पत्र भेजा गया है। नया पशु चिकित्सालय के भवन निर्माण को जमीन उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कारवाई का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी, गया को दिया गया। कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों के निरीक्षण का आदेश इसके बाद मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें भ्रमण दर्शण, प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना अंतर्गत उन्नत इनपुट योजना की शत प्रतिशत उपलब्धि हुई। पठारी क्षेत्र तालाब निर्माण, तालाब मात्स्यिकी विशेष सहायता योजना, यांत्रिक एरेटर योजना में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि चिकित्सा, बधिया व कृत्रिम गर्भाधान की समीक्षा लक्ष्य के अनुरूप की गई। बीएआईएफ द्वारा संचालित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का निरीक्षण करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी, गया को दिया गया।

### नालंदा में टेंपो पर मिला था फल व्यवसायी का शव, पिता ने दर्ज करवाया हत्या का मामला

**नालंदा।** नालंदा के लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर मोहल्ला में एक गैरेज के पास टेंपो पर फल व्यवसायी दीपनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर बाजार निवासी अनिल साव के बेटे अखिलेश कुमार (28) की लाश मिली थी। इस मामले में अनिल साव के द्वारा लहेरी थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध बेटे की हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान में जुट गई है। दरअसल फल व्यवसाय अखिलेश कुमार हर दिन की तरह 1 मई की अहले सुबह भी बाजार समिति जाने की बात कह कर घर से निकला था। 7:00 बजे के करीब उसकी पत्नी पूजा कुमारी के मोबाइल पर फोन आया कि वह टेंपो पर बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। वहा पर न तो उसकी बाइक है और ना ही मोबाइल, पॉकेट में रुपए भी नहीं है। पास में पुड़िया व इंजेक्शन फेंका हुआ है। इसके बाद घरवाले पहुंचे और अखिलेश को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी ने बताया था कि उसका पति ब्राउन शुगर और नशे का इंजेक्शन लेता था। वह नशा छोड़ने के लिए बार-बार कहती थी। वहीं इस मामलें में लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। शव के पास से नशीला पदार्थ बरामद हुआ था।



# नालंदा में विज्ञान प्रदर्शनी में स्टूडेंट्स ने दिखाया टैलेंट

## अंशु, निखिल, अंतरा, सत्यम के मॉडल को चुना गया सर्वश्रेष्ठ, फूड स्टॉल भी लगाया गया था

**निज संवाददाता। नालंदा**

शनिवार को नालंदा के हरनौत प्रखण्ड स्थित सत्य गंगा इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काट कर उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता और नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने हीमोडायलिसिस, 3डी होलोग्राम, सेक्रेटरी हाउस, लाइट फिडेलिटी, कैरी ट्रक, शोषण तंत्र, वर्षा जल संचयन, सूर्य ग्रहण



सौरमंडल, ज्वालामुखी, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, वॉटर पुरीफिकेशन, ह्यूमन लंग्स वर्किंग और जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न आकर्षक और महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पांच दर्जन से भी अधिक संख्या में स्टूडेंट्स ने इस प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। साइंस प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि, स्कूल के प्रबंधक मनोज कुमार और प्रिंसिपल सुमाली ने अंशु, निखिल, अंतरा, सत्यम, रोहित, अमन, शुभम, प्रिंस सूर्य, सोलंकी,आदित्य, वर्षा, धनराज, सुलेखा आदि सीनियर क्लास के छात्रों का मॉडल को सर्वश्रेष्ठ मॉडल के रूप में चयन किया गया।

इसके अतिरिक्त जूनीयर वर्ग में युवराज, सुरभि व अनान्या की भी सराहना की गई। इस अवसर पर छात्रों ने फूड स्टॉल भी लगाए थे। इस अवसर पर इस आयोजन में राकेश रौशन, सन्नी कुमार, गौतम, स्वस्तिका,सूरज,रवि,कमलेश,स्वीटी,प्रीति, रागिनी आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट, मां-बेटे जख्मी

**निज संवाददाता। नालंदा**



♦ मंगलसूत्र और सोने का लॉकेट लेकर भागे, लाठी से किया हमला

नालंदा में छेड़खानी का विरोध करने पर मां- बेटे के साथ मारपीट की गई है। मामला मानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। घायलों को इलाज के लिए परिजनों ने शनिवार को बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी बेटी के साथ बीती शाम शौच के लिए बाहर जा रही थी। तभी चार लड़कों ने आकर उन्हें घेर लिया और पूछने लगा कि कहां जा रही हो। इसी बीच पीछे से आ रही उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करने लगे। इसके बाद उन लोगों ने जब हो हल्ला किया तो घर वाले वहां पहुंचे। इसके बाद बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। पीछे से उसके और साथी लाठी डंडे लेकर वहां आ गए और मारपीट कर उनकी मां और भाई को जख्मी कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने उनके गले से मंगलसूत्र,कान की बाल और उनके भाई के गले से सोने का लॉकेट लेकर भाग निकले। जब भीड़ जुटने लगी तो बदमाश वहां से फरार हो गए। परिजन मारपीट,लूटपाट एवं छेड़खानी का आरोप गांव के ही कुछ लोगों पर लगा रहे हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि छेड़खानी के विरोध करने पर मारपीट की गई है। पुलिस पीड़िता से पूछताछ में जुटी हुई है। कुछ लोगों का नाम सामने आया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा 6 परीक्षा केंद्र पर 3445 परीक्षार्थी होंगे

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा के बिहार शरीफ एवं राजगीर में रविवार को 3,445 परीक्षार्थी 6 परीक्षा केंद्रों पर नीट में शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को एंट्री से पहले त्रिस्तरीय जांच से गुजरना होगा। परीक्षा दोपहर के 2:00 बजे से शुरू होकर 5 बजकर 20 मिनट तक चलेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की सिटी समन्वयक रुबीना निशात ने बताया कि प्रवेश के समय परीक्षार्थियों को अपने पास प्रवेश पत्र, एक पहचान पत्र, एक पोस्टकार्ड साइज फोटो एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो रखना होगा। इसके अलावा किसी भी प्रकार की सामग्री परीक्षार्थी अपने साथ केंद्र के अंदर नहीं ले जा सकते हैं। उन्हें उनके परीक्षा केंद्र पर ही कलम उपलब्ध कराई जाएगी। कदाचार और शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बिहार शरीफ के कैंब्रिज स्कूल पहाड़पुर, सदर अलम मेमोरियल सेकेंडरी





स्कूल कागजी मोहल्ला, सदर अलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल दिनकर नगर मोहनपुर, डीएवी स्कूल पावर ग्रिड, पीटीजेएम सरस्वती विद्या मंदिर हसनपुर राजगीर एवं आरपीएस स्कूल एकंगरसराय रोड में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर दो-दो ऑब्जर्वर व एक-एक डिप्टी ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है।

**चार सेक्शन में होंगे 200 प्रश्नः** परीक्षा में चार सेक्शन में कुल 200 प्रश्न रहेंगे। इनमें से 180 प्रश्नों का जवाब देना है। सही उत्तर देने पर चार अंक मिलेंगे। वहीं गलत उत्तर देने पर एक अंक कटेगा। परीक्षा 720 अंक की होगी।

# गया में नक्सल प्रभावित इलाके के बच्चों का जलवा

♦ ओपन नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल, फाइनल में असम को हराया

**निज संवाददाता। गया**

ओपन नेशनल चैंपियनशिप कबड्डी प्रतियोगिता में गया जिले के अतिनक्सल प्रभावित प्रखंड इमामगंज के बच्चों ने गोल्ड मेडल जीतकर बिहार का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडल जीतने वाले वाले बच्चे उन इलाकों के हैं, जहां नक्सलियों का बोलबाला रहा है। नक्सली की गोलियों से अक्सर यह इलाका खून से लाल होता रहा है। खिलाड़ियों में कोच शुभम पहलवान ने बताया कि हरिद्वार में एक सप्ताह के लिए ओपन नेशनल चैंपियनशिप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में इमामगंज प्रखंड क्षेत्र के नौ खिलाड़ियों ने भाग लिया था। देश के दर्जन भर राज्यों के नेशनल कबड्डी खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में इमामगंज क्षेत्र के इन टीम ने अपना दमखम दिखाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। उन्होंने बताया कि कबड्डी, जैवलिन थ्रो और क्रिकेट में भाग लेने वाले सारे बच्चे रानीगंज दिल्ली पब्लिक स्कूल के हैं। यह मैच 30 और 1 मई को आयोजित किया गया था जिसमें रानीगंज डीपीएस के बच्चों ने कबड्डी एवं क्रिकेट में गोल्ड मेडल हासिल किया है। वही जैवलिन थ्रो में भी





गोल्ड मेडल हासिल किया है। कबड्डी का अभ्यास नहीं रहते हुए भी बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत करते हुए यह मैच में असम को 6 पॉइंट से हरा कर फाइनल में जीत हासिल किया और गोल्ड मेडल अपने नाम कर किया। जीत के बाद सभी बच्चों को हरिद्वार के विधायक संजय गुप्ता ने बच्चों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। टीम की अगुआई शुभम पहलवान और और धनंजय मिश्रा ने की। वही सफल प्रतिभागी बच्चे कबड्डी में सत्यम कुमार,ऋषभ राज,अभिषेक रंजन, सोनू कुमार,आर्यन कुमार है। जबकि जैवलिन थ्रो में जयप्रकाश कुमार और क्रिकेट में आयुष रंजन, पीयूष कुमार, सत्यम कुमार शामिल है। जो इन सभी को गोल्ड मेडल मिला है। वही जीत के बाद इन सभी सफल प्रतिभागी बच्चों को दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीगंज के डायरेक्टर दिनेश कुमार सिन्हा एवं स्वाति लुकास, मुकेश कुमार, आशुतोष कुमार, कीर्ति , पूजा सहित प्रखंड वासियों ने बच्चों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 6 चोर का गांव वालों ने सिर मुंडवाया, पंचायत के फरमान के बाद गांव में भी घुमाया, पुलिस का दावा- SIT गठित कर हमने दबोचा

**निज संवाददाता। गया**

गया जिले के गुरारू पुलिस ने मोटर पम्प चुराने वाले 3 लड़कों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 3 नाबालिग को भी पकड़ा है। पुलिस का दावा है कि केस दर्ज किए जाने के 4 घण्टे के भीतर ही चोरी कांड का खुलासा कर दिया। लेकिन सच्चाई यह नहीं है। चोरों को ग्रामीणों ने न केवल पकड़ा बल्कि एक पंचायत लगा कर चोरों के पहले सिर मुंडवाए गए और फिर गांव में भी घुमाया गया। इस बीच पुलिस को भनक लगी तो वह गांव वालों के चंगुल से चोरी करने वाले लड़के को छुड़ा कर थाने ले गई। इसके बाद उसने नए सिरे से कहानी का प्लॉट तैयार कर अपनी उपलब्धि गिनाने में जुट गई।

**पहले चोरी की घटनाः** 29 अप्रैल की रात में गुरारू के रोदामठ रामू बिगहा के रहने वाले ईश्वर यादव के खेत में लगे केबिन से चोर मोटर पम्प चुरा ले जाते हैं। चोरी की घटना के दो दिन बाद 2 मई को गांव वालों को पता चलता है कि दो युवक चोरी की मोटर बेचने की फिराक में हैं। इस पर गांव वाले सक्रिय हुए और उन दोनों लड़कों



को पकड़ लिया। पकड़े गए लड़कों की मदद से अन्य 4 लड़कों को भी ग्रामीण पकड़ लेते है। यानी कुल छह लड़के पकड़े जाते हैं। इसके बाद गांव में पंचायत लगती है जहां उन लड़कों की धुनाई होती है। यही नहीं उस पंचायत में फरमान जारी होता है कि चोरी करने वाले सभी लड़कों के सिर का मुंडन कर दिया जाए और गांव में घुमाया जाए। पंचायत के फरमान पर चोरी करने वाले सभी लड़कों के सिर बेतरतीब तरीके से मुड़ दिए जाते हैं और फिर उन्हें गांव में घुमाने की तैयारी की जाती है। लेकिन इस बीच गुरारू की पुलिस को गांव में हो रहे तमाशे की भनक लग जाती है। पुलिस मौके पर पहुंचती है और सभी लड़कों को अपने कब्जे ले लेती है।

**अब पुलिस की कहानी कीः** पुलिस का कहना है कि वादी ईश्वर यादव द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि इनके खेत में सबमर्सिबल लगा हुआ था। रात में ब्रजेश कुमार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उक्त सबमर्सिबल को बोरिंग से निकला कर चोरी कर लिया। सुबह मे वो जब ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन कर रहे थे, तो सूचना मिली की दो लड़के सबमर्सिबल लेकर बेचने जा रहे हैं।

जिसे ग्रामीणों के सहयोग से सबमर्सिबल के साथ दोनों लड़कों को पकड़ कर गुरारू थाना को सुपुर्द किया गया। इस संबंध में गुरारू थाना द्वारा कांड संख्या-72/24, दिनांक-02.05.2024, धारा- 379/414/34 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में ब्रजेश कुमार,रंजीत कुमार और इम्तेयाज अंसारी शामिल है। इसके अलावा तीन विधि विरूद्ध बालक भी निरुद्ध किए गए हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से लोको पायलट की मौत, 7 दिन में कोडरमा रेल खंड पर 5 मौत

**निज संवाददाता। गया**

गया-कोडरमा रेल खण्ड पर बीते दस दिनों में 5 शव मानपुर से लेकर पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के बीच बरामद किए गए है। शनिवार को भी तड़के एक हादसा हुआ है। इसमें लोको पायलट ही ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। बीते एक सप्ताह में मारे गए लोगों में एक हत्या थी तो दूसरे की अब तक शिनाख्त नहीं पाई है। शेष के बारे में खुदकुशी या फिर ट्रेन की चपेट में आने की बात कही जा रही है। हालांकि, स्पष्ट नहीं हो सका है कि उन मरने वालों ने खुदकुशी की है फिर वह एक हादसा था। ऐसा नहीं है कि गया कोडरमा रेलखंड पर पहाड़पुर रेलवे स्टेशन रेल लाइन के बीच रेलवे फाटक की कमी है। मानपुर से



लेकर पहाड़पुर रेलवे स्टेशन तक 6 बड़े छोटे रेलवे फाटक हैं। बावजूद इसके ट्रेन की चपेट में आने की बात सामने आती है।

**लगातार हो रहे हादसेः** बीती 26 अप्रैल की सुबह गया कोडरमा रेल खण्ड के टनकुप्पा रेलवे स्टेशन के मिश्रीचक रेलवे ट्रैक के पास से एक नाबालिग युवती का शव बरामद किया गया था। युवती का सिर धड़ से अलग था। काफी छानबीन के बाद पुलिस को पता चला कि नाबालिग युवती प्रतिमा की हत्या की गई है। दूसरा 23 अप्रैल की सुबह सुबह पहाड़पुर फतेहपुर के पास से युवक का शव बरामद होता है। इस युवक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। शेष तीन की बॉडी अलग अलग दिन पहाड़पुर रेल क्षेत्र से बीते महीने के अंतिम सप्ताह में बरामद किए गए हैं। इसमें से एक ने खुदकुशी है तो अन्य की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई। बीते शुक्रवार को बागेश्वरी गुमटी के पास भी हुए हादसे में एक युवक की जान चली गई थी। शनिवार की सुबह भी ट्रेन रन ओवर में एक लोको पायलट की जान चली गई है।

इधर गुरपा रेलवे प्रभारी का कहना है कि गया कोडरमा रेल खण्ड से बड़ी संख्या में गांव हैं। अधिकतर रेलवे ट्रैक से कम दूरी पर ही है। इस वजह से कहीं न कहीं कुछ न कुछ अनहोनी हो जाती है। ट्रेन की चपेट में आने की बात जहां तक है वह लोगों की सीधी लापरवाही है। रेलवे अपनी ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाता रहता है।

## गया में गर्म हवा और लू का खौफ

# स्वास्थ्य विभाग ANM, आंगनबाड़ी और शिक्षकों को बचाव की दे रहे हैं ट्रेनिंग

**निज संवाददाता। गया**

गया में गर्म हवा और लू का खौफ आम अवाम के साथ ही अब जिला प्रशासन पर भी दिखने लगा है। जिला प्रशासन की पहल पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा हीट स्ट्रोक से बचाव, लक्षण, कारण और प्राथमिक उपचार संबंधी प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारियों और सहयोगी संस्थाओं के अधिकारियों की टीम तैयार की गयी है। जिला स्वास्थ्य समिति के DPM नीलेश कुमार ने बताया कि गर्म हवाओं और लू के दौरान लोगों के स्वास्थ्य विशेष तौर पर बच्चों, गर्भवती माताओं और बुर्जुगों की सुरक्षा और एईएस-जेई से बचाव को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम द्वारा विभिन्न प्रखंडों में लू लगने के लक्षणों और बचाव, जागरूकता प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस ट्रेनिंग में सभी एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, शिक्षक और पंचायती राज प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। डुमरिया, इमामगंज, मोहनपुर, बोधगया, खिजरसराय, बेलागंज, बांकेबाजार, आमस सहित दूसरे प्रखंडों यह प्रशिक्षण सात मई तक चलेगा। दो सदस्यी टीम में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक, यूनिसेफ से संजय कुमार, डीआईओ डॉ राजीव अंबष्ट और विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ, संचारी रोग पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार तथा पीरामल स्वास्थ्य से नीरज कुमार शामिल हैं। यह प्रशिक्षण सात मई तक विभिन्न प्रखंडों में चलेगा।

**DM के आदेश पर चल रहा है प्रशिक्षणः** जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के निर्देश के आलोक में पहले चरण में लू से बचाव के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। चार



मई को इमामगंज, बेलागंज तथा बोधगया, छह मई को बांकेबाजार तथा सात मई को आमस प्रखंड में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। डुमरिया तथा खिजरसराय में हुआ प्रशिक्षणहीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर शुक्रवार को डुमरिया, मोहनपुर तथा खिजरसराय में डॉ एमई हक, डॉ राजीव अंबष्ट तथा डॉ पंकज कुमार द्वारा जरूरी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बताया गया कि गर्भवती महिलाएं लू से बचें। शरीर में पानी की कमी का खतरा गर्भ में पल रहे शिशु पर भी पड़ सकता है। लू लगने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। इससे चक्कर आना, भूख नहीं लगना, सिरदर्द व बेहोशी तक हो सकती है। हल्के, ढ़ीले तथा सूती कपड़े पहनें।

**लू लगने के लक्षणों की रखें जानकारीः** लू लगने पर सिर में तेज दर्द होना, चक्कर आना और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं होती हैं। लू लगने पर अचानक से तेज बुखार आता है और शरीर से पसीना नहीं निकलता है। उल्टी आना और शरीर में तेज दर्द के साथ कमजोरी लगती है। व्यक्ति के बेहोश होने की भी संभावना होती है। लू लगे व्यक्ति का प्राथमिक उपचारलू लगने पर मरीज को तुरंत छायादार जगह पर या ठंडी जगह पर लिटा दें। शरीर को ठंडा रखने के लिए शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां लगाएं। घर के खिड़की दरवाजे खोल दें और कूलर या एसी चालू कर दें। मरीज लू लगने से बेहोश हो गया है तो तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं।

### मायके पक्ष ने दहेज को लेकर ससुराल पक्ष के ऊपर गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप

# संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत, दो बच्चियों के सिर से उठा मां का साया



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के कुछीला थाना क्षेत्र के मुखराव गांव में संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई। ससुराल पक्ष द्वारा मैके वालों को जब जानकारी दी गई तो मायके वालों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी गई और जब मायके वाले ससुराल पहुंचे तो देखा घर के अंदर शव को लिटाया गया था। कुछीला थाना की पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को लेकर अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाई। मायके पक्ष ने दहेज को लेकर ससुराल पक्ष के ऊपर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। डीएसपी दिलीप कुमार ने कहा कि पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। शव घर में फंदे से लटकता हुआ पाया गया था। मृत महिला आकाश कुमार की 26 वर्षीय पत्नी राजमणि देवी है। उसे 2 साल की दो जुड़वा बेटियां हैं। लड़की के पिता अश्विनी राम ने बताया कि बीती रात 12 बजे लड़की हम लोगों से रो-रो कर बात कर रही थी।

तभी 2 बजे रात में उसके ससुर पन्ना राम का फोन आया कि आपकी लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब हम लोग आज पहुंचे हैं तो पुलिस पहले से मौजूद थी। शव को घर में लिटाया गया था। दहेज को लेकर मेरी लड़की को इन लोगों ने प्रताड़ित किया जा रहा था और गला दबाकर हत्या कर दी गई है। लड़की के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं। उनके घर में कहीं भी फांसी लगाने का जगह नहीं है जिससे लड़की फांसी लगा ली है अब हमें न्याय चाहिए। मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि एक विवाहिता की फंदे से लटकती हुई डेड बॉडी उसके घर से बरामद की गई है। आत्महत्या का मामला देखने से लग रहा है। मायके पक्ष ने हत्या की बात कही है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## विभिन्न जगहों पर सड़क दुर्घटना में 24 घण्टे के अंदर आधा दर्जन लोग घायल

निज संवाददाता



**कुर्था (अरवल)।** स्थानीय कुर्था प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर 24 घंटे के भीतर आधा दर्जन व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में अरकुर निवासी 22 वर्षीय वीरेंद्र कुमार पिता अवधेश यादव ने बताया की ज्यूँ ही सूरा वाईपास की और बढ़े थे उसी समय सामने से तेज गति में आ रही मोटरसाइकिल से सीधी टक्कर हो गई। जब तक हम संभल पाते तब तक वो भाग खड़ा हुआ। दूसरी तरफ सच्चई मोड़ पर वाईपास के निकट एक तेज गति से आ रही बोलोरो गाड़ी ने एक मोटरसाइकिल को सामने से ठोक दिया जिसमे एक 3 वर्षीय बच्चे के साथ उनके माता व पिता सरिता कुमारी एवं शैलेश कुमार घायल हो गए तो तीसरी घटना पंचतीर्थ के रास्ते मे घटी जहां पालीगंज के रहने वाली रूनी देवी घायल हो गई। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था कराया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सक ने बताया सभी खतरे से बाहर है।

# बालू लदे चार ओवरलोडेड ट्रक को जब्त रोहतास से कैमूर में कर रहे थे प्रवेश

निज संवाददाता



**मोहनिया (कैमूर)।** रोहतास से बालू लोड कर चार ओवरलोडेड ट्रक कैमूर के कुदरा थाना की सीमा को आसानी से पार करते हुए मोहनिया में प्रवेश कर गए। जबकि कैमूर डीएम सावन कुमार का सख्त निर्देश है कि जिले के कुदरा से कोई भी ओवरलोडेड बालू गाड़ी कैमूर में प्रवेश न करे। मोहनिया थाना की पुलिस को जैसे ही गुप्त सूचना मिली तभी पुलिस मोहनिया थाना क्षेत्र के कौड़ीराम के पास एनएच 2 से इन चारों ट्रकों को जब्त कर लिया। इन ट्रकों पर क्षमता से दोगुना बालू लोड था। इन तीन ट्रकों से परिवहन और खनन विभाग ने 10 लाख रुपए का जुर्माना वसूल कर लिया है। चौथे ट्रक पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी देते हुए मोहनिया डीएसपी मुख्यालय गजेंद्र कुमार ने बताया कि कुदरा की तरफ से बालू की चार ओवरलोडेड गाड़ियां मोहनिया में प्रवेश की थी। बालू लदे चारों ओवरलोडेड ट्रक को जब्त कर लिया गया। तीन ट्रकों से 10 लाख जुर्माना वसूल किया जा चुका है। चौथा ट्रक पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं में आठ घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट की हुई घटनाओं में नानी-नाती सहित आठ लोग घायल हो गए। घायल जिले के सोनहन की तेतरा कुमारी, उसका नाती विकास कुमार गुप्ता, भगवानपुर थाना क्षेत्र के मकरीखोह निवासी मोती शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोड़सरा की चानी देवी, रामपुर लोहदी की सविता देवी, मोहनियां थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार की पत्नी रीता देवी, भगवानपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी मुन्ना यादव की 35 वर्षीया पत्नी चानी देवी शामिल हैं। सोनहन गांव में हुई मारपीट में तेतरा व विकास घायल हो गए। विकास ने बताया कि नाना के पट्टीदार से दो पक्षों में भूमि विवाद चल रहा था। दूसरे पक्ष के लोग आए परिजनों के बारे में पूछने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारने लगे। अनंतपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर पति ने रीता की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। रीता ने बताया कि उसका पति बाइक, 50 हजार रुपया नकद, जमीन की मांग कर रहा था। देने से इंकार करने पर लाठी-डंडा व चाकू से मारकर घायल कर दिया। गौरा गांव में शराब के नशे में धूत पति ने पत्नी चानी देवी को घायल कर दिया। शराब पीकर रात में आया तो सो गया। देर रात खाना मांगने लगा। वह खाना बनाने गई, तो गाली ग्लौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

## डीएम के निर्देश पर मेहंदिया और कलेर थाना में देसी-विदेशी शराब को किया गया विनष्टीकरण

निज संसवाददाता



**कलेर (जहानाबाद)।** जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना द्वारा जप्त की गई देसी एवं विदेशी शराब को विनिष्टीकरण किया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी सर्वेश कुमार सिन्हा उत्पाद निरीक्षक राधिका कुमारी तथा उत्पाद अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के उपस्थिति में शराब को नष्ट किया गया। इस मौके पर अंचल अधिकारी सर्वेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मेहंदिया थाना परिसर में जिले के विभिन्न थाना एवं मद्ध निषेध विभाग द्वारा जप्त की गई 656 लीटर देसी के अलावे 10 लीटर विदेशी शराब को विनिष्टीकरण किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि कलेर पुलिस के द्वारा जप्त की गई भारी मात्रा में विदेशी शराब पर बुलडोजर चलाया गया।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि 5 हजार दो सौ लीटर विभिन्न कंपनियां की विदेशी शराब को कलेर थाना परिसर में विशिष्ट किया गया है। इस मौके पर कड़ी सुरक्षा के बीच कैमरे की निगरानी में शराब को विनिष्टीकरण किया गया इस दौरान जिले के सभी थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## राज्य-केन्द्र में बनेगी एनडीए की सरकार, विकास कार्यों में होगी तेजी : उपेंद्र कुशवाहा

निज संवाददाता



**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत डेहरी आन सोन में शनिवार को एनडीए प्रत्याशी सह आरएलएम सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में चंद्रवंशी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक जदयू के वरिष्ठ नेता बिंदा चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपेंद्र कुशवाहा के साथ-साथ मुख्य रूप से बीजेपी के राज्यसभा सांसद डॉक्टर भीम सिंह चंद्रवंशी एवं जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी शामिल हुए। जहां सर्वप्रथम चंद्रवंशी समाज के कई नेताओं ने बारी-बारी से सभा को संबोधित किया और सभी लोगों ने पूरी एकजुटता से उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। बैठक को संबोधित करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2014 में जिस तरह काराकाट क्षेत्र की जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया और इस क्षेत्र के विकास करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ, आज एक बार फिर मैं आप सबसे आशीर्वाद की अपेक्षा रखता हूं। उन्होंने कहा कि पिछली बार राज्य में अनुकूल परिस्थिति नहीं होने के कारण क्षेत्र के कई विकास कार्य प्रभावित हुए लेकिन इस बार केंद्र और राज्य दोनों जगह एनडीए की सरकार बनने वाली है जिससे विकास कार्यों को तेजी मिलेगी। डालमियानगर रेल कारखाने के चालू करने की दिशा में मेरे द्वारा जो भी कार्य किए गए उसके बाद इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया लेकिन अब एक बार फिर अगर आपका आशीर्वाद मिलता है तो इसे जल्द से जल्द चालू किया जाएगा। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि चंद्रवंशी समाज का समर्थन देख काफी उत्साहित हूं और आप लोग अब पूरे दम खम से अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव की तैयारी में जुट जाइए। वहीं अपने संबोधन में बीजेपी के राज्यसभा सांसद भीम सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज को जो सम्मान भाजपा एवं जदयू ने दिया है वैसा सम्मान महागठबंधन में कभी नहीं मिला। उपेंद्र कुशवाहा को क्षेत्र से जीता कर हम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। महागठबंधन पर टिप्पणी करते हुए भीम सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि आज तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद यादव के राह पर हीं चल रहे हैं। जिस तरह लालू यादव एक मस्खरे नेता के रूप में जाने जाते थे उसी तरह तेजस्वी यादव भी व्यवहार कर रहे हैं। तेजस्वी यादव मानते हैं कि उनके माता-पिता ने बिहार में कोई विकास कार्य नहीं किया, तभी तो वे अपने पिता के कार्यकाल की तुलना नीतीश कुमार के कार्यकाल से नहीं कर रहे हैं। इस दौरान बैठक में उपस्थित जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी में कहा कि आज चंद्रवंशी समाज ने अपनी एकजुटता व ताकत दिखा दी है। जिसे अब वोट में तब्दील कर हमें उपेंद्र कुशवाहा को संसद तक पहुंचना है। नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में जो भारत को सम्मान दिलाया है इससे पहले भारत को कभी नहीं मिला। मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, युवा प्रदेश महासचिव सह मिडिया प्रभारी विशाल सिंह, आरएल एम के सुभाष चंद्रवंशी, भाजपा के प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा नेता कुंवर जी, अशोक चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, नागेंद्र चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, सुखदेव चंद्रवंशी, शोभा चंद्रवंशी, सरिता चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, रूपेश चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित रहे।

## आग से बचाव हेतु जागरूकता अभियान



निज संवाददाता

**पटना।** पटना में आग से बचाव और सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन और अग्नि दस्ते की टीम लोगों को जागरूक कर रही है। आग लगने के तुरंत बाद क्या करें। इससे कैसे बचा जा सकता है, इसकी जानकारी दी जा रही है। अग्नि विभाग के डीआईजी एमके चौधरी ने बताया कि गर्मी के दिनों में आग लगने की घटना बढ़ जाती है। खासकर झुग्गियों में अगलगी की घटना ज्यादा होती है। जिसके कारण लाखों की संपत्ति का नुकसान हो जाता है। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस कड़ी में स्लम एरिया में आग से बचने के तरीके बताए गए। लोगों को बताया गया कि घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने से घबराएं नहीं। गीले कपड़े या बाल्टी का इस्तेमाल करें। सतर्क रहें और तुरंत विभाग को इसकी जानकारी दें। स्लम एरिया के लोगों ने आग से बचाव के तरीके को गंभीरता से सीखा। आगे कभी भी इस तरह की घटना होने पर खुद ही बचाव की कोशिश का दावा किया है। बता दें, 25 अप्रैल को पटना के पाल होटल में भीषण आग लग गई थी।

## भीषण गर्मी व लू की थपेड़ों को लेकर रेल यात्रियों के बीच ओआरएस का वितरण



निज संवाददाता

**सासाराम।** भीषण गर्मी एवं लू की थपेड़ों को देखते हुए रेलवे अस्पताल डेहरी ऑन सोन द्वारा शनिवार को सासाराम रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के बीच ओआरएस पैकेट का वितरण किया गया। इस दौरान रेलवे अस्पताल के चिकित्सकों एवं अन्य रेल कर्मियों ने यात्रियों को लू से बचने के लिए पानी, छांछ, ओआरएस, नींबू एवं अन्य तरल पदार्थ का लगातार सेवन करते रहने की सलाह दी तथा कहा कि जहां तक संभव हो दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें। अपना सिर ढक कर रखें। वहीं सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़ों का हीं इस्तेमाल करें। रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे इस अभियान का नेतृत्व रेलवे अस्पताल डेहरी ऑन सोन के डॉ हरदीप कुमार सिंह एडीएमओ/डीओएस ने किया तथा उक्त कार्यक्रम के दौरान स्टेशन मैनेजर सासाराम कौशल किशोर पांडेय, निरीक्षक आरपीएफ सासाराम संजीव कुमार, मृत्युंजय सीएचएल, वरुण मल्होत्रा स्वास्थ्य निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### सात दिवसीय यज्ञ की पूर्णाहुति पर प्रीतिभोज का आयोजन

**जहानाबाद (नि.सं.)।** गोइंद गांव में सात दिवसीय यज्ञ की पूर्णाहुति पर प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से शिक्षा देने वाले विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सफलतापूर्वक यज्ञ की समाप्ति के दौरान गांव में समरसता कायम करने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के अलावे अन्य जगहों के लोग जाति धर्म का भेद भूलाकर एक साथ प्रीतिभोज में शामिल हुए एवं अनेक तरह के व्यंजनों का आनंद लिया। अर्थात इस आयोजन के माध्यम से समाज के सभी लोगों को एक साथ भोजन कराया गया जिससे सामाजिक समरसता में वृद्धि हो सके। उन्होंने बताया कि जितना खाना की जरूरत हो उतना ही सामग्री परोसा गया था ताकि भोजन की बर्बादी नहीं हो सके।

## पुलिस ने सड़क पर पत्थर लगाकर लूट की योजना बना रहे चार अपराधियों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**दुर्गावती (कैमूर)।** कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र के ईसरी गांव के पास सड़क पर पत्थर लगाकर लूट की योजना बना रहे चार शातिर अपराधियों को दुर्गावती पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से चाकू, चोरी की बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने पूछताछ करते हुए सभी का मेडिकल जांच करा कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में चांद थाना क्षेत्र के छोटका अमाव गांव के अभिषेक सिंह, कलौरा गांव के सोनू यादव और प्रिंस यादव और दुर्गावती थाना क्षेत्र के इसरी गांव के निलेश ठाकुर शामिल हैं। मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि डायल 112 को सूचना मिली थी कि दुर्गावती थाना क्षेत्र के ईसरी गांव के पास सड़क पर कुछ 5 से 6 की संख्या में अपराधी पत्थर लगाकर रोड को अवरुद्ध किया है। गुप्त सूचना पर सत्यापन को लेकर पुलिस एक टीम बनाकर जब इसरी गांव के पास पहुंची तो पुलिया के पास कुछ लोग संदिग्ध स्थिति में दिखे तो उनको पकड़ा गया। जब उनकी तलाशी ली गई तो काला रंग का पुराना गमछा बरामद हुआ, जिसमें बड़ा-बड़ा गिट्टी बंधा हुआ था। उनके पास से एक बाइक मिली जिसके बारे में पूछने पर उनका कागजात इन लोगों द्वारा नहीं दिखाया गया। पूछने पर उन्होंने बताया कि सड़क अवरुद्ध कर बाइक सवारों को लूटने की योजना बना रहे थे। गमछा में गिट्टी बांधकर बाइक सवारों पर पीछे से हमला किया जाता है। इससे बाइक सवार गिर जाते और उनके पास मौजूद बाइक और पैसों को लूट लिया जाता है।

## तीन परीक्षा केंद्रों पर स्नातक पार्ट-टू वर्ष की परीक्षा पहले दिन दो पालियों में शांतिपूर्ण संपन्न

- सघन जांच कर नकलची पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रखा गया पैनी नजर

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज शहर के तीन परीक्षा केंद्रों पर स्नातक पार्ट-टू वर्ष की परीक्षा पहले दिन दो पालियों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। संचालित परीक्षा के पहले दिन वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त परीक्षा के कारण परीक्षार्थियों के होश उड़ गए। वहीं परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर सघन जांच देख कुछ मुन्ना भाई महाविद्यालय प्रशासन के डर से भाग खड़े हुए। ज्ञात हो कि शहर के तीन परीक्षा केंद्रों तहत वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में परीक्षार्थियों की संख्या 2826, अंजबित सिंह महाविद्यालय 1758 व इंदु तपेश्वर महिला कॉलेज में 1535 है। पहले दिन संचालित परीक्षा के प्रथम पाली में ग्रुप-ए विषय की विज्ञान व दूसरी पाली ग्रुप-बी विषय की कला संकाय सहित स्पेशल विषय की परीक्षा थी। जिसमें किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई भी परीक्षार्थी निष्कासित नही हुए। लेकिन अनुपस्थित जरूर रहें। वही वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों में सख्ती को लेकर उनके जुबां पर काफी चर्चा थी। वही तीन परीक्षा केंद्रों में सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या वीर कुंवर सिंह केंद्र परीक्षा केंद्र पर है। पहले दिन सख्ती पूर्ण संपन्न परीक्षा के संबंध में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र में मुन्ना भाई, मोबाईल, ब्लूटूथ, गेस पेपर, इलेक्ट्रानिक उपकरण सहित अन्य चिट पुर्जे के विरुद्ध परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर सघन जांच कर नकलची पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखा गया। वही इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय परीक्षा केंद्राधीक्षक बिनोद कुमार सिंह भी पहले दिन परीक्षा केंद्र पर नकल के प्रति काफी सख्त नजर आए।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक घायल, सदर अस्पताल रेफर

**जहानाबाद(नि.सं.)।** सोहसा चंदा रोड रोड पर ट्रैक्टर पलट जाने से अफरा तफरी का माहौल हो गया क्योंकि इसके नीचे चालक दबा हुआ था। इस स्थिति को देखते हुए ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचने लगे तथा ट्रैक्टर से दबे हुए चालक को निकालने के लिए कवायद करने लगे। हालांकि कुछ क्षणो बाद चालक को निकाल लिया गया और प्राथमिक इलाज हेतु हेल्थ एवं बैलेंस सेंटर चंदा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वहां के चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल चालक ग्राम ओझा बीघा गांव का रहने वाला बॉबी कुमार उम्र 18 वर्ष पिता मिथिलेश पासवान के रूप में चिन्हित किया गया है। इस घटना को लेकर प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बालू लोडिंग के लिए एक दूसरे ट्रैक्टर से ओवरटेकिंग के दौरान ऐसी घटना घटी है। लोगों ने बताया कि इस सड़क पर ऐसी घटना पहली बार नहीं हुआ है बल्कि अनेकों बार कभी ट्रक तो कभी ट्रैक्टर पलट जाती है। जिसमें कई लोगों को जान भी चली गई है जिसका मुख्य वजह है दिन भर में ज्यादा से ज्यादा बालू का लोडिंग करने की प्रतिस्पर्धा है।

### अपराधियों की धर पकड़ को लेकर छापेमारी कर रही पुलिस

## अपराधियों ने निर्माण कार्य में लगे मजदूर को मारी गोली, घायल

निज संवाददाता



**सोनहन (कैमूर)।** कैमूर के सोनहन थाना क्षेत्र के तरहनी गांव में घर निर्माण कार्य में लगे मजदूर को गांव के ही एक बदमाश युवक ने गोली मारकर घायल कर दिया। हाथ और पैर में दो जगह गोली लगने के निशान पाए गए हैं। गांव के लोगों ने घायल मजदूर को उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा। पुलिस ने अपराधी की धर पकड़ को लेकर छापेमारी तेज कर दी है। घायल व्यक्ति सोनहन थाना क्षेत्र के तरहनी गांव का गणेश साह है। घायल गणेश कुमार ने बताया कि तरहनी गांव में घर बनाने के लिए मजदूरी कर रहे थे, तभी गांव के गोविंद सिंह तीन दिन से साइट पर आकर गाली गलौज कर रहा था।

हम सीमेंट का बोरा खोल रहे थे। उन्होंने आकर मकान बनवा रहे मलिक को खोजा, नहीं मिले तो मुझे दो गोली मार कर घायल कर दिया। एक गोली हाथ में और दूसरी पैर में लगी है। इसके बाद उपचार को लेकर सदर अस्पताल भभुआ लाया गया है। घर बनवा रहे रविंद्र कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर आकर डायरेक्ट गोली मारने लगा। पहले भी कई बार वह निर्माण स्थल पर आकर गाली गलौज किया करते थे। आज वह मुझे खोजने के लिए आए, जब हम नहीं मिले तो मजदूर को गोली उनके द्वारा मार दिया गया है। उनके द्वारा पिस्टल से 5 फायर किया गया है। जिसमें एक पैर और एक हाथ में गोली लगा है। जानकारी हुआ तो उनको उपचार के लिए अस्पताल लाए हैं। सोनहन थाना की एएसआई मेनका कुमारी ने बताया कि तरहनी में एक व्यक्ति को गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गए। उनका उपचार करने के लिए अस्पताल लाया गया है। आपसी विवाद में गोली मारने की बात सामने आ रही है। गिरफ्तार आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर छापामारी किया जा रहा है। घायल व्यक्ति वहां पर मजदूरी करता था।

## भूमि एवं जल संरक्षण के लिए निर्मित योजनाओं की अधिकरियों ने की जांच

**जहानाबाद (नि.सं.)।** जिले में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा भूमि एवं जल संरक्षण के लिए निर्मित विभिन्न योजनाओं की विभागीय अधिकरियों की टीम के द्वारा जांच की गई। इंजीनियर शशि शेखर मंडल उपनिदेशक कृषि अभियंत्रण भूमि संरक्षण मुख्यालय पटना, इंजीनियर अमन कुमार रवि सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण भूमि संरक्षण मुख्यालय पटना, उपेंद्र कुमार सहायक निदेशक (शस्य) भूमि संरक्षण कार्यालय अरवल के द्वारा जिले के मखदुमपुर प्रखंड के सुगाव, खरौना, भैख, परसौना, अंगूर बगान, देवकली, सुकना बीघा एवं रतनी प्रखंड के गपोचक में सात निश्चय पार्ट 2 के तहत निर्मित पीसीडी की गहन जांच की गई। साथ ही अधिकारियों ने राज्य योजना एवं डब्लूडीसी- पीएमकएसवाई 2.0 के तहत निर्मित आहर जीर्णोद्धार/पइन जीर्णोद्धार/ एसडीडी निर्माण की योजनाओं का क्षेत्र भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण में योजनाओं के निर्माण को संतोषप्रद पाया गया तथा वर्तमान में कुआं की योजना को तेज गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 810 वाहन से वसूला 1,44,500 रुपया जुर्माना

**आरा**। आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 810 वाहनों की जांच कर 1,44,500 रुपया जुर्माना की वसूल किया है। एसपी नीरज सिंह ने अगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए शराव और अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 810 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 1,44,500 रुपया जुर्माना वसूला है। वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारियों ने बताया की इस तरह की करवाई आगे भी हमेशा चलता रहेगा। इसके पहले भी कई बार वाहन चेकिंग चलाकर लाखों रुपया का जुर्माना वसूला गया है।

### डॉ चंद्रगुप्त अशोक वर्धन शिक्षाविद और कुशल लेखक थे : बलिराज

**आरा**। सेवा निवृत्त आईएएस डॉ चंद्रगुप्त अशोक वर्धन के असामयिक निधन पर भोजपुर हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने शोक सभा किया। जिसकी अध्यक्षता प्रो बलिराज ठाकुर ने की। पूर्व कुलपति प्रो दुर्ग विजय सिंह ने कहा कि छात्र जीवन में ही अशोक वर्धन ने जय प्रकाश नारायण के आन्दोलन में भाग लिया था। वे अपने साहित्यकार पिता प्रो रामेश्वर नाथ तिवारी की तरह ही सादा जीवन और उच्च साहित्य साधना में संलग्न व्यक्तित्व थे। प्रो बलिराज ठाकुर ने कहा कि अशोक वर्धन जी के आकस्मिक निधन से एक अपूरणीय क्षति हुई है। वे प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ-साथ शिक्षाविद और कुशल लेखक भी थे। मौके पर आचार्य भारतभूषण पाण्डेय, प्रो नंद जी दूबे, प्रो अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, प्रो दिवाकर पांडेय, प्रो महेश सिंह, शिवदास सिंह, संतोष तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### नाटक की बारीकियों से छात्राओं को परिचय कराया, रंगमंच को प्रतिभा का माध्यम बताया

ठमहंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में ड्रामा क्लब द्वारा धूमिल की कविता का काव्य पाठ और "मोचीराम' पर काव्य नाटक हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मत्स्य पदाधिकारी चंद्रभूषण पाण्डेय थे। उन्होंने निर्देशक का काम भी किया है। वे नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से भी जुड़े रहे हैं। नाटक विशेषज्ञ के रूप में अपनी उपस्थिति से उन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कहा कि नाटक की बारीकियों से छात्राओं का परिचय कराया । रंगमंच को प्रतिभा के मंचन का माध्यम बताया । रंगकर्म से जुड़ने पर व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास की बात पर बल दिया। प्राचार्या प्रो. मीना कुमारी ने अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें तुलसी का पौधा और एक नाटक की पुस्तक भेंट कीं । उन्होंने धूमिल के जीवन से परिचय कराया और रोटी व सांसद कविता का काव्य पाठ किया। तीनों वर्गों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की । हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुधा निकेतन रंजनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। उनके निर्देशन में नाटक का मंचन हुआ। इस कार्यक्रम में शोधार्थी दुर्गेश नंदिनी ने पटकथा कविता के काव्यांश का पाठ किया। हिंदी प्रतिष्ठा के अंतिम वर्ष की छात्रा माधुरी ने भी काव्य पाठ किया । इसके उपरांत कोमल, ज्योति, जागृति, माधुरी एवं खुशी ने "मोचीराम' पर काव्य- नाटक प्रस्तुति की। मौके पर डॉ स्मृति चौधरी, डॉ सादिया हबीब, डॉ स्मिता कुमारी, डॉ सुप्रिया, डॉ मनोज कुमार,डॉ अंजु कुमारी, डॉ प्रीति कुमारी,डॉ शिल्पा, डॉ राखी सिन्हा, डॉ खुशबू कुमारी, डॉ रजनी नरसारिया, डॉ अमरेश कुमार, डॉ जुगल, डॉ पुनम कुमारी, डॉ स्वाति, डॉ कचन, स्नेहा शर्मा और डॉ राजबाला सहित अन्य शामिल थे। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुधा निकेतन रंजनी ने किया।

### विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दो लोग घायल, एक गिरफ्तार

**बक्सर**। राजपुर थाना क्षेत्र के निकृष गांव में पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्ष के लोग जख्मी हो गए। दोनों पक्षों के द्वारा राजपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजपुर पुलिस के मुताबिक निकृष गांव के राधिका देवी और रामाकांत शर्मा के बीच एक मई को विवाद हो गया। विवाद में मारपीट हो गई। मारपीट में राधिका देवी का सिर फट गया और एक अन्य को गंभीर चोट आई। मामले को लेकर जख्मी महिला ने राजपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं रामाकांत शर्मा ने भी एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा कि राधिका देवी का पुत्र उनके बच्चियों को राह चलते अभद्र भाषा का प्रयोग और छेड़छाड़ करता था। मना करने गए तो उनके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रामाकांत शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### वीकेएसयू ने एलएलबी का जारी किया प्रोग्राम

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने एलएलबी सेमेस्टर सिक्स सत्र, 2018 -21 और एलएलबी सेमेस्टर फाइव सत्र, 2019-22 की परीक्षा का प्रोग्राम जारी कर दिया है। उक्त दोनों सेमेस्टर की परीक्षा 11 से 15 मई तक दो पाली में होगी। प्रथम पाली में एलएलबी सेमेस्टर फाइव की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। वही दूसरी पाली में एलएलबी सेमेस्टर सिक्स की परीक्षा दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक होगी। परीक्षा के लिए भोजपुर, बक्सर और रोहतास जिले में एक-एक केंद्र बनाया गया है। महाराजा लॉ कॉलेज, आरा की परीक्षा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग में होगी। जेकेटी लॉ कॉलेज, बक्सर की परीक्षा पीसी कॉलेज, बक्सर में होगी। रोहतास लॉ कॉलेज, सासाराम की परीक्षा शकुंतलम बीएड कॉलेज, सासाराम में होगी।

### एटीएम कार्ड बदल उड़ाया 25 हजार रुपए, प्राथमिकी

**बक्सर**। शहर के आईडीबीआई एटीएम सेंटर में पैसा निकालने गई महिला का कार्ड बदल उचक्के ने 25 हजार रुपए उड़ा लिया। पीड़ित महिला ने टाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक नई बाजार के सैनिक कॉलोनी की रहने वाली पुष्पा देवी 29 अप्रैल को शहर के आईडीबीआई एटीएम सेंटर में पैसा निकालने गई थी । सेंटर में मौजूद एक युवक ने मदद करने के नाम पर महिला को झांसे में ले लिया। युवक ने महिला का एटीएम कार्ड बदल दिया। महिला के एटीएम कार्ड से उचक्के ने 25 हजार रुपए उड़ा लिया। पीड़ित महिला ने अपने बैंक को सूचित करते हुए टाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ब्रह्मपुर बीईओ के निधन पर बीआरसी में शोकसभा



**ब्रह्मपुर**। बीआरसी में मनाया गया शोक सभा प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी चंदेश्वर राम के आकस्मिक निधन पर प्रखण्ड संसाधन केंद्र ब्रह्मपुर में प्रखंड परियोजना पदाधिकारी रंजन कुमार के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमे बीआरपी उदयशंकर प्रसाद सहित प्रखंड के दर्जनों शिक्षक मो शमीम अंसारी, प्रकाश कुमार, संजय कुमार, एमडीएम प्रभारी रविकांत शर्मा,डाटा इंट्री अपरेटर कृष्णा जी, रात्रि प्रहरी श्रीभगवान, उधारी तिवारी सहित अन्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# बसपा नेता ने NDA-महागठबंधन प्रत्याशी का किया घेराव

## अनिल चौधरी बोले-झूठे वादे, जनता को गुमराह करते, बक्सर के 5 गांव के नाम नहीं पता होंगे

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में जनसंपर्क अभियान के दौरान बसपा नेता अनिल चौधरी ने भाजपा के प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी और गठबंधन से घोषित प्रत्याशी सुधाकर सिंह पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा के ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनको बक्सर के पांच गांवों का नाम तक नहीं पता है। बक्सर लोकसभा के किसी पांच गांव का नाम जिस प्रत्याशी को नहीं पता है, वो बक्सर के सर्वांगीण विकास की बात कर रहा है। क्या उनका दावा झूठा नहीं है? दूसरे रामगढ़ के विधायक हैं, विधायक रहते हुए उन्होंने रामगढ़ के विकास के लिए क्या काम किया है, यह देखने और समझने की जरूरत है। ये सामंतवादी और मनुवादी व्यवस्था से ग्रस्त लोग हमारे साथ न चलने को तैयार हैं न ही साथ निभाने को तैयार हैं। इनके द्वारा विकास की बात करना हमारे साथ बेईमानी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संविधान खतरे में है।

संविधान को बचाने के लिए आपको आगे आना पड़ेगा। भाजपा 400 पार की बात कर रही है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी आर पार की लड़ाई में है। भाजपा झूठ की पुलिंदा वाली पार्टी है। केंद्र की सरकार झूठे वादे कर जनता को गुमराह कर रही है। अनिल चौधरी ने ये सारी बात इटाढी के बिझौरा, कुकुढा, भितिहरा, खखडहीं, मंगोलपुर, हरपुर समेत दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान बोला है।

# 4 उपद्रवियों को पुलिस ने किया अरेस्ट

निज संवाददाता। आरा



**हादसे में बुजुर्ग की मौत के बाद हुआ था बवाल , 50 से ज्यादा ट्रक को किया था क्षतिग्रस्त**

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहिया-बिहटा मुख्य मार्ग पर भागलपुर मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार सब्जी विक्रेता की मौत के बाद उपद्रव मचाने,पुलिस बल पर पथराव करने एवं वाहनों को क्षतिग्रस्त कर एक ट्रक को आग के हवाले किए जाने के मामले को लेकर पीरो सीओ के बयान पर एक प्राथमिकी की गई है। जिसमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 26 उपद्रवियों को नामजद किया गया है। पुलिस ने एक्शन मोड में आते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपितों में भागलपुर दुसाधी बधार निवासी मोनू कुमार,दीपक कुमार,सरोज पासवान एवं धीरेंद्र कुमार शामिल हैं। जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। प्राथमिकी में आरोपितों पर सरकारी कर में बाधा पहुंचाने पुलिस टीम पर हमला करने एवं वाहनों को क्षतिग्रस्त कर एक ट्रक को आग के हवाले किए जाने का आरोप लगाया गया है।

**मौत के बाद हुआ था बवाल:** बता दें कि 1 मई की देर शाम पीरो थाना क्षेत्र के मसरहिया निवासी निवासी बालेश्वर राम सब्जी बिक्री कर साइकिल से वापस गांव लौट रहे थे। तभी बालू लदे बेलगाम टेलर ने उन्हें कुचल दिया था। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हाथ से एक बात गुस्सा ही भीड़ ने करीब 50 से अधिक वाहनों को क्षतिग्रस्त कर एक ट्रक को आगे हवाले कर दिया गया था। इधर,प्राथमिक के बाद पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पीरो डीएसपी राहुल कुमार ने बताया कि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी की पहचान कर ली गई है। जल्द से जल्द सभी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# आरा में संदेहास्पद स्थिति में बुजुर्ग की मौत

निज संवाददाता। आरा



**सब्जी लेकर घर जाने के दौरान बेहोश होकर गिरे, लू से मौत की जताई जा रही आशंका**

भोजपुर के संदेश थाना इलाके के संदेश गांव में शुक्रवार को संदेहास्पद स्थिति में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं लोगों ने आशंका जताई कि लू लगने से मौत हो गई है। मृतक बुजुर्ग पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के मौदही गांव निवासी स्व.छठु साह के 60 वर्षीय पुत्र किशोरी साह है। वह करीब 32 वर्षों से संदेश बाजार स्थित ए दुकान में काम करते थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह उक्त दुकान से सब्जी का बोझा लेकर संदेश बाजार पहुंचाने गए थे। उसी दौरान वह अचानक सड़क किनारे गिर पड़े और वहीं पर उनकी मौत हो गई। जिसके बाद वह मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक बुजुर्ग की मौत लू-लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक की शादी नहीं हुई थी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दो पाटीदारों के बीच मारपीट, 9 घायल, दोनों और से चली जमकर लाठियां

## 14 साल से चल रहा है 10 कट्ठा जमीन का विवाद

निज संवाददाता। आरा




भोजपुर के शाहपुर थाना इलाके के गोपालपुर गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पाटीदारों के बीच जमकर लाठी-डंडे से मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। जिसमें एक पक्ष के दंपति समेत चार लोग जबकि दूसरे पक्ष के पति-पत्नी समेत पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। मामला शांत होने के बाद दोनों पक्षों के ज़ख्मियों को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में एक पक्ष के शाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी स्वर्गीय राजगृह पांडेय के 67 वर्षीय पुत्र रामनारायण पांडेय उनकी पत्नी मुनारिका देवी (65) दो पुत्र कृष्ण कुमार पांडेय(30) एवं हरेश कुमार पांडेय(35) जबकि दूसरे पक्ष के स्वर्गीय राजगृह पांडेय के 54 वर्षीय पुत्र रामदेव पांडे उनकी पत्नी शैला देवी (50) दो पुत्र मुकेश पाण्डेय(25) एवं राकेश पांडेय(30) और उनका भाई राजगृह पांडेय के 45 वर्षीय पुत्र गणेश जी पांडेय शामिल हैं।

**14 साल से चल रहा विवाद:** इधर एक पक्ष के जख्मी राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि पिछले 14 वर्षों से 10 कट्ठा जमीन को लेकर पाटीदारों से विवाद चल रहा था। जब भी इस जमीन के बंटवारे की बात कही जाती थी तब पाटीदार गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते थे। आज मेरा भाई मुकेश पाण्डे उस जमीन पर बैठा था। तभी वो लोग वहां आ धमके और गाली-गलोज करने लगे। इसी बात को लेकर मुकेश ने इन लोगों का विरोध किया तो मारपीट करने लगे। वहीं दूसरे पक्ष के ललन कुमार पांडेय ने बताया कि पिछले 14 सालों से 16 बिगहा जमीन को विवाद को लेकर विवाद चल आ रहा है। इस जमीन पर आधा से ज्यादा हिस्सा मेरा है। पाटीदारों के द्वारा पूरे जमीन पर कब्जा जमाने की हमेशा कोशिश करते आए हैं। आज उन लोगों के द्वारा धमकी दी गई की तुम लोग इस जमीन को छोड़ दो और चले जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। इस बीच मेरी भाभी मुनारिका देवी ने कहा कि शांति से बैठकर बात कर ली जाए। तभी उक्त पाटीदार आक्रोशित हो गए और भाभी–भैया समेत पांच लोगों की लाठी डंडे से बेहरमी से पिटाई कर दी । मामला शांत होने के बाद दोनों पक्षों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है । बहरहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# इटाढ़ी में डीएम ने राजपुर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक की

निज संवाददाता। इटाढ़ी



डीएम अंशुल अग्रवाल ने प्रखंड कार्यालय इटाढी के सभागार में 202-राजपुर विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों एवं कम मतदान प्रतिशत वाले बी०एल०ओ० के साथ बैठक किया। सभी सेक्टर पदाधिकारी को ईवीएम रिप्लेसमेंट प्लान के बारे में स्पष्ट रूप से बताते हुए कहा गया कि मतदान के दिन ईवीएम में तकनीकी खराबी आने पर त्वरित कारवाई करना सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी भी प्रकार से मतदान कार्य में विलंब न हो। सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं यथा शेड,स्वच्छ पेयजल, व्हीलचेयर, रैंप इत्यादि उपलब्ध कराने हेतु सभी सेक्टर पदाधिकरी, संबंधित बीएलओ एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। सभी सेक्टर पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रधानाध्यापक, रसोइया, गेट खोलने वाले कर्मी आदि का मोबाइल नंबर प्राप्त कर संधारित करना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर पदाधिकारी एवं बीएलओ को वोटर लिस्ट के अनुसार सभी मतदाता को वोटर लिस्ट की पर्ची ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्रांतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी मतदाताओं को जागरूक करने, प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। 01 जून को अधिक से अधिक संख्या में मतदान कराने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय इटाढ़ी में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ स्थानीय मतदाता भी सम्मिलित हुए।

### आरा रोटी बैंक ने राहगीरों को पिलाया आम पन्ना




निज संवाददाता। आरा

आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने आम पन्ना वितरण मुहिम चलाया। इस दौरान रेड क्रॉस एवं शिवगंज में राहगीरों, रिक्शा चालक एवं अन्य लोगों को लू व भीषण गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना पिलाया। संस्था के सचिव कमलेश तिवारी ने कहा कि इस तपती गर्मी और लू में सड़क पर मज़दूरी कर रहे रिक्शा,ठेला चालक या अन्य किसी कारण से सड़क पर निकले लोगो को लू से बचाने के लिए संस्था द्वारा आम पन्ना का वितरण किया जा रहा है। जो पूरे गर्मी और लू चलने तक जारी रहेगा। पूर्व एमएलसी लाल दास राय ने कहा कि रोटी बैंक की यह मुहिम इस भीषण गर्मी में सड़क पर रहने वालो के लिये वरदान साबित होगी।

मौके पर रेड क्रॉस की सचिव डॉ विभा कुमारी, डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा, विकास, कुमार रोहित, राजेश कुमार, रवि सहाय, तरुण पाठक, सतीश सिंह, कुमार मोहित समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में शाहपुर के युवक की उड़ीसा में मौत

**शाहपुर/भोजपुर**। शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 8 के नर्वदेश्वर यादव के पुत्र ट्रक चालक प्रमोद यादव की उड़ीसा में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि ट्रक और डंपर की टक्कर में ट्रक चालक प्रमोद यादव की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। तीस वर्षीय प्रमोद की असमय दर्दनाक मौत की खबर सुनकर पिता नर्वदेश्वर यादव, बाबा शोभी यादव, मां राधिका देवी, पत्नी लालसा देवी और दो बच्चों छह वर्षीय शिवम और चार वर्षीय सत्यम सहित पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। प्रमोद यादव बहुत ही मिलनसार स्वभाव का था। उसके मौत की खबर सुनते ही पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। वार्ड संख्या 8 की वार्ड पार्षद आशा देवी तथा पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना प्रसाद ने प्रमोद यादव की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। विदित हो कि वार्ड संख्या 8 निवासी शोभी यादव के पुत्र नर्वदेश्वर यादव का सबसे बड़ा पुत्र था मृतक प्रमोद कुमार। प्रमोद पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके अन्य भाई सरोज यादव, गोरख यादव, भीम यादव और अर्जुन यादव हैं।

# पूर्व सांसद रामा सिंह के लोजपा में शामिल होने पर विजय सिंह ने जताया हर्ष



**आरा**। पूर्व सांसद रामाकिशोर सिंह उर्फ रामा सिंह बीते एक मई को लोजपा रामविलास की पार्टी में अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। जहाँ भोजपुर से भी पूर्व सांसद के समर्थक उनके साथ लोजपा में शामिल हुए। इस बाबत समाजसेवी सह रामा विचार मंच में सक्रिय रहने वाले प्रो. विजय सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि पूर्व सांसद रामा सिंह के नेतृत्व में हजारों समर्थकों के साथ हाजीपुर के जंदाहा रोड स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में लोजपा रामविलास में हमलोग शामिल हुए। इस अवसर पर लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के उपस्थिति में हमलोग लोकजनशक्ति पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि घर वापसी हुई है, हमलोग पूर्व सांसद के साथ पहले की तरह मजबूती के साथ खड़े है और लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी को आगे बढाने का कार्य करेंगें।

### एसडीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**आरा**। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन दिन रात तैयारियों में जुटा हुआ है।।इस क्रम में आरा सदर अनुमंडल पदाधिकारी लाल ज्योति नाथ शाहदेव ने उदवंतनगर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह के साथ उदवन्तनगर प्रखंड के विभिन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जहाँ एसडीओ ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। वही विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और मतदान केंद्र के आसपास के कई लोगों से फीडबैक भी लिया। मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, कमरों में दरवाजा, खिड़की आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बतादे कि डीएम के निर्देश पर एक जून को निर्धारित लोकसभा चुनाव को लेकर सभी प्रखंड के सभी बूथों का मुआयना किया जा रहा है। वही इस क्रम में शनिवार को आरा एसडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के कुल 18 बूथों का निरीक्षण किया।

# ललन सिंह का विरोध, बीजेपी के लोगों ने 5 साल का हिसाब मांगा

निज संवाददाता

**बिहार**। लोकसभा क्षेत्र से जेडीयू प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद ललन सिंह को विरोध झेलना पड़ा है। इलाके में लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष को बीजेपी के लोगों ने ही घेर दिया। बीजेपी कार्यकर्ता ललन सिंह से 5 साल के कामों का हिसाब मांगने लगे। इस पर सांसद तिलमिला गए और वहां से हाथ छुड़ाकर निकल गए। मुंगेर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ललन सिंह हाल ही में अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे। तभी एक जगह उन्हें बीजेपी कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। लोगों ने सांसद पर आरोप लगाया कि कोरोना महामारी में वे इस इलाके में झांकने तक नहीं आए। इस पर ललन सिंह भड़क गए और कहा कि कोरोना में पाबंदी लगी हुई थी, तो घर से बाहर कैसे निकलते। जब बात बढ़ने लगी तो जेडीयू सांसद वहां से हाथ छुड़ाकर निकल गए। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, हालांकि लाइव हिन्दुस्तान इसकी पुष्टि नहीं करता है। चुनावी माहौल में ललन सिंह को अपने क्षेत्र में विरोध झेलना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले भी चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें काले झंडे दिखाने का वीडियो आया था। हालांकि, ललन सिंह का दावा है कि उन्होंने मुंगेर क्षेत्र में अच्छा काम किया है और इसी आधार पर जनता उन्हें दोबारा भारी वोटों से जिताकर संसद पहुंचाएगी। मुंगेर लोकसभा सीट पर जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह के सामने आरजेडी ने डॉन अशोक महतो की पत्नी अनिता देवी को उतारा



है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुंगेर में ललन के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया था।

# 5 जगह से लड़ेंगे तो भी हारेंगे, राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर जीतन मांझी का तंज

निज संवाददाता





**पटना**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड के बाद दूसरी सीट रायबरेली से भी चुनाव लड़ने को लेकर एनडीए के सहयोगी और हम के संस्थापक जीतन राम मांझी ने तंज कसा है। जीतन मांझी ने कहा कि अगर राहुल गांधी पांच जगहों से भी चुनाव लड़ेंगे तो हारेंगे। वहीं तेजस्वी यादव के विपक्ष को दलित विरोधी बताने पर मांझी ने कहा कि पता है कि तेजस्वी दलितों के कितने बड़े पक्षधर है। इसीलिए जमुई की जनसभा में महादलित के परिवार को गाली दी गई। और गालीकांड हुआ था। दरअसल शुक्रवार को कांग्रेस ने ये घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली से और केएल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। जिसके बाद से बीजेपी लगातार ये कह रही है कि अमेठी में हार से डर से राहुल की सीट बदली गई। और वो भागकर रायबरेली चले गए। जिसका जिक्र पीएम मोदी, और अमित शाह ने अपनी चुनावी रैलियों में भी किया। इस मामले पर जब जीतन मांझी से पूछा गया कि राहुल दो सीटों वायनाड और रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। तो उन्होने कहा कि राहुल गांधी अगर पांच जगहों से भी चुनाव लड़ेंगे, तो भी हारेंगे।


# पांचवें चरण की पांच सीटों पर वोट प्रतिशत बढ़ना बड़ी चुनौती

निज संवाददाता

**पटना**। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 20 मई को पांच सीटों पर चुनाव होना है।ये लोकसभा क्षेत्र है सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर। इन पांचों सीटों पर फिलहाल एनडीए का कब्जा है। इस बार इन सभी सीटों पर कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। सभी पार्टियों ने जातीय समीकरण के हिसाब-किताब को देखते हुए चुनाव प्रचार की रणनीति तय कर ली है। इन क्षेत्रों में विशेष की जातियों की संख्या के आधार पर स्टार प्रचारकों को जिम्मेदारी दे दी गयी है। पिछले दो चरणों के चुनाव में जिस तरह कम वोटिंग हुई है, उसे देखते हुए इस बार सभी पार्टियों के सामने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बड़ी चुनौती होगी सीतामढ़ी लोकसभा चुनाव 2019 में कुल 59.28 फीसदी वोट पड़े थे। उस वक्त यहां कुल मतदाताओं की संख्या 17।52 लाख थी, जिनमें से करीब 10।38 लाख लोगों ने मतदान में भाग लिया था। कुल 22 उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें तीन को छोड़कर बाकी की जमानत जब्त हो गयी थी। जदयू के सुनील कुमार पिंटु ने राजद के अर्जुन राय को 2।50 लाख वोटों से हराया था। राजद के अर्जुन राय को 317206 वोट मिले थे, जबकि सुनील कुमार पिंटू को 567745 मत मिले थे। 2014 में कुल 57।18 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार इस चुनाव क्षेत्र से एनडीए की तरफ से जदयू के टिकट पर विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर और महागठबंधन की ओर से राजद के टिकट पर अर्जुन यादव मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में यहां बनिया वोटर काफी मायने रखेंगे। दोनों प्रमुख प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। देवेश चंद्र जहां मोदी और नीतीश के भरोसे हैं, वहीं अर्जुन यादव को माइ समीकरण से उम्मीद है। कवि कोकिल विद्यापति की जन्म स्थली मधुबनी में भाजपा के उम्मीदवार अशोक कुमार यादव ने पिछले चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की थी। 2019 लोकसभा चुनाव में यहां कुल 53.72 प्रतिशत मतदान हुआ था। अशोक कुमार यादव ने वीआइपी उम्मीदवार बद्री कुमार पूर्वे को 4.55 लाख मतों से पराजित किया था। उस समय यहां 17.92 लाख मतदाता थे, चुनाव में कुल 9.63 लाख मत पड़े थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री व निर्दलीय उम्मीदवार डॉ। शकील अहमद को तीसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा था। कुल 17 उम्मीदवार मैदान में थे और जिसमें चार को छोड़कर बाकी की जमानत जब्त हो गयी थी। जबकि 2014 में 52.86 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर से अशोक कुमार यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि राजद की ओर से अली असरफ फातमी मैदान में है। मुजफ्फरपुर सीट के लिए हुए पिछले लोकसभा चुनाव में कुल 61.17 फीसदी मतदान हुआ था। तब इस क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 17.30 लाख थी, जिसमें से 10.50 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। कुल 22 उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा के उम्मीदवार अजय निषाद को 6.66 लाख मत मिले थे, जबकि वीआइपी के राजभूषण को 2.56 लाख वोट मिले। 4।09 लाख मतों के अंतर से अजय निषाद ने इस सीट से जीत हासिल की थी। यहां मुकाबला निषाद बनाम निषाद के बीच में था। जबकि, 2014 में कुल 58.17 फीसदी मत पड़े थे। लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार भाजपा ने अजय निषाद को टिकट नहीं देकर 2019 में उन्हें चुनौती देने वाले राजभूषण को ही अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि अजय निषाद कांग्रेस के टिकट पर मैदान में है। सारण में लोकसभा चुनाव 2019 में कुल 56.50 फीसदी वोटिंग हुई थी। उस समय इस क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 16.67 लाख थी, जिनमें से 9.43 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। कुल 12 उम्मीदवार मैदान में थे। आठ उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। पिछले चुनाव में भाजपा के राजीव प्रताप रूडी की जीत हुई थी। राजीव को 4.99 लाख और राजद से चंद्रिका राय को 3.60 लाख मत मिले थे। 2014 में कुल वोटिंग 56.12 प्रतिशत हुई थी। 2014 में भाजपा के राजीव प्रताप रूडी ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को हराकर यह सीट जीती थी। इस बार लालू प्रसाद की बेटी रोहणी आचार्या के उम्मीदवार बनने से यह हॉट सीट बन गयी है, जबकि भाजपा के रूडी लगातार दो चुनाव जीतने के बाद तीसरी बार मैदान में हैं। हाजीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट पर चुनाव 2019 में कुल 55।22 फीसदी मतदान हुआ था। रामविलास पासवान की कर्म भूमि हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में उस समय कुल 18।23 लाख मतदाता थे, जिनमें से 10।06 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार को प्रयोग किया। कुल 11 उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें से आठ उम्मीदवारों को अपनी जमानत जब्त करवानी पड़ी थी। तब लोजपा के पशुपति कुमार पारस जीते थे, उन्हें 5।41 लाख मत मिले मिले थे। जबकि राजद से शिव चंद्रराम को 3।35 लाख मत मिले थे। वर्ष 2014 में हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से रामविलास पासवान चुनाव जीते थे। 2014 में कुल 54.91 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार के लोकसभा चुनाव में रामविलास पासवान के बेटे चिराग चुनावी मैदान में है, जबकि उसके सामने राजद से पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम चुनाव लड़ रहे हैं।

# तेजस्वी ने पीएम मोदी से पूछा प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सभी सीएम हिंदू, तो सनातन खतरे में कैसे

- किसान और कृषि खतरे में है। उद्योग-धंधे खतरे में है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी अपनी बात और भाषण का वीडियो शेयर किया है।





निज संवाददाता

**पटना**। बिहार में मिशन 40 और देश में चार सौ पार के स्वप्न को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत एनडीए के सभी बड़े नेता धुआंधार रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। दूसरी और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी 30 दिनों में 97 रैलियां करके हेलीकॉप्टर को ट्रैक्टर बनाने का दावा कर दिया है। बीजेपी के नेता अक्सर महागठबंधन पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाते रहते हैं। पीएम मोदी भी चुनावी मंचों से इंडी गठबंधन द्वारा श्री राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के विरोध की चर्चा करना नहीं भूलते। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर तंज कसते हुए पीएम मोदी से पूछा है कि जब देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री हिंदू हैं तो सनातन खतरे में कैसे है उन्होंने कहा कि खतरे में सनातन नहीं बल्कि पीएम की कुर्सी है। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री हिंदू, राष्ट्रपति हिंदू, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री भी हिंदू हैं। इतना हीं तीनों सेनाध्यक्ष हिंदू हैं। फिर भी ये लोग कह रहे है कि धर्म खतरे में है। दरअसल धर्म को ख़तरे में बताने वाले यह नहीं बताना चाहते कि रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी से देश के 60 फीसदी युवाओं का वर्तमान एवं भविष्य खतरे में है। किसान और कृषि खतरे में है। उद्योग-धंधे खतरे में है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी अपनी बात और भाषण का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा कि बहन, बेटियाँ और महिलाएं खतरे में है। शिक्षा-चिकित्सा खतरे में है। महंगाई-गरीबी से बहुसंख्यक आबादी खतरे में है। इनकी चर्चा मोदी जी नहीं करते क्योंकि जनता के जिंदा मुद्दों पर तो प्रधानमंत्री जी बात ही नहीं करना चाहते। तेजस्वी यादव ने जनसभा में शामिल लोगों को एड्रेस करते हुए कहा कि मोदी जी अब तक बिहार में 8-10 बार आ चुके हैं। आप लोगों ने सुना होगा कि वह क्या कहते हैं। कुछ देने की बात वह नहीं करते हैं। सिर्फ कहते रहते हैं कि सनातन खतरे में है। तेजस्वी ने कहा कि ये सारे लोग जनता को ठगने का काम करते हैं। समाज को बांट करके राज करना चाहते हैं। इसलिए इस बार इनके झांसे में नहीं पड़ना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का मतलब है बड़का झूठा पार्टी। तेजस्वी यादव के इस बयान का जेडीयू ने जवाब दिया है। पटना में पार्टी नेता और बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी से जब इस पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कहने को कोई बात नहीं है तो बेबुनियाद बात करके भ्रम फैला रहे हैं।

# पटना में चालू होंगे 8 स्थाई प्याऊ गर्मी से मिलेगी राहत

पटना नगर निगम की सशक्त स्थाई समिति की 9वीं बैठक हुई। इस दौरान बारिश से पहले नाला उड़ाही और गर्मी में जलापूर्ति शाखा की समीक्षा की गई। समिति के सदस्य आशीष सिन्हा ने बताया कि गुरु पर्व के समय निगम द्वारा पटना में प्याऊ की व्यवस्था की गई थी, जो अब पूरी तरह से स्थाई हो जाएगी। कुल आठ जगहों पर पेयजल के लिए प्याऊ बनाए गए हैं। जहां डायरेक्ट बोरिंग से पीने का पानी आएगा। राजा बाजार, गायघाट, बबुआगंज, गांधी मैदान, मंगल तालाब पंप के पास, चौक शिकारपुर और सिटी गर्ल्स हाई स्कूल में यह प्याऊ तैयार हो गया है। झाऊगंज में अभी बनना बाकी है। सबमर्सिबल बोरिंग के माध्यम से प्याऊ में पानी की व्यवस्था की जा रही है। कुछ दिन में यह सभी प्याऊ चालू हो जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि भीषण गर्मी के कारण पटना शहर में पानी का जलस्तर तेजी से घट रहा है। निगम के अंतर्गत 10 बोरिंग केंद्र से शिकायत आई थी। यहां हमने 10 फीट का पाइप लगाकर, जलस्तर को सामान्य बनाने का काम किया है। अगले 15 दिन में बसावान पार्क, निराला नगर और सरिस्ताबाद पूर्वी टोला में बोरिंग चालू हो जाएगा। गर्दनीबाग, पार्टी पुल और कच्ची तलाब में अभी काम चल रहा है। आशीष सिन्हा ने कहा कि निगम के अंतर्गत दो नालों के उड़ाही का काम अभी बाकी है। इसमें नूतन राजधानी अंचल के अंतर्गत बाकरगंज नाला और कंकड़बाग अंचल के अंतर्गत बाईपास नाला है।

# दर्द से कराह रहे तेजस्वी ने दिया भावुक संदेश

निज संवाददाता



**पटना**। बिहार के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने हेल्थ को लेकर ताजा जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि आखिर किस वजह से यह समस्या सामने आई है। उन्होंने बिहार के लोगों के लिए भावुक संदेश भी दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीते काफी समय से कमर दर्द से परेशान हैं। शुक्रवार को भी उन्हें काफी दर्द था। सुरक्षा कर्मियों की मदद से उन्हें उस चुनावी मंच से उतरते देखा भी गया था, जिसका वीडियो भी काफी प्रचारित हुआ था। इसी दर्द के बीच तेजस्वी यादव ने शनिवार को एक पोस्ट डाली। जिसमें उन्होंने कहा कि महीनों से अलट-पलट वाली अथक सामाजिक राजनीतिक यात्रा रही है। आराम के अभाव एवं निरंतर यात्रा के कारण दो हफ़्ते से कमर में हल्का दर्द था, दो दिन से अचानक बढ़ गया। तेजस्वी यादव ने अपनी पोस्ट में कहा कि लेकिन मेरा ये दर्द बिहार के उन करोड़ों बेरोजगार युवाओं की तकलीफ के आगे कुछ भी नहीं है जो नौकरी-रोजगार की आस में बैठे हैं। जिनके सपनों को विगत 10 वर्षों में धर्म की आड़ में कुचला गया है। मैं अपने दर्द को भूल जाता हूं जब देखता हूं कैसे गरीब माताओं-बहनों को महंगाई के कारण रसोई चलाने में भारी पीड़ा का अनुभव होता है। किसान भाइयों को सिंचाई के साधन व फसल का उचित दाम नहीं मिलने तथा संसाधनों के अभाव एवं रोजी-रोटी के लिए लाखों साथियों के पलायन का कष्ट देखता हूं तो मुझे मेरा दर्द महसूस भी नहीं होता। छात्र को पीड़ा हैं क्योंकि उन्हें अच्छी पढ़ाई नहीं मिल पा रही। बिहार के मेरे बुजुर्गों की पीड़ा है कि उन्हें अच्छी दवाई नहीं मिल पा रही, थाना और ब्लॉक के भ्रष्टाचार से आमजन परेशान है। हर वर्ग को पीड़ा है क्योंकि उनके अधिकार, उनका न्याय उन्हें नहीं मिल पा रहा है। मैं इन सबों की तकलीफ़ में अपने आप को सांझीदार मानता हूँ। ऐसे में यदि मैंने अपनीं पीड़ा की चिंता की और ये कदम रुक गए तो फिर लोगों की उम्मीदें भी बुझ जाएगीं तथा महंगाई, तानाशाही, अत्याचार और अन्याय की आग में बिहार झुलसता रहेगा। इसलिए मैंने तय किया है कि भले ही बाधा कितनी हो, भले ही दर्द कितना हो, रुकना नहीं है, झुकना नहीं है और थकना नहीं है। लक्ष्य की प्राप्ति तक चलते जाना है, बढ़ते जाना है, जीतते जाना है जीताते जाना है। लक्ष्य प्राप्त किए बिना रुकना मेरे खून में नहीं है।

# पहले गर्मी ने रुलाया, अब आंधी और बारिश मचाएगी तबाही

**पटना (नि.सं.)**। बिहार में भीषण गर्मी और हीटवेव से लोगों का बुरा हाल है। मगर अगले कुछ घंटों में मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने राज्यभर में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। 24 घंटे के भीतर इसका असर देखने को मिल सकता है। 6 से 11 मई तक बिहार के कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ बूंदाबांदी और ठनका गिरने की आशंका बनी रहेगी। इसके लिए पटना मौसम केंद्र की ओर से विस्तृत एडवाइजरी भी जारी की गई है। खराब मौसम में लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को जारी बुलेटिन में कहा है कि बिहार के पूर्वी हिस्से में पुरवा हवा का प्रवाह बढ़ना शुरू हो गया है। धीरे-धीरे पूरे राज्य में नमीयुक्त पुरवा हवा का प्रवाह बढ़ेगा। इससे अधिकांश हिस्सों में अगले हफ्ते हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान कुझ जगहों पर वज्रपात और आंधी की भी आशंका बनी रहेगी।

# नीतीश कुमार तो ऐसे न थे, मुस्लिम वोट बैंक पर आरजेडी को खूब सुनाया

निज संवाददाता





**मुंगेर**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि देश के साथ-साथ राज्य विकसित हुआ है। तेजस्वी पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग समाज में विद्वेष फैलाकर राज करने की कोशिश में लगे रहते है। उन्होंने 2005 से पहले के बिहार की याद दिला तेजस्वी यादव पर राजनीतिक पहार किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर अन्य बदलाव की चर्चा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से राजग प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के लिए जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के खंड बिहारी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। राजद पर हमलावर होते हुए कहा कि विपक्ष ने हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा कराया। मुस्लिम लोग के वोट के चक्कर में रहता है। हमने कब्रिस्तान की घेराबंदी की। 60 वर्ष पुराने मंदिरों की घेराबंदी करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 15 वर्षों में जो हुआ है, वह आप भी जानते है। जाति के आधार पर नहीं काम के आधार पर वोट करें। राजद ने परिवार को देखा है। मुंगेर से जिसने उम्मीदवार बनाया है उसके बारे में मालूम ही है। आप लोग अपना वोट बर्बाद नहीं करें। पहले भी उनकी सरकार ने 8 लाख सरकारी नौकरी दी है। 10 लाख लक्ष्य के विरुद्ध चार लाख लोगों को नौकरी दे दी है। शेष प्रक्रिया में है। शुरू से न्याय के साथ विकास के हिमायती रहे हैं। यही कारण है कि पंचायत व नगर निकाय में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। लड़कियों की पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित की। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं की समृद्धि की कहानी 2006 में गढ़ी। मुख्यमंत्री ने प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए बिहार की सभी 40 सीटें जिताने की अपील के साथ ही 400 से भी ज्यादा सीटों की उम्मीद जताते हुए भीड़ से हाथ उठा कर स्थानीय प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह को भरपूर समर्थन का भरोसा लिया।

# बिहार में फिल्मी चमक पर राजनीतिक कद भारी

निज संवाददाता




**पटना**। गंगा किनारे बसे पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र का इतिहास बहुत पुराना नहीं, पर रोचक है। यहां की संसदीय राजनीति में फिल्मी पृष्ठभूमि से प्रत्याशी उतारे जाते रहे। इन सबके बीच जातीय और दलीय समीकरण का प्रभाव जीत-हार की कहानी लिखता रहा। तब यह सीट बालीवुड स्टार शत्रुघ्न सिन्हा के कारण चर्चा में आ गई थी, जिन्हें प्रशंसक बिहारी बाबू के नाम से बुलाते हैं। इस समय वे आसनसोल से तृणमूल के प्रत्याशी हैं और इसी पार्टी से वहां के वर्तमान सांसद भी। राजनीति में फिल्मी प्रभाव कोई नई बात नहीं, पर बिहार में किस्सा थोड़ा अलग है। यहां विशुद्ध राजनीतिक कद मतदाताओं को कहीं अधिक प्रभावित करता रहा है। शत्रुघ्न सिन्हा की पृष्ठभूमि भले ही फिल्मी रही हो, पर वे इस आवरण से निकलकर राजनेता के रूप में पहचान बनाते हुए स्वयं को स्थापित कर चुके थे। 1989 में गांधी मैदान में अटल बिहारी वाजपेयी की सभा थी। मैदान खचाखच भरा था। जब अटल बिहारी भाषण के लिए आए तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा-मुझे पता है यह भीड़ बिहारी बाबू के लिए आई है। केंद्र में एनडीए की सरकार बनी तो उन्हें मंत्री भी बनाया गया। जब संसदीय क्षेत्र का नया परिसीमन किया गया तो भाजपा ने 2009 में बिहारी बाबू को पटना साहिब से मैदान में उतारा। उनके विरुद्ध कांग्रेस ने चर्चित टीवी स्टार और पटना के ही निवासी शेखर सुमन पर दांव लगाया। मुख्य मुकाबला 'बड़े' और 'छोटे' पर्दे के बीच होने का अनुमान था, पर परिणाम आया तो शेखर सुमन मुकाबले में टिके ही नहीं। उनसे अधिक मत राजद के विजय कुमार बटोर ले गए। शत्रुघ्न सिन्हा ने करीब 1.67 लाख मतों के बड़े अंतर से इस सीट पर कब्जा जमाया। उन्हें 57.30 प्रतिशत मत हासिल हुए। 27.11 प्रतिशत मतों के साथ राजद के विजय कुमार दूसरे तो कांग्रेस के शेखर सुमन 11.10 प्रतिशत मत लाकर तीसरे स्थान पर रहे। बिहार के चुनावी परिदृश्य में एक तरह से यह इस बात की पुष्टि ही थी कि यहां भाव राजनीतिक कद को ही मिलता है। 2014 का चुनाव हुआ तो राजनीतिक समीकरण बदल चुके थे। भाजपा और जदयू के रास्ते अलग हो चुके थे। कांग्रेस भी ताल ठोंक रही थी। ताजा-ताजा मैदान में उतरी आम आदमी पार्टी भी थी। भाजपा ने एक बार फिर शत्रुघ्न सिन्हा पर भरोसा जताया। कांग्रेस ने इस बार बिहार की खांटी भाषा भोजपुरी में बनने वाली फिल्मों के स्टार कुणाल सिंह को उतारा, पर यह दांव भी काम नहीं आया। फिल्मी क्रेज को जनता ने नकार दिया। जदयू ने पटना के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. गोपाल प्रसाद सिन्हा तो आम आदमी पार्टी ने पूर्व मुख्य सचिव की पत्नी परवीन अमानुल्लाह को प्रत्याशी बनाया था। बिहारी बाबू ने फिर सबको खामोश कर दिया, लेकिन 2019 के चुनाव में उनका सितारा बुलंद नहीं रह सका। भाजपा से नाराज होकर कांग्रेस का दामन थामते ही उनकी मुश्किलें बढ़ गईं। इस बार भाजपा से रविशंकर प्रसाद मैदान में थे, जिन्होंने पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता से यहां तक की यात्रा की है। शत्रुघ्न सिन्हा मात खा गए। पटना साहिब के जातीय समीकरण में दोनों भले ही एक कुनबे से आते हों, पर दलीय समीकरण बिहारी बाबू पर बहुत भारी पड़ गया। अब इस बार के चुनाव में भाजपा से फिर पुराने चेहरे के रूप में रविशंकर प्रसाद हैं तो कांग्रेस ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के बेटे डा. अंशुल अविजित को प्रत्याशी घोषित किया है। अभी पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में आने वाले बख्तियारपुर, दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार, फतुहा और पटना साहिब विधानसभा में चार सीटों पर भाजपा, तो दो पर राजद के विधायक हैं। जातीय समीकरण के साथ पार्टी और व्यक्तिगत छवि का प्रभाव यहां हमेशा निर्णायक भूमिका में रहा है। चुनाव में अभी समय है, पर क्षेत्र में कार्यकर्ता घूमने लगे हैं।

# पत्नी का चल रहा था चक्कर, पति ने रंगे हाथों पकड़ा

**बिहार (नि.सं.)**। अवैध संबंध के शक में पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह वारदात शभुगंज प्रखंड क्षेत्र के खौजरी गांव की है। पुलिस ने हत्यारे पति मुन्ना राम को गिरफ्तार कर लिया है। उसने अपनी पत्नी अंजली देवी के साथ मारपीट करने की बात स्वीकारी है। शुक्रवार सुबह वह खुद ही अपनी पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर गया था, जहां डॉक्टरों ने अंजली को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी मुन्ना राम ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का बीते दो साल से खपड़ा गांव के युवक रितेश कुमार से चक्कर चल रहा था। दोनों के बीच फोन पर बात होती थी। उसने कई बार अपनी पत्नी अंजली को समझाया, लेकिन वो नहीं मानी। मुन्ना राम हलवाई का काम करता है। वह बीते गुरुवार को काम के सिलसिले में गांव से बाहर गया था। जब घर वापस आया तो उसकी पत्नी को उसके प्रेमी रितेश के साथ बात करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

# मुश्किल में रोहिणी आचार्य का नामांकन, बीजेपी ने गिनवाई कई गलतियां

निज संवाददाता



**छपरा**। बिहार की हॉट सीट सारण लोकसभा से राजद प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य (Rohini Acharya) के नामांकन मुश्किल में पड़ गया है।भारतीय जनता पार्टी लीगल सेल के प्रदेश संयोजक एसडी संजय ने सारण लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचित पदाधिकारी शंभू शरण पांडे को आवेदन देकर रोहिणी आचार्य के नामांकन में दिए गए शपथ पत्र में कई बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कराई है। इस संबंध में पटना हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता एवं भाजपा लीगल सेल के प्रदेश संयोजक एसडी संजय ने बताया कि रोहिणी आचार्य ने नामांकन पत्र के दौरान दिए गए शपथ पत्र में कई तथ्यों को छुपाया है। उन्होंने बताया कि शपथ पत्र में इनकम का पूरा ब्यौरा नहीं दिया है। रोहिणी आचार्य के जो नॉमिनेशन पेपर और उनका शपथ पत्र है, उसमें अनेक खामियां पाई गई है है उसी का विरोध दर्ज विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने गलत विवरण पत्र के साथ ही डिक्लेरेशन दिया है। अपनी आयकर विवरणी दाखिल की जिस का जिक्र किया है।अपने शपथपत्र में उन्होंने जो लिखा है कि वह एक साल में उनका इनकम किसी साल में चार हजार है ,किसी साल में तीन लाख है जबकि उन्होंने अपना हाथ में रुपये 20 लाख दिखाया है कि उनके पास है। उनके पति के पास 10लाख रुपये है। इतना ही नहीं संपत्ति के बारे में उन्होंने शपथ पत्र में दो करोड़ 55 लाख 925 रुपये,अपने पति समरेश सिंह का छह करोड़ 92 लाख 40 हजार दर्ज कराया है।जबकि उसका कोई सोर्स नहीं है कि तीन करोड रुपये कहां से उनके पास आया है। उसका कोई विवरण दर्ज नहीं है। इसके अलावा उन्होंने 25 करोड़ का फ्लैट अपने पति के साथ मुंबई में खरीदा है, लेकिन उसका भी कोई डिटेल नहीं है कि जब उनकी विवरण ही आयकर विवरणी में तीन लाख दो लाख है तो 25करोड़ का फ्लैट कहां से आया है। शपथ पत्र में उनका पता सही नहीं है। वे सिंगापुर में रहती हैं लेकिन अपना पता कौटिल्य नगर पटना लिखा है। उन्होंने यह दर्ज नहीं किया है कि आज के दिन भारतीय है सिंगापुर की नागरिक है। वे नॉन डिस्ट्रिक्ट इंडियन हो गई है। यह अंकित नहीं किया है। यह सब आपत्ति स्कूटनी के दौरान हम लोगों ने दर्ज कराया है। उल्लेखनीय हो कि 29 अप्रैल को रोहिणी आचार्य ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### वृद्ध ने बच्ची के साथ की छेड़खानी, केस

**नारायणपुर।** कोसी दियारा में बासा पर एक नाबालिग लड़की के साथ मनोहरपुर के वृद्ध नागो शर्मा ने छेड़खानी की। घटना की जानकारी बच्ची ने परिजनों को दी। इसके बाद परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो वह मारपीट करने लगा। ग्रामीण व जनप्रतिनिधि ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मामले को लेकर बच्ची के पिता ने भवानीपुर थाना में केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच पीएसआई पप्पू कुमार कर रहे हैं।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

**नारायणपुर|** बिहपुर प्रखंड के बभनगामा गांव में किसान सभा के जिला संयोजक निरंजन चौधरी के आवास पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर निरंजन चौधरी, भोला यादव, विजय साहू, तुंगनाथ तिवारी, लक्ष्मण मिश्रा, मो. नौशाद आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### फरार चल रहे आरोपित गिरफ्तार

**कहलगांव|** बुद्धुचक थाने की पुलिस ने गोघट्टा गांव में छापेमारी कर पार्वती देवी के साथ मारपीट, जानलेवा हमला सहित अन्य आरोपों में फरार चल रहे आरोपित सुरेश यादव उर्फ पगला यादव और अरुण यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि दोनों अपने घर आए हैं। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को दबोच लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अपहृत किशोरी बरामद

**नारायणपुर|** पंजाब के लुधियाना से अपहृत किशोरी को वहां की पुलिस ने भवानीपुर थाने की पुलिस की मदद से नारायणपुर के महादलित टोला से बरामद कर लिया है। किशोरी मूलतः मुंगेर जिले की रहने वाली है। उसके पिता सपरिवार पंजाब के लुधियाना थाना क्षेत्र के जमालपुर में रहकर किराना दुकान चलाते हैं। महादलित टोला के मनीष कुमार लुधियाना में मजदूरी करता था। दुकान पर आने-जाने के दौरान मनीष की किशोरी से दोस्ती हुई। इसके बाद वह शादी की नीयत से किशोरी को लेकर भाग गया था। इस बाबत किशोरी के पिता ने लुधियाना थाना में मनीष कुमार के विरुद्ध बेटी के अपहरण करने का मामला दर्ज करवाया था। भवानीपुर थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि किशोरी को पंजाब पुलिस अपने साथ ले गई।

### रंगदारी नहीं देने पर दबंग ने पीटा

**सुल्तानगंज|** रंगदारी नहीं देने पर दबंग ने बांस के फट्टे से मारकर हाथ तोड़ दिया। घटना सुल्तानगंज के नई सीढ़ी घाट के समीप 29 अप्रैल की है। मामले में राजेश कुमार चौधरी ने नई सीढ़ी घाट निवासी अमोलकर कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले में मनोज चौधरी पर हमला कराने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि आरोपी ने खर्चा के लिए रुपए मांगा। नहीं देने पर जताने पर जान से मारने की धमकी दी। फिर रात करीब 11:40 बजे जब मैं सो रहा था, तभी अचानक वह आया और बांस के फट्टे से प्रहार कर मुझे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। मेरा बांया हाथ और पीठ की हड्डी में चोट लगी।

### पीजी सेमेस्टर-3 के विज्ञान संकाय का रिजल्ट हुआ जारी

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-3, सत्र 2022-24 के विज्ञान संकाय का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इससे पूर्व वाणिज्य संकाय का रिजल्ट जारी किया गया था। जानकारी के अनुसार कला संकाय का रिजल्ट भी जल्द जारी किया जा सकता है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि आरडी एंड डीजे कॉलेज मुंगेर केन्द्र के विज्ञान संकाय में कुल 168 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 137 परीक्षार्थी उत्तीर्ण तथा 31 परीक्षार्थी प्रोन्नत हुए। वहीं पीजी विभाग के विज्ञान संकाय में कुल 107 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 78 परीक्षार्थी उत्तीर्ण, 23 परीक्षार्थी प्रोन्नत एवं 06 परीक्षार्थी फेल हुए। जबकि कोशी कॉलेज खगड़िया के विज्ञान संकाय में कुल 06 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए। केएसएस कॉलेज लखीसराय के विज्ञान संकाय में कुल 11 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा परिणाम संबंधित कॉलेज एवं पीजी विभाग में देख सकेंगे।

### पांच मैच की सीरीज में 3-0 की बढ़त

**मुंगेर।** जिले के खेल प्रेमियों में भारतीय महिला टीम की जीत से खुशी व्याप्त है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्ध शतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर 5 मैच की सीरीज में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली। इस साल टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है और इसलिए भारतीय टीम का यह प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण है। क्रिकेट प्रेमियों ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पांच मैच की सीरीज में 3-0 की विजयी बढ़त बनाने पर खुशी का इजहार किया है।

### मजदूरी कर घर लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

**मुंगेर।** नया रामनगर थाना क्षेत्र के पनियरचक पाटम में बीते गुरुवार की देर रात काम पर से लौट रहे एक मजदूर युवक को उसके गांव के ही एक युवकों ने चाकू मार कर घायल कर दिया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घायल युवक पनियरचक पाटम निवासी विनय यादव के 29 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार ने बताया कि गुरुवार की देर शाम लगभग 9 बजे वह काम कर लौट रहा था। इसी दौरान पनियरचक पाटम निवासी स्व. विशिष्ट यादव के पुत्र राजा यादव उर्फ आयुष कुमार ने उसे अपने घर के पास रोक लिया और उससे पूछा कि तुम ही रवीश के भाई हो, इसके बाद उसने चाकू से उसपर हमला कर दिया। इस दौरान उसके गर्दन और कमर पर चाकू लगने से घायल हो गया। उसने बताया कि राजा यादव उर्फ आयुष कुमार शराब का धंधा करता है। कुछ दिन पहले ही ईस्ट कॉलोनी थाना पुलिस द्वारा शराब की बड़ी बरामदगी की गई थी, जिसे लेकर राजा कुमार द्वारा पुलिस को इसकी सूचना देने का आरोप लगाया जा रहा था।

### आत्महत्या मामले में मृतका की मां ने थाना में दिया आवेदन, हत्या का आरोप

**टेटिया बंबर।** टेटिया थाना क्षेत्र के लगमा गांव में बुधवार की शाम 30 वर्षीय महिला आरती कुमारी, पति महारामा पासवान की संदेहास्पद मौत मामले में मृतका की मां महेशी निवासी उषा देवी ने टेटिया थाना में अपनी पुत्री का हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। जिसमें मृतका की सास, ससुर, भैंसुर एवं गोतनी को नामजद किया गया है। उन्होंने बताया कि मेरा दामाद दूसरे प्रदेश में काम करता है। घर पर मेरी पुत्री तीन छोटे बच्चों के साथ सास, ससुर, भैंसुर व गोतनी के साथ रहा करती थी। ये सभी पति की गैरमौजूदगी में हमेशा परेशान किया करते थे। कुछ दिन पूर्व मेरी पुत्री को मारपीट कर घर से भी भगा दिया गया था। तब वह मायके आ गई थी। लेकिन कुछ दिन वहां रहने के बाद वह फिर अपने घर आ गई थी। जो शायद इन लोगों को पसंद नहीं आया और बुधवार की शाम इन लोगों ने उसकी हत्या कर दी। बुधवार की शाम जब पुत्री के मौत की खबर मिली, तो भागे लगमा गांव पहुंचे। जहां देखा कि पुत्री मरी पड़ी है। गले में रस्सी के निशान दिख रहे थे और घर के सभी बड़े सदस्य घर से फरार थे। ग्रामीणों से बातचीत में पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई है। वहीं घटना के बाबत टेटिया थानाध्यक्ष तारकेश्वर कुमार ने कहा कि आवेदन के आलोक में जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो जाएगा।

# शॉर्ट-सर्किट से गद्दा घर में लगी आग, फोम-कपड़ा सहित अन्य कीमती सामान राख

◆ दमकल की तीन गाड़ियों ने बुझाई आग

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में शुक्रवार की देर रात करीब 2 से तीन बजे के बीच कोतवाली थाना क्षेत्र के लाला बहादुर शास्त्री चौक के पास मंसूर गद्दा घर में आग लग गई। अगलगी में दुकान और गोदाम में फोम-कपड़ा जलकर खाक हो गए। दमकल की 3 गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के संबंध में शास्त्री चौक पर दुकान चलाने वाले मंसूर गद्दा घर के संचालक वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के



चुरम्बा निवासी मोहम्मद मंसूर आलम ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व ही हमने शास्त्री चौक पर मंसूर गद्दा घर के नाम से एक दुकान चलाना शुरू किया है। इस दुकान में हम लोग सोफा, सोफे के कवर, छोटे-बड़े वाहनों की सीट, सीट कवर और फोम के काम करते हैं। प्रतिदिन की तरह मैं दुकान बंद कर अपने घर चला आया। रात 2:00 बजे पड़ोसियों ने मुझे फोन किया कि आपकी दुकान में आग लग गई है। पहुंचा तो दुकान जल रही थी। बगल में मेरी एक और दुकान है। वो बच गई। मंसूर गद्दा घर के बगल में मां टेंट हाउस का भी बाहरी हिस्सा आंशिक रूप से जल गया।

**आतिशबाजी की भी सूचना मिली है, जांच की जा रही:** कोतवाली थाना अध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि दमकल की तीन गाड़ियां और कोतवाली से एक गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची थी। आधे घंटे के अंदर ही आग पर काबू पा लिया गया। संचालक ने 200000 से अधिक की संपत्ति के नुकसान की बात बताई है। आग कैसे लगी है, इसकी जांच की जा रही है। शॉर्ट-सर्किट से भी आग लग सकती है। बगल में आतिशबाजी की भी सूचना मिली है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## हीट वेव को लेकर रेड क्रॉस ने निकाली जागरूकता रैली, कई जानकारियां दी




निज संवाददाता। मुंगेर

जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और तेज गर्म पछुआ हवा के बीच हीट वेब की संभावना को लेकर शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला इकाई मुंगेर द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस भवन से निकाली गई रैली को सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चेयरमेन राजेश शर्मा व सचिव संतोष सहाय की नेतृत्व में जागरूकता रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई पुनः रेडक्रॉस परिसर पहुंची। रैली के दौरान सदस्यों द्वारा ओआरएस का पैकेट के साथ लू के लक्षण व उससे बचाव संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया।

साथ ही रैली में शामिल 6 ई-रिक्शा को विभिन्न मार्गों के लिए रवाना किया गया, जिसके द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को हीट वेब से बचाव के प्रति जागरूकता किया जा रहा है। मौके पर वाइस चेयरमेन अशोक पटेल, कोषाध्यक्ष हेमंत सिंह, रवि प्रकाश महतो, दिलीप शर्मा, दिनेश सिंह, अरविंद शर्मा, शंभू शरण राय आदि मौजूद थे।

## होटल में अपराध की साजिश रच रहे 9 बदमाश अरेस्ट, कट्टा, जिंदा कारतूस, बाइक बरामद

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर पुलिस ने नवगछिया के NH- 31 के किनारे बंधु होटल में अपराध की साजिश रच रहे 9 अपराधियों को अरेस्ट किया है। इनके पास से हथियार, कैश और अन्य सामान बरामद हुए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपी बिहार के अलग-अलग जिले के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अपराधी में पांच आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग जिलों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**कट्टा, कारतूस बरामदः** शुक्रवार को नवगछिया एसपी पुरण झा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि NH के किनारे एक होटल में कुछ अपराधी जमा हुआ हैं। पुलिस की टीम ने होटल से 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास एक



देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल, 21 हजार नगद, एक मोबाइल, पांच कीपैड मोबाइल, एक पासबुक, दो ब्लैंक चेक, दो आधार कार्ड बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान कमालपुर निवासी अरुण तिवारी के पुत्र अजीत तिवारी, साहब तिवारी के पुत्र अक्षय तिवारी, हाजीपुर जिले के निवासी मनोज तिवारी के पुत्र राहुल कुमार,

◆ अलग-अलग जिलों से पहुंचे थे अपराधी

वैशाली जिला निवासी नंदू पांडे के पुत्र शत्रुघ्न पांडे, राम विजय पांडे के पुत्र गोविंद पांडे, रामाशीष पांडे के पुत्र आशीष पांडे, राजेश मिश्रा के पुत्र छोटू मिश्रा एवं बेगूसराय के निवासी अरविंद पांडे उर्फ दीपक एवं मुजफ्फरपुर के निवासी राजेंद्र मिश्रा के पुत्र राहुल कुमार उर्फ दुधानी मिश्रा शामिल है। सभी अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## टीएमबीयू समेत राज्य के तीन विश्वविद्यालय के 250 एसोसिएट प्रोफेसर तीन साल में ही बन जाएंगे प्रोफेसर

निज संवाददाता। भागलपुर

प्रमोशन पर लगी रोक हटने के बाद अब प्रोन्नति की चल रही प्रक्रिया में टीएमबीयू, मुंगेर और पाटलिपुत्र विवि के एसोसिएट प्रोफेसर तीन साल में ही प्रोफेसर बन जाएंगे, जबकि शेष ज्यादातर विवि के एसोसिएट प्रोफेसर पांच साल में यह पद पाएंगे। यह अंतर कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के तहत प्रमोशन में एनुअल परफॉर्मेंस इंडेक्स (एपीआई) को लागू करने से हुआ है। इसी एपीआई को लागू करने के लिए राजभवन ने प्रमोशन पर रोक लगाई थी और इसे लागू करने के बाद रोक हटा ली थी। रोक हटने से तीनों विवि के 250 से अधिक शिक्षकों को लाभ मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत वैसे एसोसिएट प्रोफेसर जो एपीआई की अर्हता पूरी करते हैं, वह तीन साल में ही प्रोफेसर बन जाएंगे। इन्हें प्रमोशन मिलने में देर हो भी गई हो तो जब भी एसोसिएट प्रोफेसर बने होंगे उसके अगले तीन साल से ही प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति मान्य हो जाएगी। जबकि बिना एपीआई वाले एसोसिएट प्रोफेसर के लिए यह पांच साल में मान्य होगी।

ये है एपीआई में 120 अंकों का स्कोरः प्रोफेसर बन जाएंगे। इन्हें प्रमोशन मिलने में देर हो भी गई हो तो जब भी एसोसिएट प्रोफेसर बने होंगे उसके अगले तीन साल से ही प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति मान्य हो जाएगी। जबकि




बिना एपीआई वाले एसोसिएट प्रोफेसर के लिए यह पांच साल में मान्य होगी।

**2018 में बनी कमेटी ने एपीआई को शामिल करने की अनुशंसा कीः** राज्य के विश्वविद्यालयों में अभी जो प्रमोशन स्कीम चल रही थी, उसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसर से सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर बनने में चार साल, सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर बनने में पांच वर्ष और एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर होने में भी पांच वर्ष लगते थे। नई प्रमोशन स्कीम के लिए वर्ष 2018 में बनी कमेटी ने एपीआई को भी शामिल करने की अनुशंसा की थी।

## समर कैंप में गूंजेगी बच्चों की किलकारी आज से शुरू होगा 10 दिवसीय समर कैंप

निज संवाददाता। मुंगेर

जिला स्कूल के समीप संचालित प्रमंडलीय किलकारी बाल भवन में स्कूली बच्चों के लिए 10 दिवसीय हनी-बनी समर कैंप का आयोजन शनिवार से आरंभ होगा, जिसका समापन 14 मई को किया जाएगा। समर कैंप में बच्चे लोक गीत, लोक संगीत, मैजिक शो के अलावे अन्य शिक्षा आधारित गतिविधि का आनंद ले सकेंगे। इसकी जानकारी देते हुए शुक्रवार को किलकारी के प्रमंडलीय कार्यक्रम समन्वयक सूरज कुमार एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी यशस्वी निधि ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि समर कैंप में बच्चे स्कूली शिक्षा को छोड़ कर अन्य गतिविधि का आनंद ले सकेंगे। समर कैंप में बच्चों के लिए चित्रकला, नाटक, कराटे, हस्तकला, मूर्तिकला, लोक नृत्य, लोक संगीत के अलावा



मैजिक-शो का प्रबंध किया गया है। कमिश्नरी रिसोर्स पर्सन शबदा हज्जू ने बताया कि सरकारी स्कूलों में अवकाश को देखते हुए 5-14 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।


किलकारी में नामांकित दो हजार से अधिक बच्चे समर कैंप में पहुंच कर स्कूली शिक्षा को छोड़कर अन्य गतिविधि का आनंद ले सकेंगे। इस कैंप में बच्चों को लोक गीत, लोक संगीत, पपेट मैकिंग आदि सहित भारतीय परंपराओं से जोड़ा जाएगा। इसके लिए कोलकाता और पूर्णिया से नेशनल आर्टिस्ट को बुलाया जा रहा है।

## भागलपुर में चार बच्चों के पिता ने रचाई शादी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में चार बच्चे के पिता मदन पासवान ने सड़क किनारे एक महिला आरती से शादी कर ली। दोनों ने शुक्रवार को पहले कोर्ट मैरिज की मंदिर में शादी रचा लिया। बताया जा रहा है कि मदन पासवान नाथनगर भवनाथपुर का रहने वाला है। वहीं महिला पिरपैंती की रहने वाली है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था।

**दोनों पक्ष के परिजन भी थे मौजूदः** पहली पत्नी चार बच्चे को छोड़ प्रेमी संग फरार हो गई। इसके बाद लड़के ने शुक्रवार को शादी किया। इस शादी में ना बैंड, ना बाजा और ना ही बारात था। दुल्हन आरती ने बताया कि इस शादी से वह काफी खुश है।वहीं मदन ने बताया की पहली पत्नी से चार बच्चे हुए, लेकिन वह अपने प्रेमी के साथ फरार हो गए। बच्चों के देखभाल के लिए उसने दूसरी शादी रचाई। शुक्रवार को पहले कोर्ट मैरिज में शादी किया और



◆ दूल्हे ने कहा- पहली पत्नी प्रेमी संग फरार हो गई, बच्चों के देखभाल के लिए कर रहा विवाह

उसके बाद मंदिर के किनारे शादी की। हम दोनों काफी खुश हैं। हम आरती को अपने पास रखेंगे। इस दौरान दोनों पक्ष से परिवार वाले आए थे। दोनों परिवारों के रजामंदी के बीच शादी हुई है।

## मौत बनकर एनएच-80 पर दौड़ रहे हैं छर्री व फ्लाई ऐश लदे ओवरलोड ट्रक

निज संवाददाता। घोघा

निर्माणाधीन एनएच-80 पर छर्री और फ्लाई ऐश लदे ओवरलोड वाहन मौत बनकर दौड़ रहे हैं। ये वाहन अक्सर असंतुलित होकर दूसरे वाहन से टकरा रहे हैं या पलट रहे हैं। इससे किसी न किसी वाहन उसकी चपेट में आते हैं और लोगों की मौत हो रही है। एक साल में सिर्फ घोघा थाना क्षेत्र में एनएच पर ओवरलोड वाहनों से कुचलकर 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बाबजूद, पुलिस और प्रशासन ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर रोक नहीं लगा रहा है। बीते सोमवार की रात आमापुर के पास छर्री लदे ओवरलोड हाईवा एक बारात गाड़ी पर पलट गया था। इस हादसे में छह बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लोगों का कहना है कि कहलगांव अनुमंडल में दो-दो एसडीपीओ की तैनाती के बाद भी एनएच पर ओवरलोड वाहनों के परिचालन पर रोक नहीं लग पा रही है। सूत्रों की मानें तो घोघा से पीरपैंती के बीच खनन विभाग ने कई लोगों को छर्री डिपो का लाइसेंस दिया है। लेकिन, इनलोगों द्वारा झारखंड के मिर्जांचौकी से अंडरलोड वाले ट्रक मालिक से सेटिंग कर इन डिपो में छर्री लोड करते हैं। उसके बाद पासिंग माफियाओं का खेल चलता है और दर्जनों थानों में नजराना देते हुए ट्रक अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचता है।

आमापुर की घटना में शामिल ओवरलोड ट्रक भी पीरपैंती के साधु मठिया के पास डिपो से ही छर्री लोड किया गया था।कहलगांव की उपप्रमुख चांदनी देवी ने कहा कि ओवरलोड वाहन अक्सर असंतुलित होकर पलट रहे हैं और इसका खामियाजा निर्दोष लोगों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। इस पर अंकुश लगाना चाहिए। टेंपो चालक केदार मंडल, प्रकाश मंडल का कहना है कि छर्री व फ्लाई ऐश ढोने वाले अधिकांश ट्रक ओवरलोड चलते हैं। आधा-अधूरा तिरपाल से ढकने के कारण सड़क पर राख गिरती है। ट्रकों से राख गिरने के कारण दिखाई नहीं देता है। इससे हादसे का खतरा रहता है। ग्रामीण पवन कुमार ने कहा कि फ्लाई ऐश ढोने वाले 90 फीसदी ट्रक मानकों का पालन नहीं करते हैं। संजीव चौधरी का कहना है कि ओवरलोड वाहनों से 6 माह में पीरपैंती से भागलपुर जीरोमाइल के बीच दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। उदय भारती ने कहा कि राख ढुलाई के लिए ट्रक चालकों के लिए मानक तय होना चाहिए। पन्नूचक डायवर्सन के पास जाम में फंसे एक ट्रक के ड्राइवर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हमलोग झारखंड में मानक के अनुसार ट्रक में छर्री लोड करते है। झारखंड की सीमा पार करने के बाद पीरपैंती के एक डिपो से राजा नाम के व्यक्ति ट्रक मालिक के साठगांठ कर ट्रक पर और माल लोड करवाता है। पीरपैंती से नारायणपुर तक प्रति गाड़ी 6 हजार रुपए पासिंग के नाम पर वसूला जाता है। जब उससे पूछा गया कि इतनी दूरी के बीच किसी थाना के अधिकारी गाड़ी नहीं रोकते तो कहा कि रोकते है, लेकिन पता नहीं पुलिस वाले अपने मोबाईल में कुछ देखने के बाद गाड़ी नंबर का मिलान कर छोड़ देते हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## ट्रूडो की गलती

कनाडा में रविवार को हुए एक कार्यक्रम में जिस तरह से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाते रहे, उस पर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर को तलब कर ठीक ही इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। खालसा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारतीय नेताओं को निज्जर का हत्यारा बताया गया था। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वहां मौजूदगी के बावजूद इन सबको रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश नहीं दिखी। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार राजनयिक पैमाने पर बिल्कुल फिट नहीं बैठता। दोनों देशों के रिश्ते अगर इस मोड़ पर आ गए हैं, जहां उनके बीच भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। कनाडा में इन तत्वों को जिस तरह का खुला स्पेस दे दिया गया है, उसके पीछे वोट बैंक की राजनीति है। मगर लंबे काल में यह सबके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। अच्छा होगा कि कनाडा अपने पड़ोसी देश अमेरिका से सबक ले। स-में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर भी सवाल उठे थे। लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय इस मामले को सरकार के स्तर पर उठाया गया। स्वाभाविक ही भारत ने अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के दरम्यान नहीं आने दिया गया। निश्चित रूप से कनाडा इस मामले में एक बहुत बुरे उदाहरण के रूप में सामने आया है, लेकिन खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियां कई और देशों में मसला बनी हुई हैं। सभी संबंधित देशों को देर-सबेर यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक स्पेस की आड़ में किसी अन्य देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों को चलने देने की वकालत ठीक नहीं है।

## दवाओं पर सवाल

भ्रामक विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय का रुख कदापि नरम पड़ता नहीं दिख रहा है और उसके कड़े रुख का जमीनी असर दिखाई पड़ने लगा है। उत्तराखंड सरकार ने पंतजलि आयुर्वेद की 14 दवाओं के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। बेशक, सर्वोच्च न्यायालय की तारीफ की जा सकती है कि वह पूरे सोच-विचार के बाद ही सजा देने की ओर बढ़ रहा है। लोगों को लग सकता है कि सजा सुनाने में देरी हो रही है, लेकिन वास्तव में न्यायालय सभी पक्षों को सुनवाई का पूरा मौका देना चाहता है और यही न्यायोचित है। न्यायालय कथित औषधि के भ्रामक विज्ञापन के मामले में समाज के सामने व्यापकता में आदर्श रखना चाहता है। मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को भी अदालत ने फिर एक बार आड़े हाथों लिया। पिछली सुनवाई के समय शीर्ष अदालत ने कहा था कि एलोपैथिक डॉक्टर गैरजरूरी और महंगी दवाइयां लिखते हैं। यह बात आईएमए अध्यक्ष आर वी अशोकन को अच्छी नहीं लगी, तो उन्होंने अदालती टिप्पणी को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया था। ध्यान रहे, आईएमए ही पंतजलि आयुर्वेद के खिलाफ अदालत गया है, पर आईएमए भी बेदाग नहीं है। गौर करने की बात है कि शीर्ष अदालत ने आईएमए के वकील से कह दिया है, ज्यादा गंभीर परिणामों के लिए तैयार रहें। मतलब, भ्रामक विज्ञापन प्रकरण में न केवल आयुर्वेद, बल्कि एलोपैथी की दुनिया को भी सबक लेने की जरूरत है। एलोपैथी को सफलतम व्यावहारिक उपचार विधि माना जाता है, पर यह नहीं मानना चाहिए कि वह सोलह आना सही है। आईएमए अध्यक्ष ने अहंकार और दुस्साहस का प्रदर्शन करते हुए यहां तक कह दिया था कि न्यायालय अस्पष्ट और अप्रासंगिक टिप्पणी कर रहा है और देश के चिकित्सा पेशे के खिलाफ व्यापक रुख अपनाना सर्वोच्च न्यायालय को शोभा नहीं देता है।

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

*शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही है। ऐसे में मोबाइल या सोशल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनाश के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।*

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्माटफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाये तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफेक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चें को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दो चार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा-चाची, मौसा मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है।

# समाजवादी वैचारिकी के पर्याय मधु लिमये का जीवन वृत्त

(मणेन्द्र मिश्रा)

पचास के दशक में जब डॉ राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया।उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया।जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये,अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाये गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है ।जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी। बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गयी।जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया।इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है। मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे।प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी।जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन मे ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अठ्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई। भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया,बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे। इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी हैं। मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए।संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था।संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों- मजलूमों के आवाज थे।उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था।उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिये मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा,राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे।उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है,उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गयी बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारम्भ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे। 1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अन्तर्सम्बन्धों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और सम्पूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5360



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 13 जून 1940 का जलियावाला बाग हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर रहे माइकल ओ डायर की हत्या की (5)
5. एक बार सांस लेने का समय, बल (2)
7. खिंचकर कड़ा होना, फैलना (3)
8. जब एक-दूसरे के मत परस्पर मिलते हो (4)
9. मंत्री, शतरंज की एक मोहर (3)
10. मान-मर्यादा, प्रतिज्ञा (2)
11. प्रकार, ढंग, उपाय, युक्ति (3)
12. क्रय-विक्रय की सामग्री, भोजन (2)
13. नित्य प्रतिदिन, गुलाब (अंग्रेजी)(2)
14. रस्म, प्रथा, रिवाज (2)
16. क्रोध या आवेश में आने का भाव (3)
18. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उनकी निधियों के रक्षक कहे गए है (2)
20. पानी, जल, वारि, सलिल (2)
21. आंख के बीच का काला भाग जिसके मध्य प्रकाश की किरणें प्रवेश करती है (3)
23. नक्षत्र, सितारा (2)
24. पार्वती का एक नाम (2)
25. सिर्फ, केवल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्राणीशास्त्र के अनुसार तंतु समूह कोशिकाओं का बना अंग (3)
2. गणित में जोड़ का चिन्ह, संपत्ति, रूपैया-पैसा (2)
3. मनाने का काम (4)
4. पुरानी फिल्मों के गीतकार (8)
5. बर्बरतापूर्वक दबाने वाला, अत्याचारी (5)
6. दार्शनिक प्रणाली, राय, सलाह, वोट (2)
10. भारत की पहली सवाक (बोलती)फिल्म (5)
12. शिकस्त, पराजय (2)
15. दिनांक, तारीख (2)
17. किस समय, किस वक्त (2)
19. घायल, हानि पहुंचाया हुआ, जख्मी (2)
22. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित एक देश (2)

### वर्ग पहेली 5359 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | मी | र | | गु | ज | रा | त |
| गु | ल | ब | द | न | | ति | ल |
| र | | ड़ | | गु | ला | ब | |
| | सं | | बे | ना | म | | |
| सा | के | त | | ना | का | | मु |
| म | त | ल | बी | | फ | की | र |
| वे | | घ | न | | | क | ली |
| द | रा | र | | सा | ग | क | |

# आज का राशिफल

### मेष

आज धन के मामले में आपको रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें। भावनात्मक रूप से दुःखी होंगे। आज आपके घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा और भाग्य आपका साथ देगा। निजी संबंधों के मामले में आप किसी से वादा न करें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### वृष

आज आर्थिक मामलों में समय लाभपूर्ण होगा और किस्मत आपका साथ देगी। कारोबार में सफलता मिलेगी और भाग्य भी आपका साथ देगा। आज आप शॉपिंग के मूड में रहेंगे। आप खुलकर खरीदारी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करने से आपका मन प्रसन्न होगा। पारिवारिक रिश्तों को आप अच्छी तरह निभाएंगे।

### कर्क

आज लाभ का दिन है और आपको स्थापित कारोबार में लाभ होगा। आज आपको साझेदारी के सौदे में लाभ होगा और आपके आपसी संबंधों में मिठास बनी रहेगी। त्रिपक्षीय साझेदारी करने के बारे में सोच सकते हैं। आज किसी नए दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है। संसाधन जुटाकर आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

### सिंह

आज का दिन आर्थिक मामलों में काफी शानदार होगा। रुपये-पैसों के मामले में आप सचेत नहीं रहें, नहीं तो आपके हाथ से कोई मौका जा सकता है। आप एक शानदार और निजी अनुभव से वंचित हो सकते हैं। जीवन के हर क्षेत्र में आप बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। मकर राशि का व्यक्ति आपके लिए सदैव मददगार साबित होगा।

### मिथुन

आज आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं। अपने काम पर फोकस करें तो आपको लाभ होगा। अत्यधिक भावुकता से बचें। अतीत के बोझ को न ढोएं, वरना आपको सिर्फ दुख मिलेगा। निजी संबंधों के मामले में भावनाएं हावी रहेंगी। पुरानी लतों को छोड़ दें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### कन्या

आज काम के लोगों से संवाद स्थापित करने का वक्त है। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन सफलता से भरा होगा। निजी और व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे। अभिभावकों से आपको लाभ होगा।

### तुला

आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। निजी संबंधों के मामले में आपको मतभेद का सामना करना पड़ सकता है। आपको आज किसी अपने की मदद करनी पड़ सकती है। जिंदगी के तल्ख अनुभवों से सबक लेकर आगे बढ़ें और अपने काम पर ध्यान दें। अपने स्वभाव में हंसी खुशी को बरकरार रखें तो आपको फायदा होगा।

### वृश्चिक

आज आर्थिक मामलों में बदलाव का दिन है। तो फैसले लेंगे वो सही साबित होंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे और आपको इसमें सफलता भी मिलेगी। आज आपको आय के मामले में लाभ होगा। आप दूसरों से अपनी भावनाओं को छिपाने में सफल होंगे। आपका मन हल्का हो जाएगा। दूसरों को माफ करना सीखें।

### मकर

आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज आपके लिए बिजनस और कारोबार के मामले में एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं, वैसे ही आप हल्का व तनावरहित महसूस करेंगे। नए अवसरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। आज आपके लिए कई संभावनाओं की तलाश पूरी होगी।

### कुंभ

आज का दिन शुभ है। आज आप अपनी छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में खुद को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप असंभव से दिखने वाले कार्यों और चुनौतियों से रूबरू होंगे और उनका समाधन निकाल लेंगे। ऐसे लोगों से बचकर रहें, जो दिखावा पसंद करते हैं। आज फालतू खर्च से बचें, वरना आपका मासिक बजट बिगड़ सकता है।

### धनु

आज खुद को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप युवाओं प्रोत्साहित कर पाने में सफल होंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला ले सकती है और करियर के मामले में कोई बड़ा फैसला ले सकती है। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी और आपको रुके धन की प्राप्ति होगी। मूड को बोझिल न बनाएं।

### मीन

आज का दिन सफलता से भरा होगा। बेहतर होगा कि आज किसी से कोई उम्मीद न करें। इस तरह की सोच से उबरें, वरना आपको संघर्ष करना पड़ सकता है। आज आप खुद को थोड़ा सा हताश और निराश महसूस करेंगे। आपको कारोबार से जुड़े फैसले लेने मं सोचसमझकर काम करना चाहिए। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### एक साल देर से एडमिशन, 9 माह बाद भी नहीं भराया परीक्षा फॉर्म

**जमशेदपुर , एजेंसी।** कोल्हान विश्वविद्यालय की लेटलतीफी का खामियाजा एलएलबी के सत्र 2022-25 के फर्स्ट सेमेस्टर के स्टूडेंट्स भुगत रहे हैं। नामांकन के नौ महीने बाद भी विवि ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित नहीं की है। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार अभी तक इस सत्र के पहले सेमेस्टर की परीक्षा हो जानी चाहिए थी। हैरान करने वाली बता यह है कि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में सत्र 2022-25 के विद्यार्थियों का नामांकन एक साल विलंब से 2023 में हुआ और उनकी कक्षा 5 सितंबर 2023 से शुरू हुई।ऐसे में यह सत्र डेढ़ साल लेट हो चुका है। ऐसे में स्टूडेंट्स परेशान हैं। उनका कहना है- उन्होंने विश्वविद्यालय से परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित करने की मांग की थी। लेकिन अभी तक विवि ने उनकी मांग नहीं सुनी है। इससे पहले विवि के परीक्षा विभाग ने सत्र 2021-24 के तीसरे सेमेस्टर और 2020-23 के छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम भी जारी नहीं किया है।

### चिकन पॉक्स पीड़ितों का सैंपल भेजा गया जांच में

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पटमदा प्रखंड के बांदाडीह और गोपालपुर गांव में चिकन पॉक्स फैलने के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम दोनों गांवों में कैंप कर आक्रांतों का इलाज किया। बांदाडीह में 9 और गोपालपुर में 5 लोग चिकन पॉक्स से पीड़ित पाए गए हैं। पटमदा सीएचसी के डॉ. प्रशांत रंजन के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने आक्रांतों का इलाज कर उन्हें दवा दी। साथ ही होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी। उधर, जिला मुख्यालय से सर्विलांस विभाग की टीम भी दोनों गांव पहुंचे और 6 आक्रांतों का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया। डॉ. असद ने बताया कि ब्लड सैंपल को जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज का लैब भेजा जाएगा।

### करीम सिटी कॉलेज में मजदूर दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर हिंदी विभाग, करीम सिटी कॉलेज के तत्वाधान में एक संगोष्ठी आयोजित हुई जिसका शीर्षक था- फ्रहिंदी कहानी में श्रमजीवनफ्र। संगोष्ठी की अध्यक्षता हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ एस सी गुप्ता ने की तथा हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ फिरोज आलम ने विषय प्रवेश कराते हुए श्रमजीवन की वास्तविकता का शाब्दिक चित्रण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जिस के तहत हिंदी में लिखी गई श्रमजीवन पर आधारित अनेकों कहानियों की चर्चा की। शिक्षक के अलावा छात्र-छात्राओं ने भी इस संगोष्ठी में अपने विचार रखे। हिंदी प्रतिष्ठा के जिन छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखें उनमें राहुल मंडल, प्रतिभा त्रिपाठी, निशा भट्टाचार्य तथा खुशबू कुमारी के नाम प्रमुख हैं ।अंत में डॉ गुप्ता ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रेमचंद से लेकर समकालीन कहानीकारों की चर्चा करते हुए श्रमजीवन से संबंधित विभिन्न प्रश्नों तथा चुनौतियों को रेखांकित किया। इस संदर्भ में उन्होंने विशेष रूप से प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी सवा सेर गेहूं तथा भीष्म साहनी की कहानी गंगा की जाया की चर्चा की ।अंत में प्रतिभा त्रिपाठी ने सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

### बिजली और जलापूर्ति विभाग के कर्मियों को किया गया सम्मानित

**धनबाद/सिंदरी, एजेंसी।** विपरीत परिस्थितियों में भी सिंदरी की हजारों की आबादी को पानी और बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले बिजली विभाग और जल विभाग के कर्मचारियों को जनता मजदूर संघ बच्चा गुट ने मजदूर दिवस के अवसर पर बुधवार को सम्मानित किया। जमसं के रोहराबांध स्थित कार्यालय में आयोजित समारोह में जमसं सिंदरी शाखा के सचिव वेद प्रकाश ओझा ने कहा कि बिजली और जलापूर्ति विभाग के इन कर्मचारियों को मजदूर दिवस के अवसर पर प्रणाम करता हूं। जो अपने परिश्रम से सालों भर बिजली और पानी की आपूर्ति करते हैं ।बिजली विभाग के लोकेश बनर्जी, दीपक प्रमाणिक, सोहन दूबे, संत सिंह और जलापूर्ति विभाग के सपन मल्लिक डोमगढ़ और सपन मल्लिक सिंदरी बस्ती को माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर जमसं के पप्पू सिंह, संतोष सिंह, दीपक गिरी, अंशु सिंह मौजूद थे। एसीसी सीमेंट फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन के द्वारा एसीसी में मजदूर दिवस मनाया गया। यूनियन के महामंत्री जयराम सिंह यादव ने झंडा फहराया और एक मिनट का मौन रखकर शिकांगो के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुकेश कुमार पांडेय, तारकेश्वर यादव, अनिल विश्वकर्मा मौजूद थे।

### बायोम इंस्टीट्यूट के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 1500 छात्र शामिल

जमशेदपुर , एजेंसी। बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से गुरुनानक स्कूल सभागार ( रांची ) में ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2024 का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न 23 बैच के 1500 से अधिक विद्यार्थी व अभिभावक शामिल हुए। मुख्य रूप से फाउंडेशन बैच, फ्रेशर्स बैच और टारगेट बैच के स्टूडेंट्स शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे विद्यार्थी जो नीट-यूजी को लक्ष्य मानते हैं, को विषय विशेषज्ञों के जरिए मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम में बतौर अतिथि संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज सिंह, शिक्षक वेंकट और प्रिया शामिल रहीं। पंकज सिंह ने कहा- नीट यूजी को लक्ष्य मानते हैं तो परिश्रम से न भागें। विषय विशेषज्ञ शिक्षक प्रिया, संतोष, शशिकांत, चंदन, रोशन, नेहा और मनीष ने विद्यार्थियों को विषयों से रूबरू कराया। इस दौरान फ्रेशर्स बैच के सात विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें दिव्या कुमारी, सिद्धार्थ अग्रवाल, अभिषेक केसरी, राहुल कुमार मिश्रा, करण सिंह, राघव राज और शिव राज रूद्र शामिल रहे।

## जेएमएम-कांग्रेस वाले अपने बच्चों के लिए काली कमाई छोड़कर जाएंगे,

# पलामू में पीएम मोदी का बड़ा हमला

**रांची, एजेंसी।** पीएम मोदी आज यानी शनिवार को भी झारखंड दौरे पर हैं और पलामू में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी थी। आपने 2014 में अपने एक वोट से कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। आपके एक वोट ने एनडीए की सरकार बनाई।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आपके इस एक वोट की ताकत से आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। 500 साल से हमारी कितनी ही पीढियां संघर्ष करती रही, इंतजार करती रही, लाखों लोग शहीद हुए, 500 साल लंबा संघर्ष चला। शायद इतिहास में इतना लंबा संघर्ष कहीं नहीं हुआ, जो अयोध्या में हुआ। 500 साल में जो काम नहीं हुआ, आपके एक वोट से वो कार्य पूरा हुआ और आज अयोध्या में राम मंदिर बन गया। आपके एक वोट की ताकत से जम्मू कश्मीर में धारा 370 की



दीवार को जमीन में गाड़ दिया गया।

हमारे झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश में, पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सलवाद, आतंकवाद फैला कर यहां की धरती को लहूलुहान कर देता था। आपके एक वोट ने कितनी ही माताओं की आस पूरी की और इस धरती को नक्सलवादी आतंकवाद से मुक्ति दिला दी।

एक वो स्थिति थी, जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया भर में जाकर रोती थी, लेकिन आज स्थिति ये है कि पाकिस्तान दुनिया भर में जाकर रो रहा है।आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस के शहजादे को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं, लेकिन मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है। पूरा हिंदुस्तान कह रहा है - मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार, मजबूत सरकार के लिए मोदी सरकार।

कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। निराश-हताश लोग अब कुंठित हो गए हैं। एक कहावत है - जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई! कांग्रेस के शहजादे की हालत वही है।आपके आशीर्वाद से सीएम और पीएम के रूप में देशवासियों की सेवा करते हुए मुझे अब 25 साल हो जाएंगे। इन 25 वर्षों में आपके आशीर्वाद से मोदी पर एक पैसे के घोटाले का भी आरोप नहीं लगा है। मैं आज भी पद, प्रतिष्ठा, सुख-समृद्धि से दूर आज भी वैसा ही हूं, जैसा आपने मुझे यहां भेजा था। मोदी मौज नहीं, मिशन के लिए पैदा हुआ है।उन्होंने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस के नेताओ ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी की है। संपत्ति हो, राजनीति हो, सब कुछ ये अपने-अपने बच्चों के लिए अर्जित कर रहे हैं। ये उनके लिए विरासत में ढेर सारी काली कमाई छोड़ कर जाएंगे

मोदी के 10 साल के सेवाकाल में 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसलिए वो आज भाजपा को आशीर्वाद दे रहे हैं। इन गरीब भाई-बहनों के आशीर्वाद ही मेरी शक्ति और मेरी पूंजी है। मैं तो गरीबी का जीवन जीकर आया हूं।

इसलिए 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा, मेरे जीवन के अनुभव ही हैं। जब आज लाभार्थियों से मिलता हूं, तो खुशी के मारे आंसू आ ही जाते हैं। ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो, जिसने कष्ट में जीवन गुजारा हो।मोदी यहां रोजगार बढ़ाना चाहता है, आपके जीवन में खुशहाली लाना चाहता है, लेकिन कांग्रेस वालों की नजर आपकी जमीन जायदाद पर पड़ गई है। कांग्रेस-जेएमएम को और कुछ नजर ही नहीं आता है।मेरे आदिवासी, दलित और पिछड़े भाई-बहन लिख कर रख लें कि जब तक मोदी जिंदा है तब तक दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण में से रत्तीभर भी मैं धर्म के आधार पर उनके वोट बैंक को नहीं देने दूंगा।

## डॉ. जे शरण लैब हजारीबाग को मिली एनएबीएल की मान्यता

**रांची, एजेंसी।** देश की सर्वोच्च संस्था नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) ने डॉ. जे शरण पैथोलाजिकल लैबोरेट्री, हजारीबाग को मान्यता दी है। लैब के डायरेक्टर डॉ. नितीन शरण व डॉ. शिप्रा शरण ने बताया कि एनएबीएल मिलना हमारे द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण सेवा को प्रमाणित करता है।

लैब को सभी पैथोलाजिकल जांच के लिए मान्यता मिली है। हजारीबाग सदर अस्पताल के समीप अवस्थित डॉ. जे शरण पैथॉलाजी लैब के संबंध में डॉ. नितिन शरण ने बताया कि लैब में अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जिसमें एक सैंपल से 400 प्रकार के टेस्ट की सुविधा है। एनएबीएल मान्यता यह सुनिश्चित करती है कि प्रयोगशाला मानक प्रक्रियाओं का पालन करती है और कैलिब्रेटेड उपकरणों का उपयोग करती है। इस प्रकार यह सुनिश्चित करती है कि परिणाम सटीक और विश्वसनीय हैं। यह



बदले में, बीमारियों का बेहतर निदान, उपचार और प्रबंधन सुनिश्चित करता है। एनएबीएल मान्यता प्राप्त करने वाला हजारीबाग का यह पहला लैब है। एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में अनुभवी और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं जो अपने क्षेत्र में जानकार हैं। वे सख्त प्रोटोकॉल और दिशानिर्देशों का पालन करते हैं, जो सुनिश्चित करता है कि परिणाम सटीक और सटीक हों। पैथोलॉजी लैब का संचालन गुंजन पोद्दार और हर्षवर्धन सिंह के द्वारा किया जा रहा है। इस पैथोलॉजी लैब में सभी प्रकार के जांच की रिपोर्ट 2-3 घंटे में उपलब्ध कराई जाती है।

## गिरिडीह लोकसभा सीट के इस प्रत्याशी को जारी हुआ नोटिस, 7 मई उपस्थित होने का दिया आदेश

**बोकारो, एजेंसी।** गिरिडीह लोकसभा की निर्वाची पदाधिकारी विजया जाधव ने जयराम महतो को नोटिस जारी कर सात मई को नामांकन पत्र की संविक्षा के दौरान सभी प्रस्तावकों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।



जारी नोटिस में कहा गया है कि जयराम कुमार महतो. पिता-कृष्ण प्रसाद महतो, पता- ग्राम मानटांड, चितरपुर, तोपचांची, जिला-धनबाद को सूचित किया जाता है कि आपने 1 मई को 06-गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष 3 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है।

नोटिस में यह भी लिखा गया है कि आपके द्वारा समर्पित नाम निर्देशन पत्र में उल्लेखित प्रस्तावक में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। जिसका सत्यापन किया जाना आवश्यक है।

इस संबंध में आपको अवगत कराने हेतु 06-गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने आपके मोबाइल संख्या 7543097890 पर संपर्क किया गया पर आपके द्वारा फोन नहीं उठाया गया एवं आपसे किसी प्रकार का प्रति उत्तर भी प्राप्त नहीं हुआ।

सूचित किया जाता है कि यह नोटिस आपके नाम-निर्देशन पत्र में उल्लेखित पते पर एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा रही है। सभी प्रस्तावकों के वैध कागजात के साथ सात मई को 11 बजे से 12.30 बजे तक उपस्थित हो।

एक मई को नामांकन के बाद नगड़ी थाने में दर्ज मामले को लेकर गिरफ्तार करने पहुंची रांची पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने सभा करने के बाद गिरफ्तारी देने की बात कहकर भीड़ में गायब हो गए थे।

## पीटी करते-करते बेहोश होकर गिरा, पांचवीं के छात्र की मौत; पिता ने कोविड वैक्सीन पर जताया शक

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड के रामगढ़ के राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की सुबह पीटी के दौरान 12 वर्षीय छात्र आर्यन कुमार अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। आर्यन स्कूल हॉस्टल में रहकर पांचवीं कक्षा में पढ़ रहा था। वह मांडू के बसंतपुर नीम टोला निवासी नेहरू कुमार गंझू का पुत्र था। मौत का कारण क्या है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस मामले में डीईओ नीलम शर्मा ने स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण पूछा है। साथ ही डीएसई संजीत कुमार के नेतृत्व में जांच टीम भी बनाई है। यह टीम शनिवार को स्कूल जाकर जांच करेगी।

इधर, मृत छात्र के पिता नेहरू गंझू ने बताया कि उनका बेटा सेहतमंद था। अचानक गिरने से उसकी मौत समझ में नहीं आ रही है। आर्यन को 2021 में कोरोना का टीका (कोविशील्ड) लगा था और वह बिल्कुल स्वस्थ था। रामगढ़ के



सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी ने बताया कि सदर अस्पताल में आर्यन के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है। विसरा सुरक्षित रखा गया है। रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दिन में दो बजे शव परिजनों को सौंप दिया।

**तीन अस्पताल ले गए शिक्षक, तब हुई मौत की पुष्टि**

राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्र आर्यन को गिरने के बाद उसे तीन अस्पताल ले जाया गया, तब जाकर उसकी मौत की पुष्टि हुई। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, छात्रावास में रहने वाले सभी छात्रों की रोज सुबह गिनती होती है। इसके लिए छात्रों को ग्राउंड में जाना होता है। वहां वार्डन की मौजूदगी में टीचर द्वारा पीटी कराई जाती है।

छात्रावास के सभी बच्चे शुक्रवार को सुबह उठने के बाद ग्राउंड में गए। वहां गिनती के बाद पीटी कराई जाने लगी। इसी दौरान अचानक पांचवीं का छात्र 12 वर्षीय आर्यन कुमार बेहोश होकर गिर पड़ा। वार्डन समेत अन्य छात्र उसे हिलाने-डुलाने लगे। चेहरे पर पानी के छींटे मारने लगे, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। आनन-फानन में उसे झारखंड अस्पताल ले जाया गया। वहां आर्यन के शरीर में कोई हलचल न होती देख डॉक्टरों ने दूसरे अस्पताल में ले जाने को कहा।

स्कूल के टीचर वहां से आर्यन को होप अस्पताल ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने जांच की, पर आर्यन के शरीर में कोई प्रतिक्रिया नहीं होती देख सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद वहां से आर्यन को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, स्कूल प्रबंधन की ओर से घटना की जानकारी आर्यन के पिता मांडू के बसंतपुर नीम टोला निवासी नेहरू कुमार गंझू को दी गई।

## चमरा लिंडा बतायें 15 सालों में कितने दिन विधान सभा गये हैंःगीता श्री

**कामडारा , एजेंसी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्टार प्रचारक पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कामडारा प्रखंड के सरिता पंचायत, सालेगुटु पंचायत,कुलबुरु पंचायत,आर्या पंचायत में जनसंपर्क कर कांग्रेस के विचारधारा और कांग्रेस के गारंटी कार्ड का वितरण किया। इस दौरान गीताश्री उरांव ने ग्रामीण वोटरों को बताया कि भाजपा ने देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और इलेक्ट्रोल बॉन्ड के नाम पर देश को लूटने का काम किया। जिसका असर आज हमे देखने को मिल रहा है। आज भाजपा पैसा देकर चमरा लिंडा को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में खड़ा किया है, जो आदिवासियों के लिए सरना कोड की बाते कर रहे हैं ,लेकिन इनको बताने की आवश्यकता है की 15 सालों में कितने दिन विधानसभा गए हैं। जब सरना कोड के लिए विशेष सत्र बुलाई गई थी तब कहां थे। आज आदिवासियों को बरगालने का प्रयास किया जा रहा है । आदिवासी समाज को सतर्क रहने की जरूरत है । कांग्रेस ही सभी जाति धर्म को एकसाथ लेकर चलता है। कांग्रेस के गारंटी पर विश्वास करें ,जो युवाओं को,महिलाओं को,किसानों को,श्रमिको के लिए सही निर्णय लेते हुए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनसंपर्क अभियान में प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा,अजीत गुड़िया,सुनीता टेटे,मुमताज खान,प्रमोदीत आइंद,अजय साहू,फगुवा घोषाल,प्रेमप्रकाश सुरीन आदि शामिल थे।

## झारखंड के 10 जिलों में पारा 40 डिग्री के पार, 5 जिलों में आज हीट वेव का अलर्ट; छह मई को बारिश की संभावना



**रांची , एजेंसी।** झारखंड इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। हालांकि, दो दिन पहले तापमान में हल्की गिरावट आई थी, लेकिन अब एक बार फिर तापमान बढ़ने लगा है। प्रदेश के 10 जिलों का तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने आज झारखंड के पांच जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। जिनमें सराइकेला- खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़ और गोड्डा शामिल है। इन जिलों में तापमान भी 40 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है।

पांच मई को भी राज्य में 11 जिलों में हीट वेव के आसार हैं, जिसे लेकर मौसम विभाग ने पहले ही सतर्क रहने की अपील की है। इनमें सरायकेला- खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, साहिबगंज. पाकुड़ और गोड्डा जैसे शहर शामिल हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि 6 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी भाग में बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटा रह सकती है। तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के कई जिलों में मौसम शुष्क रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा में 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे में जिन इलाकों में तापमान में सबसे अधिक बढ़त दर्ज की गई, उनमें चाईबासा है।

यहां तापमान में 3.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज की गई है, जिसके बाद चाईबासा का तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। डाल्टेनगंज के न्यूनतम तापमान में 5.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जिसके बाद डाल्टेनगंज का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राज्य के कई जिलों में तापमान में गिरावट के बाद के बाद एक बार फिर बढ़त दिखने लगी है। कल राज्य में सात जिले ऐसे थे जहां का पारा 40 के पार था आज 10 जिले ऐसे हैं जहां का तापमान 40 के आंकड़े को पार कर रहा है।

## उत्पाद विभाग की टीम ने गांडेडुंगरी और उकाम जंगल में छापेमारी की, 70 लीटर अवेध शराब बरामद



**गम्हरिया , एजेंसी।** लोकसभा के चौथे चरण के मतदान के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर बने मतदान केन्द्र पर पोस्टल बैलेट से मतदान देना शुरू कर दिया है। सहायक निबंधक निर्वाचक पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि इससे बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं में उत्साह हैं। बताया गया कि गम्हरिया प्रखंड के सरायकेला एवं खरसावां दो विधानसभा क्षेत्र के 23 मतदाताओं में से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से 2 से 5 मई तक यह सुविधा प्रदान की गई है। बीएलओ घर-घर से फार्म प्राप्त किए जाने के बाद 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के डाक मतपत्र से घर पर मतदान करने की व्यवस्था में जुटे हैं। प्रखंड क्षेत्र में सरायकेला 51 विधानसभा के आदित्यपुर और गम्हरिया ग्रामीण के 21 एवं खरसावां 57 विधानसभा क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित किए गए। 2 मतदाताओं ने घर पर पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करेंगे।

बताया गया कि पोलिंग पार्टी ने वोटिंग कम्पार्टमेंट तैयार किया गया है। बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं को मुहर, बैलेट पेपर दिया गया । बुजुर्गो, दिव्यांगों बैलेट पेपर से पसंदीदा प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाएंगे। फिर उसे लिफाफे में बंद करके बैलेट वॉक्स में डाल दिया जाएगा। शुक्रवार को बुजुर्ग, दिव्यांगों ने चारपाई, कुर्सी पर बैठकर अपने मत का पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्रयोग किया। घर से मतदान करने की सुविधा मिलने पर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोलिंग पार्टी को धन्यवाद दिया है। सीडीपीओ साधना चौधरी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोट डालने का मौका दिया गया है। इसमें बीएलओ के तौर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं की अहम भूमिका है।गम्हरिया 7 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को गुप्त सूचना पर गम्हरिया थानांतर्गत गांडेडुंगरी और उकाम जंगल में चल रहे अवैध शराब भट्ठियों में छापेमारी की। इसमें गम्हरिया पुलिस ने भी सहयोग किया। इस दौरान टीम ने वहां चल रहे भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया एवं लगभग 8400 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट कर दिया। टीम ने भट्ठियों से 70 लीटर चुलाई शराब बरामद किया है।

# सरकारी योजना को लेकर विवाद से बौखलाए बेटे ने पिता की कद दी हत्या

**रांची, एजेंसी।** झारखंड से पिता और बेटे के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है जहां एक बेटे ने सरकारी स्कीम के चलते अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच अबुआ आवास योजना को लेकर कोई विवाद हो गया था जिससे गुस्साए बेटे ने पिता को मौत के घाट उतार दिया। अबुआ आवास योजना झारखंड सरकार की योजना है।

मामला पलामू जिले का बताया जा रहा है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पलामू जिले में अबुआ आवास को लेकर हुए विवाद में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके बेटे ने गोली मारकर हत्या कर दी।



**अबुआ आवास के तहत आवंटित हुआ था घर :** घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। 60 वर्षीय मृतक की पहचान कृष्ण सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसे ही अबुआ आवास योजना के तहत एक घर आवंटित किया गया था। छतरपुर के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) नौशाद आलम ने कहा कि घटना गुरुवार रात नौडीहा बाजार पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत रत्नाग गांव में हुई। इस दौरान छोटे बेटे ने पिस्तौल से गोली मारकर अपने पिता की हत्या कर दी। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार है।

कृष्ण सिंह की बेटी और दूसरे बेटे ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि गुरुवार को उनके पिता और भाई के बीच अबुआ आवास स्कीम को लेकर बहस हो गई। बाद में यह बहस इतनी बढ़ गई कि भाई ने उनके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने वाला मृत का छोटा बेटा बताया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि कृष्ण सिंह अपने बड़े बेटे की जमीन पर घर बनाना चाहता था लेकिन उसका छोटा बेटा इसके लिए सहमत नहीं था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के पीए से हारने वाली हैं स्मृति ईरानी: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा अमेठी से पहले और भी लोगों ने चुनाव लड़ा है जो गांधी परिवार के बहुत ही करीब रहे... भाजपा को क्या पड़ी है कि कौन कहां से चुनाव लड़े? मुझे स्मृति ईरानी पर बहुत दया आती है कि वे राहुल गांधी के पीए से हारने वाली हैं। ये बहुत ही सोच समझकर लिया हुआ निर्णय है... के.एल. शर्मा बहुत ही जमीनी कार्यकर्ता हैं... कांग्रेस पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता इस बार स्मृति ईरानी को परास्त करेगा। आपको बता दे की कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब यूपी की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगे। जबकि उनकी परंपरागत सीट अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। फिलहाल प्रियंका गांधी चुनाव मैदान से बाहर दिख रही हैं। इससे पहले उन्हें रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं।

### अब 400 पार की? बात नहीं कर रही भाजपा, दो चरणों के मतदान के बाद क्यों डर रहे हैं मोदी- कांग्रेस

**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस कमेटी के सदस्य गुरदीप सप्पल ने आज पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार डरी हुई सरकार है यह सरकार जल्द ही जाने वाली है। मोदी जी जो खुद डरे है, कांग्रेस को उल्टा सलाह दे रहे है कि डरो मत। अब मोदी जी की अबकी बार 400 पार बोल कर दिखाने की हिम्मत नही हो रही। उन्होंने कहा कि मोदी इस बात का जवाब दे कि कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव से क्यों भाग खड़ी हुई। तीन सीटें है कश्मीर में, लेकिन बीजेपी एक भी सीट पर चुनाव लडने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही। उन्होंने कहा ये वो कश्मीर है जिस कश्मीर पॉलिसी को लेकर मोदी अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानते है। उन्होंने आगे कहा पीएम मोदी डरिये मत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। आप जाइए वहां से चुनाव लड़िए आप चार सौ पार की बात करते है फिर क्यों कश्मीर की तीन सीटों को जाने दे रहे हैं। मोदी सरकार में महंगाई लोगों को चुभ रही है। पढ़ाई, दवाई, रोजमर्रा की जरूरतों को पूरी करने के लिए लोग अपनी बचत का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा मोदी जी मंगलसूत्र की बात करते है पिछले पांच वर्षों में गोल्ड लोन लगभग पांच प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने देश को इस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां महिलाएं अपने जेवर, मंगलसूत्र गिरवी रखकर अपने घर,बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठा रही हैं। गुरदीप सप्पल ने कहा अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो हम सबसे पहले महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देंगे। ताकि महिलाएं अपनी बचत काट कर अपनी जरूरतों को पूरा ना करना पड़े। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने जो मंगलसूत्र गिरवी रखवा दिए उनको भी महिलाएं छुड़ाकर वापस ले आएं। महिलाओं की बेसिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार महिलाओं को साल में एक लाख रुपए महीने के लगभग साढ़े आठ हजार रुपए हर साल देगी।

### शहरी वोटरों से परेशान हो गया चुनाव आयोग, पहले से भी कम हो गया इस बार का मतदान

**बेंगलुरु , एजेंसी।** लोकसभा के लिए बीते दो चरणों में कम मतदान चिंता का विषय बना हुआ है। चुनाव आयोग ने भी इसपर निराशा जताई है। शुक्रवार को चुनाव आयोग ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के वोटर मतदान के प्रति ज्यादा ही उदासीन हैं। बता दें कि 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में 4 फीसदी और दूसरे चरण में तीन फीसदी की कमी देखी गई है। पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और 66.14 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी। वहीं दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 फीसदी वोट पड़े थे। पहले दो चरणों में शहरी सीटों पर मतदान में खासी कमी देखी गई है। लंबे समय से चुनाव आयोग प्रयास करता है कि शहरी सीटों वर वोटिंग बढ़े लेकिन इसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। उलटे इस बार वोटिंग पर्सेंट घट गया है। गाजियाबाद में इस बार 6 फीसदी कम यानी केवल 49.88 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई जो कि 2019 में 55.88 फीसदी थी।

# वीआईपी बंदियों वाली दिल्ली की तिहाड़ जेल की सुरक्षा में फिर सेंध, 4 साल में 6 कैदियों की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एशिया की सबसे सुरक्षित जेल कहलाने वाली दिल्ली की तिहाड़ जेल की सुरक्षा में एक बार फिर सेंध लग गई है। जेल नंबर-3 में शुक्रवार को दो कैदियों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान अफगान मूल के नागरिक ने विचाराधीन कैदी को चाकू से गोद डाला।

सूचना पर पहुंची पुलिस 29 वर्षीय घायल दीपक को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच के लिए स्थानीय मजिस्ट्रेट को सूचना दी। मजिस्ट्रेट ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि मृतक 29 वर्षीय दीपक अपने परिवार के साथ शकूरपुर में रहता था। दीपक को पश्चिम विहार थाना पुलिस ने 2018 में लूट और हत्या के केस में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि दीपक की हत्या करने वाला




44 वर्षीय अब्दुल बशीर अखोंदजादा ई-104, लाजपत नगर में रहता है। अब्दुल मूल रूप से अफगानिस्तान का रहने वाला है। अब्दुल को लाजपत नगर थाना पुलिस ने मार्च 2019 में आईपीसी की धारा 307 के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था। अब्दुल और दीपक को जेल नंबर-3 में रखा गया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अब्दुल और दीपक के बीच शुक्रवार सुबह ही खाना खाने को लेकर झगड़ा हुआ था। उस समय जेल नंबर-3 में मौजूद अन्य कैदियों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग कर दिया, जिसके बाद दोनों सेल में चले गए। दोपहर करीब 12.30 बजे अब्दुल ने दीपक पर हमला कर दिया। अब्दुल ने स्टील के बर्तन को नुकीला कर चाकू बनाया हुआ था, इसी चाकू से उसने दीपक के सीने पर हमला किया। नुकीला हिस्सा उसके दिल के पास लगा, जिससे वह बेसुध हो गया।

तिहाड़ प्रशासन का कहना है कि विचाराधीन कैदी पर हमले की सूचना पर क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंच गई। क्यूआरटी टीम ने दीपक को मेडिकल सहायता दी और उसे डीडीयू अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तिहाड़ जेल में कैदी की मौत के बाद जेल में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

तिहाड़ जेल में इस समय कई वीआईपी कैदी बंद हैं। इसके बाद भी जेल में हत्या से सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। तिहाड़ की जेल नंबर दो में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित बीआरएस नेता के कविता, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बंद हैं। इसके चलते तिहाड़ में अतिरिक्त सुरक्षा बरती जा रही है। जेल नंबर दो में चार क्यूआरटी टीम, तामिलनाडु पुलिस और तिहाड़ के सुरक्षाकर्मी हर समय मौजूद रहते हैं।

## रोहित वेमुला दलित नहीं था, तेलंगाना पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट की दाखिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र रोहित वेमुला की मौत मामले में एक स्थानीय कोर्ट के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रोहित वेमुला दलित नहीं था और उसने असली पहचान उजागर होने के डर से आत्महत्या की थी।



मामले की जांच करने वाली साइबराबाद पुलिस ने कोर्ट को बताया कि रोहित वेमुला अनुसूचित जाति का नहीं था और उसे इसकी जानकारी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतक को कई मुद्दे परेशान कर रहे थे, जिसकी वजह से वह आत्महत्या कर सकता था। बता दें कि रोहित वेमुला ने 2016 में आत्महत्या की थी। पुलिस ने कोर्ट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में बताया कि रोहित वेमुला को पता था कि वह अनुसूचित जाति से नहीं है और उसकी मां ने उसे एससी प्रमाण पत्र दिलाया था। इसे लेकर डर रहा होगा, क्योंकि इसके उजागर होने से उसे अपनी शैक्षणिक डिग्रियां खोनी पड़ सकती हैं और अभियोजन का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद यह स्थापित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला कि आरोपियों के कार्यों ने मृतक को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया है। आरोपियों में हैदराबाद यूनिवर्सिटी के तत्कालीन कुलपति अप्पा राव और हरियाणा के निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी शामिल थे।



## डीडीए के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की लोहे की चारदीवारी करने से भड़के खरीदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-14 में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के फ्लैट खरीदारों ने ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की लोहे की फेंसिंग से चारदीवारी करने का विरोध जताया है। ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारों का आरोप है कि डीडीए प्रशासन ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को खरीदने वाले लोगों को कॉमन पार्क व सामुदायिक हॉल से दूर करने के लिए यह कदम उठा रहा है। इससे पहले डीडीए के ब्रॉशर में फ्लैटों को बुक करते समय या पंजीकरण करते समय इसका कोई जिक्र नहीं किया गया था। द्वारका सेक्टर-14 में डीडीए का ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदने वाले दिवाकर सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार से डीडीए प्रशासन व प्राधिकरण के अधिकारियों की तरफ से बिना किसी सूचना के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की चारदीवारी की जा रही है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से गलत है। डीडीए की इस सोसाइटी में एलआईजी व एमआईजी फ्लैट भी मौजूद हैं। ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को खरीदने वाले लोगों को कॉमन पार्क व सामुदायिक हॉल परिसर में जाने से रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, जबकि इसका कोई अधिकारिक पत्र डीडीए ने ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारों को जारी नहीं किया है।

### 3 हजार से अधिक लोगों पर पड़ेगा असर

ईडब्ल्यूएस फ्लैट बुक करने वाले दीपक शर्मा ने बताया कि द्वारका सेक्टर-14 के पॉकेट-5 में डीडीए की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के तहत दिसंबर तक फ्लैट को बुक करा दिया था। यहां पर स्थित डीडीए की सोसाइटी में कुल 1008 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को लोगों ने खरीदा है। इन सभी को फ्लैटों के खरीदारी करने व अन्य दस्तावेज (पोजेशन लेटर) मार्च तक प्राप्त हो चुके हैं। अब डीडीए ने बीते सप्ताह से ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आसपास लोहे की फेंसिंग लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस संबंध में डीडीए के स्थानीय चीफ इंजीनियर को भी पत्र लिखा है। इस पर तुरंत उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। 3 मई यानी शुक्रवार को भी डीडीए प्रशासन के अधिकारी ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आसपास फेंसिंग करने के लिए पहुंचे हैं। यह कदम पूरी तरह से गलत है। इसका डीडीए प्रशासन की तरफ से कोई अधिकारिक सूचना पत्र ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारी को जारी नहीं किया गया है। इससे 3 हजार से अधिक ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदने वालों पर असर पड़ेगा। ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदार रंजीत कुमार ने कहा कि इस मामले को लेकर डीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारों के लिए यह कदम उचित नहीं है। इस संबंध में डीडीए से कार्रवाई को तुरंत प्रभाव से रोकने के लिए कह रहे हैं। इस संबंध में डीडीए प्रशासन से कई सवाल लोग सोसाइटी में आ रहे अधिकारियों से कर रहे हैं।

### दादा-दादी 70 साल की उम्र में पीयेंगे पोलियो ड्रॉप, हज पर जाने से पहले टीके भी लगेंगे

**हल्दवानी, एजेंसी।** दो बूंद जिंदगी की। ये स्लोगन सुनते ही एक मासूम से बच्चे की पोलियो ड्रॉप पीती तस्वीर जहन में आती है, लेकिन हल्द्वानी में हज जाने से पहले 70 साल के दादा-दादी को भी ये ड्रॉप पिलाई जाएगी। 12 मई को ड्रॉप पिलाने के साथ ही टीके भी लगाए जाने हैं।

दरअसल, सऊदी अरब ने हज यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए इस प्रमाणपत्र को अनिवार्य किया है। बड़े सामूहिक समारोह में पोलियो फैलने के खतरे से बचने के लिए सऊदी अरब ये सख्ती करता है। हर साल, दुनिया भर से लाखों मुसलमान हज के लिए मक्का में एकत्र होते हैं। सभी वयस्क, सक्षम मुसलमान जीवन में कम से कम एक बार हज करना चाहते हैं। हज यात्रा एक कठिन यात्रा है। इसके लिए गर्म मौसम में लंबा सफर यात्रियों को तय करना पड़ता है। इसलिए इस यात्रा पर शारीरिक रूप से अनफिट और पहले से मौजूद चिकित्सा संबंधी समस्याओं वाले लोगों को अनुमति नहीं मिलती।

## सावधान! कतई सुरक्षित नहीं आपके घर आ रहा दूध, दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दूध रोजाना की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाली काफी महत्वपूर्ण चीज है। सुबह की चाय से लेकर रात तक इसका इस्तेमाल होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि जिस दूध का आप सेवन कर रहे हैं वो कितना सुरक्षित है? हम यह सवाल इसलिए पूछ रहे हैं क्योंकि इसी मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल हुई है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जो दूध दिल्ली में सप्लाई हो रहा है उसमें ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह वही दवा है जो केंद्र सरकार 2018 में बैन कर चुकी है। तब सरकार की ओर से दावा किया गया था कि दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए मवेशियों पर इसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे ना केवल मवेशियों बल्कि दूध का सेवन करने वाले लोगों पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है।

केंद्र सरकार ने अप्रैल 2018 में इस दवा पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया था कि पैदावार



बढ़ाने के लिए दुधारू मवेशियों पर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे न केवल मवेशियों के स्वास्थ्य पर बल्कि दूध का सेवन करने वाले मनुष्यों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने अधिकारियों को राजधानी में गाय-भैंस रखने वाली डेरियों में ऑक्सीटॉसिन के गलत उपयोग के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि हार्मोन संबंधित दवा देना पशु क्रूरता और एक अपराध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग से साप्ताहिक निरीक्षण करने और मामला दर्ज करने को कहा। पुलिस इसकी जांच करेगी। अदालत ने दिल्ली पुलिस के खुफिया विभाग से ऑक्सीटॉसिन उत्पादन, पैकेजिंग और वितरण के स्रोतों की पहचान करने को कहा। साथ ही इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई करने को कहा। अदालत ने यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी में डेरियों की स्थिति से संबंधित सुनवाई सिब्बल और अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस अरोड़ा भी शामिल थे। पीठ ने अदालत कमिशनर द्वारा उठायी गयी इस बात को भी दर्ज किया कि ऑक्सीटोसिन का अंधाधुंध प्रयोग मवेशियों से अधिक दूध प्राप्त कर दूध का उत्पादन करने के उद्देश्य से किया जा रह है। अदालत ने कहा, ''चूंकि ऑक्सीटोसिन को देना पशु क्रूरता है और यह पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 के तहत एक संज्ञेय अपराध है, परिणामस्वरूप यह अदालत औषध नियंत्रण विभाग जीएसीटीडी को निर्देश देता है कि साप्ताहिक निरीक्षण करवाये जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑक्सीटोसिन के गलत उपयोग या इसे रखने के सभी मामलों को पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 एवं दवा एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धार 18(ए) के तहत दर्ज किया जाए।''

## अशोक गहलोत के इंग्लिश मीडियम स्कूल बंद होंगे?

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में चल रहे 2000 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को हिंदी मीडियम में बदलने की तैयारी चल रही है। शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर अधिकारियों से इंग्लिश मीडियम स्कूल के मौजूदा हालात, टीचर्स की संख्या, स्टूडेंट की संख्या के साथ ही उसे फिर से हिंदी मीडियम में शुरू करने की सिफारिश मांगी है। इसके आधार पर फैसला कर शिक्षा विभाग इंग्लिश मीडियम स्कूल को फिर से हिंदी मीडियम में बदलेगा। राजस्थान में भाजपा सरकार दो हज़ार से अधिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को हिंदी माध्यम में कन्वर्ट करने की तैयारी कर रही है. माना जा रहा कि अगली केबिनेट बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है।

राजस्थान शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक़ इस संबंध में सैद्धांतिक सहमति बन गई है। शिक्षा विभाग की ओर से सभी संभाग और उपखण्ड स्तर से महात्मा गांधी अंग्रेज़ी मीडियम स्कूलों के संचालन को लेकर पूरी रिपोर्ट माँगी गई है। शिक्षा विभाग के बाद वर्तमान में महात्मा गांधी अंग्रेज़ी मीडियम स्कूल में मापदंड पूरे नहीं किए जा रहे हैं। जबकि इन स्कूलों के पास में दूसरी अंग्रेज़ी स्कूल संचालित हो रहे हैं। ऐसे में इन्हें हिंदी मीडियम स्कूल करने से शिक्षण व्यवस्था को बेहतर किया जा सकेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि रिव्यू किया जा रहा है। पिछली गहलोत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की संख्या वर्तमान में 2070 के क़रीब है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और गहलोत सरकार में शिक्षा मंत्री रहे गोविंद सिंह डोटासरा के समय इस योजना को मूर्त रूप दिया गया था।

## दिल्ली पुलिस के एसआई से ठगी, भाई को यूएई की क्रिकेट टीम से मैच खिलाने के बहाने लगाया लाखों का चूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर के साथ ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित एसआई का भाई क्रिकेट खेलता है और उसी में अपना भविष्य बनाना चाहता है। आरोपी ने यूएई (यूनाइटेड अरब अमीरात) की टीम से क्रिकेट खिलाने का वादा कर करीब पौने दो लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित एसआई ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।




पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर चेतन अपने परिवार के साथ द्वारका सेक्टर-16बी में रहते हैं। फिलहाल वह हरिनगर थाने में तैनात हैं। पुलिस को दी शिकायत में चेतन ने बताया कि सितंबर 2021 में वह परिवार के साथ द्वारका स्थित सागर रत्ना रेस्टोरेंट में खाना खाने के लिए गए थे, जहां वह अपने छोटे भाई सौरव से उसके क्रिकेट खेलने और भविष्य लेकर बातचीत करने लगे। कुछ देर बाद चेतन के पास अनुज मल्होत्रा नाम एक शख्स आया और खुद को आईसीसी पैनल का एम्पायर बताया। उसने कहा कि वह यूएई के लिए एम्पायरिंग करता है। चेतन के अनुसार, आरोपी ने उससे कहा कि भारत में बहुत प्रतियोगिता हैं और यहां रणजी मैच के लिए बहुत पैसा देना पड़ता है। वहीं, यूएई में बहुत टूर्नामेंट होते हैं, जिन्हें खेलने के लिए खुद शेख आते हैं। अगर उनका भाई अच्छा खेला तो यूएई की राष्ट्रीय टीम में उसका चयन हो जाएगा। इसके बाद वह वहां मैच खेल सकेगा।

पीड़ित उसके झांसे में आ गए और उन्होंने अपने भाई को यूएई में क्रिकेट मैच खिलाने के लिए बात कर ली। इस पर आरोपी ने उनसे एक लाख रुपये एडवांस देने के लिए कहा। आरोपी ने पीड़ित से वीजा, टिकट और रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक लाख 88 हजार रुपये ले लिए।

# राजधानी में अवैध होटलों-गेस्ट हाउस पर कसेगा शिकंजा, दिल्ली पुलिस कर रही तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में चल रहे अवैध होटलों और गेस्ट हाउस पर शिकंजा कसने की बड़े स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी होटल और गेस्ट हाउस को अपने प्लैटफॉर्म पर जोड़ने से पहले उसका लाइसेंस अवश्य देखें। उनके साथ जुड़े हुए अवैध होटलों की जानकारी पुलिस के साथ भी शेयर करें।

दिल्ली पुलिस के लाइसेंस विभाग ने बीते दिनों ओयो, मेक माई ट्रिप सहित होटल बुकिंग के विभिन्न ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें संयुक्त आयुक्त की तरफ से बताया गया कि दिल्ली में अवैध होटल कानून व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा हो सकते हैं। इस तरह के होटल में कोई आतंकी या आपराधिक शख्स ठहर सकता है। फिलहाल बड़ी संख्या में लोग होटल बुक करने के लिए ऑनलाइन



प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए अपराध के लिए होटलों के इस्तेमाल को रोकना उनकी भी जिम्मेदारी है। पुलिस ने ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के अधिकारियों को बताया गया है कि बड़ी संख्या में बिना लाइसेंस के होटल चल रहे हैं। ऐसे होटल ऑनलाइन प्लैटफॉर्म से भी जुड़े हैं। दिल्ली में होटल चलाने के आवेदनों में बीते एक वर्ष में काफी बढ़ोतरी हुई है। उपराज्यपाल के निर्देश पर लाइसेंस लेने की प्रक्रिया बेहद सरल हो गई है, लेकिन इसके बावजूद काफी होटल बिना लाइसेंस चल रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की तरफ से बताया गया कि लाइसेंस से होटल के सुरक्षित होने की पुष्टि होती है। होटल निगम और पुलिस से लाइसेंस लेते हैं, जबकि दमकल विभाग से एनओसी लेनी होती है। लाइसेंस देने से पहले पुलिस यह सुनिश्चित करती है कि होटल ग्राहकों के लिए सुरक्षित हो। होटल के भीतर सुरक्षा के उचित प्रबंध और आग से बचाव के उपाय हों। ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के अधिकारियों को बताया गया कि दिल्ली में लाइसेंस लेना बेहद आसान है। 49 दिन से ज्यादा आवेदन को लंबित नहीं रखा जा सकता है। बैठक में पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन प्लैटफॉर्म से होने वाली बुकिंग भी आईटी एक्ट के दायरे में आती है। अगर ऑनलाइन बुकिंग करने वाला शख्स किसी आतंकी घटना या बड़े अपराध को अंजाम देता है तो इसकी जिम्मेदारी बुकिंग करने वाले प्लेटफॉर्म की भी होगी।

## 19 साल बाद संजय निरुपम की हुई घर वापसी, कांग्रेस छोड़ शिवसेना में शामिल पूर्व सांसद

**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना से राजनीतिक करियर की शुरुआत करने वाले संजय निरुपम की 19 साल के बाद फिर से 'घर वापसी' हो गई। कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। निरुपम को पिछले महीने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया था।

निरुपम आज मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए। निरुपम अविभाजित शिव सेना के हिंदी मुखपत्र दोपहर का सामना के संपादक रह चुके हैं। निरुपम 2005 में कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया था। वह 2009 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता राम नाइक को मामूली अंतर से हराकर सांसद निर्वाचित हुए। कांग्रेस में 19 साल तक रहने के दौरान उन्होंने कई पदों पर काम किया जिनमें से मुंबई इकाई के प्रमुख पद की जिम्मेदारी भी शामिल थी।

कांग्रेस ने पिछले महीने ''अनुशासनहीनता और पार्टी-विरोधी गतिविधियों'' के चलते छह साल के लिए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। निष्कासन से कुछ दिन पहले ही निरुपम ने मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर फैसला करने के लिए पार्टी को ''एक सप्ताह का अल्टीमेटम'' दिया था।

# बृजेश, आर्यन समेत 7 भारतीयों ने फाइनल में प्रवेश किया



**अस्ताना (कजाकिस्तान), एजेंसी।** बृजेश टम्टा और आर्यन ने पांच अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ शुक्रवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में युवा पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

भारत के लिए शुरुआत करते हुए, बृजेश ने 48 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के तालाइबेक इसूर को 5-0 के ठोस स्कोर के साथ हराया। इसके बाद, राहुल कुंडू (75 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) ने समान सर्वसम्मत निर्णयों के साथ चीन के कांजी बेई एर्सी और किर्गिस्तान के अलीबेव टाइनिस्तान को पछाड़ दिया। दूसरी ओर, सागर जाखड़ (60 किग्रा) ने अंतिम दौर में किर्गिस्तान के सादिरोव दिलेरबेक पर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के लिए मजबूर किया। आर्यन (51 किग्रा), यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) और प्रियांशु (71 किग्रा) ने विभाजित निर्णय के साथ भारत की जीत की लय को आगे बढ़ाया। इस बीच, सुमित (67 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) ने कजाकिस्तान के सबिरखान तोरेखन और किर्गिस्तान के जाकिरोव मुखमदाजिज के खिलाफ 0-5 से हारने के बाद कांस्य पदक के साथ समापन किया। भारतीय युवा दल ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में महिला वर्ग में 12 सहित 22 पदक हासिल किए हैं।

बाद में शुक्रवार की रात, लक्ष्य राठी (92+ किग्रा) और मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) 10 अन्य भारतीय युवा मुक्केबाजों के साथ फाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे। गुरुवार रात ध्रुव सिंह (80 किग्रा), गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) ने अंडर-22 वर्ग के अंतिम-चार चरण में अपनी जगह बना ली। शनिवार को ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रीति (54 किग्रा) और मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) 17 अन्य मुक्केबाजों के साथ अंडर-22 सेमीफाइनल में भारत की कमान संभालेंगे।

मुस्कान (75 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) को उनके संबंधित अंडर-22 सेमीफाइनल में बाई मिली है। यूथ और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः सोमवार और मंगलवार को खेले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शरणार्थी ओलम्पिक

## शरणार्थी ओलम्पिक टीम पेरिस से भेजेगी अमन का संदेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शरणार्थी ओलम्पिक टीम में कुल 36 खिलाड़ी होंगे, जिनके नामों की घोषणा, अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने गुरुवार को स्विट्जरलैंड के लौसाने में एक समारोह के दौरान की। ये 36 खिलाड़ी 11 देशों से होंगे और 12 खेलों में शिरकत करेंगे।

अफगानिस्तान की पहली महिला ब्रेकडांसर, कैमरून में पैदा हुए एक ब्रिटिश बॉक्सिंग चैम्पियन और वेनेज़ुएला के एक अचूक निशानेबाज शरणार्थी ओलम्पिक टीम के उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो जुलाई में होने वाले पेरिस खेलों में शिरकत करने वाले हैं। शरणार्थी ओलम्पिक टीम में कुल 36 खिलाड़ी होंगे, जिनके नामों की घोषणा, अंतराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने गुरुवार को स्विट्जरलैंड के लौसाने में एक समारोह के दौरान की। ये 36 खिलाड़ी 11 देशों से होंगे और 12 खेलों में शिरकत करेंगे।

समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने कहा कि आप इन खेलों में शिरकत करके लचीलेपन और उत्कृष्टता में इंसान की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। इससे दुनिया भर में विस्थापित लगभग 10 करोड़ लोगों को आशा एक संदेश जाएगा। इसके साथ ही आप दुनिया भर में अरबों लोगों को शरणार्थी संकट की विशालता के स्तर के बारे में जागरूक बनाएंगे।

इस शरणार्थी टीम की संरचना को ओलम्पिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने मंजूरी दी है, जिसके लिए एक चयन प्रक्रिया का सहारा लिया गया।

### पाकिस्तानी टीम के अंदर कुछ तनाव था

## आर्मी कैंप खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए था: राशिद लतीफ़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ सीनियर पुरुष टीम को सेना शिविर में प्रशिक्षण के लिए भेजने के पीछे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच के समर्थन में सामने आए हैं। पीसीबी ने ञ्20 विश्व कप 2024 से पहले पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षण के लिए एक अनूठा तरीका अपनाया था। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम ने काकुल में आर्मी स्कूल ऑफ फिजिकल ट्रेनिंग में प्रशिक्षण लिया।

2023 में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान टीम के फिटनेस मानकों के बारे में पीसीबी में शिकायतें उठाए जाने के बाद पाकिस्तान टीम को कठिन प्रशिक्षण सत्र से गुजरना पड़ा। इसे नेटिज़न्स से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लोगों ने इसका मज़ाक उड़ाया। हालांकि राशिद लतीफ ने पीसीबी के इस कदम की सराहना की।

पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने बातचीत में कहा कि देखिए टीम की हालत बहुत अच्छी नहीं लग रही थीज्टीम के अंदर थोड़ा तनाव दिख रहा था, उन्हें सेना के एक प्रशिक्षण शिविर में एक साथ रहने का मौका मिला। लाहौर या कराची में कोई कैंप होता तो सब मोबाइल पर रहते. जब दिन खत्म हो जाता था, तो वे अपने कमरे में चले जाते थे, अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते थे और सुबह फिर आ जाते थे।

अब कोई मोबाइल फोन नहीं था, कोई ध्यान भटकाने वाला नहीं था और सभी को सेना के प्रशिक्षण में एक साथ रहना पड़ता था, जिससे खिलाड़ियों के बीच संबंध बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं इस बात से सहमत हूं कि क्रिकेट-विशिष्ट प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### आईपीएल 2024

# मुंबई प्लेऑफ रेस से बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में 51 मैच खत्म हो चुके हैं। शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 24 रन से हराया। इसी के साथ मुंबई 17वें सीजन के प्लेऑफ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी, टीम 9वें नंबर पर है। वहीं कोलकाता ने दूसरे नंबर पर अपनी सिचुएशन स्ट्रॉन्ग कर ली। शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 169 रन बनाए। मुंबई 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



## हार्दिक ने की बुमराह के साथ की बदसलूकी



**मुंबई, एजेंसी।** हार्दिक पंड्या आए दिन अपने व्यवहार की वजह से चर्चा में रहते हैं। आईपीएल 2024 की शुरुआत में रोहित शर्मा की फील्ड प्लेसमेंट वह लगातार बदल रहे थे। रोहित को लगातार यहां से वहां भागना पड़ता था। पिछले सीजन में गुजरात टाइंटस की कप्तानी के दौरान हार्दिक ने कैच छोड़ने पर मोहम्मद शमी को बुरा भला कहा था। माहौल इतना गर्म हो गया था कि फ्रेंचाइजी मालिकों को बीच में आना पड़ा था। वह जसप्रीत बुमराह पर हार्दिक पंड्या ने चिल्ला दिया है।

### बुमराह पर चिल्लाने लगे हार्दिक

हार्दिक पंड्या कप्तानी मिलने के बाद से अलग ही टशन में हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान वह मुंबई इंडियंस के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर चिल्लाने लगे। हार्दिक उस समय बॉलिंग कर रहे थे। सर्कल में फील्डिंग कर रहे बुमराह को हार्दिक ने पीछे जाने को कहा। बुमराह जा ही रहे थे कि हार्दिक ने जल्दी जाने के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया।

### बुमराह के चेहरे पर दिखी निराशा

जब हार्दिक पंड्या ने जसप्रीत बुमराह पर चिल्लाया तो उनका चेहरा देखने लायक था। बुमराह पूरी तरह निराश दिख रहे थे। बुमराह मुस्कुराते हुए दूसरी तरफ देखने लगे। यह घटना कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 17वें ओवर में हुई थी। उस ओवर में हार्दिक पंड्या की जमकर धुनाई भी हुई। उन्हें छक्के पड़े। चार ओवर के स्पेल में 44 रन पड़े और दो बल्लेबाजों को आउट किया।

### मुंबई की लगातार चौथी हार

मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में लगातार चौथा मैच हार गई है। हार्दिक की टीम ने लगातार 3 हार के साथ लीग की शुरुआत भी की थी। केकेआर के खिलाफ मैच में हार्दिक की कप्तानी पर भी सवाल उठे। 57 रन पर 5 विकेट गिरने के बाद भी उन्होंने जसप्रीत बुमराह को बॉलिंग नहीं दी। बुमराह के 3 ओवर बचे थे। वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे को सेट होने का मौका मिल गया। इससे केकेआर की टीम मुश्किल विकेट पर 169 रन बनाने में सफल रही।

## 35 साल के पीयूष ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 51वें मैच में भले ही मुंबई इंडियंस को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन ये टीम उनकी टीम के एक गेंदबाज के लिए काफी खास रहा।

ये खिलाड़ी आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला दूसरा गेंदबाज बन गया है। इस गेंदबाज ने ड्वेन ब्रावो को सबसे ज्यादा आईपीएल विकेट लेने के मामले में पछाड़ दिया है।

### 35 साल के खिलाड़ी ने रचा इतिहास

मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले पीयूष चावला आईपीएल के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया है। पीयूष चावला ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में रिंकू सिंह के रूप में अपना एकमात्र विकेट हासिल किया। इसी के साथ उन्होंने आईपीएल में 184 विकेट पूरे कर लिए। वह अब सिर्फ युजवेंद्र चहल से पीछे हैं। युजवेंद्र चहल 200 विकेट के साथ इस लिस्ट में सबसे आगे हैं।

### टॉप-5 में नारायण की भी हुई एंट्री

कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज सुनील नारायण भी सबसे ज्यादा आईपीएल विकेट लेने के मामले में पांचवें नंबर पर आ गए हैं। सुनील नारायण ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में 2 विकेट अपने नाम किए।

इसी के साथ आईपीएल में उनके 176 विकेट हो गए हैं। उन्होंने अमित मिश्रा को पीछे छोड़ा है। अमित मिश्रा के नाम आईपीएल में 174 विकेट दर्ज हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

युजवेंद्र चहल - 200 विकेट
पीयूष चावला - 184 विकेट
ड्वेन ब्रावो - 183 विकेट
भुवनेश्वर कुमार - 178 विकेट
सुनील नारायण - 176 विकेट

## मैं एक स्मार्ट क्रिकेटर बनने की कोशिश करता हूं : वेंकटेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता ने जब पावरप्ले में तीन विकेट गंवा दिए थे तो उनके एक छोर संभालकर वेंकटेश अय्यर ने 70 रन बनाए और टीम को 169 रन तक पहुंचा दिया। यह स्कोर मुंबई हासिल नहीं कर पाई और 145 रन ऑल आऊट होने के साथ ही उन्होंने 24 रन से यह मुकाबला गंवा दिया। अपनी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने वेंकटेश अय्यर ने कहा कि एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में, मुझे स्थिति के मामले में लचीला होना होगा। जब मैंने गेंद को अच्छे से हिट करना शुरू किया तो 2 और विकेट गिर गए और मैंने सोचा कि मुझे एंकर की भूमिका निभानी होगी। यह चौथी या 5वीं बार है जब मनीष ने पैड अप किया है। इस बार उन्हें बैटिंग करने का मौका मिला। रसेल और रमनदीप को ऊपर भेजने से बेहतर है कि मनीष को रखा जाए जो एंकर की भूमिका निभा सके। विकेट पर बात करते हुए वेंकटेश ने कहा कि गेंद पकड़ में थी और यह दो गति वाला विकेट था।

### सिंधू से तीसरे मेडल की उम्मीद

## भारत के 7 बैडमिंटन खिलाड़ियों को ओलिंपिक टिकट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु, पूर्व वर्ल्ड नंबर वन एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सिंगल्स इवेंट के लिए अपनी जगह पक्की की है। वहीं मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी और विमेंस डबल्स में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल हुए हैं।



### ओलिंपिक के लिए क्वालिफाइंग के लिए क्या नियम थे

ओलिंपिक में बैडमिंटन के टॉप 16 खिलाड़ी भाग लेते हैं। साथ ही एक देश से एक इवेंट में दो खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। जुलाई में होने वाले पेरिस ओलिंपिक के लिए 30 अप्रैल तक की रैंकिंग को निर्धारित किया गया था। इसके के आधार पर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल हुए हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों की क्या रही रैंकिंग

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन और ओलिंपिक की सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडलिस्ट पीवी सिंधू 30 अप्रैल को जारी रैंकिंग में 14वें स्थान पर थी। हालांकि चीन की चार खिलाड़ी उनसे ऊपर रैंकिंग में थी और ओलिंपिक में एक देश से 2 खिलाड़ी ही भाग ले सकती हैं, ऐसे में सिंधू की रैंकिंग 12 हो गई। जबकि पुरुष सिंगल्स में प्रणय 9 वें और और लक्ष्य 13वें स्थान पर रहे। जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की डबल्स जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। वहीं विमेंस डबल्स की जारी रैंकिंग में तनीषा और अश्विनि पोनप्पा की रैंकिंग 21वीं थीं।

## टीम इंडिया को तगड़ा झटका... टेस्ट में गंवाया नंबर-1 का ताज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा रैंकिंग में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है. शुक्रवार को जारी सालाना रैंकिंग अपडेट में भारत ने वनडे और टी20 फॉर्मेट में पहला स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट रैंकिंग में वह दूसरे पायदान पर खिसक गई. सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिए गए हैं.

नई रैंकिंग में मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी सीरीज शामिल हैं. भारत मुख्यत॰ 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में मिली 2-1 की जीत के नतीजे हटाए जाने से टेस्ट में दूसरे स्थान पर खिसका. अब टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पछाड़ टॉप पर आ गई है. देखा जाए तो भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है, जबकि तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है. साउथ अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है. अब केवल 9 टीम ही टेस्ट रैंकिंग में शामिल हैं क्योंकि



अफगानिस्तान और आयरलैंड रैंकिंग में शामिल होने के लिए जरूरी टेस्ट नहीं खेलते हैं, जबकि जिम्बब्वे ने पिछले तीन सालों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं.

किसी टीम को रैंकिंग लिस्ट में शामिल होने के लिए तीन साल में न्यूनतम आठ टेस्ट खेलने होते हैं. हालांकि सालाना अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20 रैंकिंग में टॉप पर कायम है. इसमें मई 2023 से पहले पूरे हुए मैच के 50 प्रतिशत और इसके बाद के मैच के सौ फीसदी अंक शामिल हैं. भारत भले ही ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हार गया हो, लेकिन उसने उस पर बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक की कर ली है. भारत के 122 अंक हैं.

टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है. तीसरे स्थान पर काबिज साउथ ने ऑस्ट्रेलिया से अंतर कम किया है, जो 8 से अब 4 अंक का रह गया है. टी20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, लेकिन 264 रेटिंग अंक हासिल करने वाली भारतीय टीम से 7 अंक पीछे है. साउथ अफ्रीका की टीम इंग्लैंड से दो अंक पीछे चौथे स्थान पर है. न्यूजीलैंड के भी साउथ अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन दशमलव की गणना में उससे पीछे है. वेस्टइंडीज के 249 अंक हैं.

## एक नजर

### काराकाट से एआईएमआईएम ने जिला पार्षद को बनाया उम्मीदवार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। बिहार की हॉट सीट बनी काराकाट संसदीय सीट से फायर ब्रांड मुस्लिम लीडर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने रोहतास की जिला पार्षद प्रियंका चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। हालांकि इसकी अधिकारिक तौर पर घोषणा बाकी है लेकिन पार्टी ने प्रियंका को सिंबल दे दिया है। प्रियंका चौधरी को प्रदेश की राजधानी पटना में एआईएमआईएम के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमाम, प्रदेश महासचिव आफताब आलम एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट आदिल हसन ने संयुक्त रूप से उम्मीदवारी का सिंबल प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने काराकाट लोकसभा सीट से प्रियंका चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। उन्हे उम्मीद है कि वें बेहतर परफॉर्म करेंगी। पार्टी को उनसे बेहतर करने की उम्मीद है। कहा कि जिला पार्षद के रूप में क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान है। वें क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। सबको साथ लेकर चलती है। इसी वजह से पार्टी ने उनपर भरोसा जताया है। चुनाव में पार्टी उन्हे फुल सपोर्ट देगी। वही प्रियंका चौधरी ने बताया कि पार्टी ने उन्हे काराकाट से उम्मीदवार बनाकर सम्मान दिया है। वें इस सम्मान को और आगे बढ़ाएंगी। वें क्षेत्र में जा रही है। पहले से ही मतदाताओं के संपर्क में है। अब चुनाव प्रचार अभियान को और तेज करेगी। पार्टी ने जिस भरोसे और उम्मीद के साथ उन्हे टिकट दिया है, उन उम्मीदों और भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरूंगी।

### बीएलओ मतदाता पर्ची का घर-घर वितरण करे : भाजपा

**पटना (नि.सं.)**। आगामी पांच चरणों के मतदान के दौरान मतदान पर्ची का वितरण बीएलओ के जरिये घर- घर जाकर सौ फीसदी करवाने के संबंध में भाजपा ने नई दिल्ली स्थित मुख्य निर्वाचन आयुक्त व राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो मतदान प्रभावित होगा।

# बाल विवाह रोकथाम एवं निषेध हेतु जिला योजना भवन सभागार में की गई बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। शनिवार को जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के निदेश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकथाम एवं निषेध हेतु जिला योजना भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला के विभिन्न विभागीय पदाधिकारी यथा शिक्षा, आईसीडीएस, बाल संरक्षण, कल्याण, महिला एवं बाल विकास निगम, जीविका, पुलिस प्रशासन तथा औरंगाबाद सदर अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, थाना प्रभारी, मुखियागण, पंचायत प्रतिनिधि, वीडियोग्राफर/टेंट/केटरर प्रतिनिधि एवं अन्य हितभागियों की उपस्थिति हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद संतन कुमार सिंह ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह करना कानूनन जुर्म है एवं इसके लिए दो वर्ष तक का कारावास और एक लाख तक का जुर्माने का प्रावधान है। आप सभी जानते हैं कि आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया है और ऐसी मान्यता रही है कि इस दिन को शुभ मानते हुए अधिकांश शादियां होती है। ऐसे में संभावित बाल विवाह को रोकना प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों और शादी समारोह के हितभागी यथा धर्मगुरु, टेंट, बैंड, बाजा, बत्ती, प्रिंटिंग प्रेस, मैरेज हॉल इत्यादि की जिम्मेबारी है, इसी उद्देश्य से आज की बैठक रखी गई है, इसके लिए किस प्रकार की रणनीति तैयार की जाए कि एक भी बाल विवाह नहीं हो। ऐसे औरंगाबाद में बाल विवाह की सूचना कम ही है फिर भी निगराणी रखनी आवश्यक है। इसके लिए सबसे पहले प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम एवं प्रचार-प्रसार किया जाए तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड के सभी विभागीय पदाधिकारी,थाना प्रभारी, शिक्षक, विकास मित्र, आंगनबाडी सेविका,जीविका कर्मी, जीविका दीदी, सभी धर्मों के धर्मगुरू, टेंट, कैटरर, बैंड-बाजा, बत्ती, मैरेज हॉल इत्यादि के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बाल विवाह रोकथाम एवं निषेध की अग्रेतर कारवाई सुनिश्चित करेंगे। पंचायत स्तर पर माननीय मुखियागण पंचायत स्तरीय कर्मियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत के बुद्धिजीवियों, गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर बाल विवाह रोकथाम एवं निषेध हेतु अग्रेतर कारवाई सुनिश्चित करते हुए जागरूकता लाऐंगे तथा प्रशासन को सहयोग करते हुए सूचना उपलब्ध करायेंगे ताकि अग्रेतर कारवाई सुनिश्चित की जा सके। आप सभी अवगत हैं कि पंचायती राज विभाग द्वारा मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधियों की भी भूमिका इसमें सुनिश्चित की गई है।

उन्होंनें कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का अनुपालन कराने में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी जो कि सहायक बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी होते हैं एवं थाना प्रभारी की महत्ती भूमिका होगी। बाल विवाह संबंधित कोई भी सूचना अगर प्राप्त होती है तो त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत अनुमंडल पदाधिकारी-सह- बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी के स्तर से एक चेतावनी/सूचना भी जारी की गई है जो विभिन्न मंदिरों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों, शादी समारोह के हितभागी के प्रतिष्ठानों यथा टेंट, कैटरर, बैंड-बाजा प्रिंटिंग प्रेस, मैरेज हॉल इत्यादि पर प्रदर्शित किया जाना है जिसमें स्पष्ट लिखा गया है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लडके की शादी करना कानूनन जुर्म है। ऐसी शादी को बाल विवाह माना जाता है !इस तरह की शादी में शामिल वर-वधू पक्ष के अभिभावक/संबंधी सहित पंडित/मौलवी/धर्मगुरू, टेंट, कैटरर, बैंड-बाजा,बत्ती, प्रिंटिंग प्रेस, मैरेज हॉल, बारात एवं शादी में शामिल वैसे सभी व्यक्ति जिनकी सहभागिता किसी भी रूप में शादी में हुई हो,कानून में उनके लिए दंड का प्रावधान है। इसके लिए दो वर्ष तक का कारावास और एक लाख तक का जुर्माने का प्रावधान है। कानून तोड़ने वाले सभी व्यक्ति दंड के भागी होंगे।' जागरुकता एवं बाल विवाह रोकथाम तथा निषेध हेतु यह एक अहम कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया एवं इस हेतु प्रिंटेड चेतावनी/सूचना संबंधितों को उपलब्ध कराया गया। बैठक का संचालन जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम राजीव रंजन द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न विभागीय पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा, सहायक निदेशक बाल संरक्षण, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका,कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विभिन्न पंचायत के माननीय मुखियागण एवं पंचायत प्रतिनिधियों संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

# प्रचंड गर्मी से दो बाईकों में लगी आग, हुई राख



**औरंगाबाद**। औरंगाबाद के अति नक्सल प्रभावित देव प्रखंड में ढिबरा थाना क्षेत्र के बालूगंज बाजार में शनिवार की दोपहर प्रचंड गर्मी के कारण गैरेज में खड़ी दो बाईकों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते दोनों बाईक धू-धूकर जल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने भी आग बुझाने की भरसक कोशिश की। बाद में सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ढ़िबरा थाना की पुलिस ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग पर काबू नही पाया जाता तो आग अगल-बगल की फैल जाती और जान माल का भारी नुकसान हो जाता। ढ़िबरा थानाध्यक्ष रितेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि अभी आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वही लोगों का मानना है कि यह आग भीषण गर्मी के कारण लगी है।

### औरंगाबाद में पड़ रही भीषण गर्मी, पारा 43 पार

औरंगाबाद में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसा लग रहा है कि आसमान से आग के गोले बरस रहे है। भयंकर गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। दोपहर में मौसम का पारा सबसे ज्यादा हाई रह रहा है। मौसम का पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार कर जा रहा है। सुबह के आठ बजते की गर्म हवा के झोंके के साथ लू के थपेड़े चल रहे है। शाम तक लू चल रहा है। भीषण गर्मी से आम जन जीवन अस्त-व्यस्त है। भीषण गर्मी के कारण दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसर जा रहा है। लोग घरो में दुबकने को मजबूर है। लू लगने की शिकायत लगातार बढ़ रही है। लोग त्राहि त्राहि कर रहे है।

# देवकुंड में बाबा दुधेश्वरनाथ की नगरी पहुंचे पवन सिंह, मंदिर में की पूजा अर्चना, उमड़ा जनसैलाब

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। गोह( औरंगाबाद ) (एसएनबी)। गोह के देवकुंड के बाबा दुधेश्वरनाथ की नगरी पहुंचे भोजपुरी के सुपर स्टार गायक पवन सिंह का जहां हजारों की सख्या में उपस्थित समर्थकों ने जोरदार अभिनंदन किया। वहीँ उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

आपको बता दें की पवन सिंह के देवकुंड पहुंचते ही लोगों की हुजूम उमड़ पड़ा। जब की पुलिस के कड़ी मशक्कत करने के बावजूद भी उन्हें मंदिर तक पहुंचने में काफी समय लग गया।बाबा दूधेश्वरनाथ के मंदिर पहुंचे जहा पूर्व से उपस्थित आचार्य विंकटैश दिवेदी ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत उन्होंने पूजा अर्चना कराया मौके पर मौजूद लोगों का भी अभिवादन किया। हालाँकि मौके पर उपस्थित पत्रकारों के द्वारा पवन सिंह से कई सवाल किया गया। लेकिन पवन सिंह कुछ भी बोलने से परहेज करते नजर आए।बाबा दूधेश्वर नाथ की पूजा अर्चना के बाद किया प्रचार का आगाज पवन सिंह मंदिर में पूजा-अर्चना कर मंदिर के दिव्य स्वरूप में विराजमान भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश के प्रतिमा को प्रणाम किया। मंदिर के भव्यता और सुंदरता को देखकर भाव विभोर हुए। इस दौरान स्थानीय लोगों में सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। सुरक्षा को लेकर पुलिस जवानों को लगाया गया था, वो सेल्फी लेने में मशगूल नजर आए। इस दौरान पूरा माहौल शोर-शराबा का बना रहा। पवन सिंह के आने की सूचना पर काफी संख्या में उनके फैन्स भी पहुंचे हुए थे। बताया जा रहा है कि बाबा की आराधना के बाद पवन सिंह अपने प्रचार अभियान में हथियारा, बनतारा, बेला, अरंडा, उपहरा, तेयाप सहित एक दर्जन से अधिक गांव में गए और मतदाताओं से आसिरबाद मांगा। गौरतलब हो की मशहूर भोजपुरी गायक और अभिनेता पवन सिंह काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। इसके पहले भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से टिकट दिया था। लेकिन पवन सिंह वहां से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। जहाँ से एनडीए प्रत्याशी और पूर्व मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा के साथ राजाराम सिंह अपनी किस्मत आजमां रहे हैं।

### आईजीआईएमएस के नर्सों को मिलेगा बेसिक व एडवांस लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण

**पटना(नि.सं.)**।इंदिरागांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में कार्यरत नर्सिंग स्टॉफ को सोमवार से बेसिक व एडवांस लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक सप्ताह के प्रशिक्षण में अस्पताल के लगभग एक हजार से ज्यादा नर्सों को सौ बैचों में बांटकर प्रशिक्षित किया जाएगा। 12 मई को विश्व नर्स दिवस के मौके पर एक सप्ताह तक चलने वाले इस बड़े कार्यक्रम का आयोजन होगा। अस्पताल के उप निदेशक सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मनीष मंडल ने बताया कि नर्सिंग स्टॉफ को प्रशिक्षित करने से काफी जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

# शौच करने जा रहे युवक को बिजली की चपेट में आने से मौत

निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)**। गोह थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव में सौच करने गए एक युवक बिजली की चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। हलाकि परिजनों ने युवक को जिंदा समझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह पहुंचाया जहां के चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत्य घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही गोह पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पता चला है की भुरकुंडा गांव निवासी सुभाष मिस्त्री के 22 वर्षीय पुत्र रूंजय कुमार शनिवार की सुबह बधार में शौच के लिए जा रहा था। जैसे ही गांव से बाहर पहुंचा की पूर्व से गिरे हुए हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया जहां गिरकर बेहोश हो गया ।आते-जाते ग्रामीणों ने देखकर इसकी सूचना उसके परिजनों को दिया। परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर बेहोशी अवस्था में रुनजय को जिंदा समझकर अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों की चिक्तकार से पूरा अस्पताल परिसर गमगीन हो गया।

# शहर के तीन नये इलाके में होगा नया समरसेबल बोरिंग

निज संवाददाता

**पटना**। शहर के तीन ऐसे नये इलाके हैं जहां समरसेबल बोरिंग कराई जाएगी। यह काम अगले 15 दिनों के अंदर होगा क्योंकि इन इलाकों में भू-जलस्तर काफी तेजी से नीचे जा रहा है तथा स्थानीय लोगों को जलापूर्ति का संकट हो सकता है। शहर में 10 ऐसे इलाके हैं जहां पहले ही तीन से चार फीट नीचे भू-जलस्तर चला गया है। ऐसे इलाकों के बोरिंग के पाइप की लंबाई 10 फीट और बढाई जाएगी। शनिवार को मौर्या लोक स्थित नगर निगम के सभागार में आयोजित सशक्त स्थायी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मेयर सीता साहू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। जिन इलाकों में नया समरसेबल बोरिंग होगी उसमें बसावन पार्क, निराला नगर और सरिस्ताबाद पुरवारी टोला शामिल है। तीनों इलाके में भू-जल स्तर तीन फीट नीचे जाने की सूचना है इसीलिए निगम की ओर से समरसेबल बोरिंग कराया जा रहा है ताकि स्थानीय लोगों को जलापूर्ति हो सके। इसके अलावा कच्ची तालाब और दीघा पाटी पुल के पास भी समरसेबल बोरिंग कराने की योजना है ताकि इन इलाकों में भी जलापूर्ति व्यवस्था को ठीक किया जा सके। जिन इलाकों में भू-जलस्तर नीचे चला गया है वहां समरसेबल बोरिंग की पाइप 10 फीट नीचे और किया जाएगा।

# पीएमसी शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति को किया आमंत्रित

निज संवाददाता

**पटना**। पटना मेडिकल कॉलेज (पीएमसी) के सौ वर्ष पूरा होने के मौके पर 24 और 25 फरवरी को शताब्दी समारोह की तैयारियां चल रही हैं। इसके उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अब पीएमसी के पूर्ववर्ती छात्र एकजुट हो रहे हैं। यह बातें शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री, जाने-माने चिकित्सक और आयोजन समिति के संरक्षक डॉ.सीपी ठाकुर ने कहीं। उन्होंने देश-विदेश में रहने वाले पीएमसी के पूर्ववर्ती छात्रों से अपील की है कि वे इस मौके पर आयोजन में जरूर आएं।

# पंचायत कर लौट रही महिला सरपंच पर जानलेवा हमला गंभीर रूप से जख्मी, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**गोह( औरंगाबाद)**। गोह पंचायत के महिला सरपंच पर शुक्रवार की शाम जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है।सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है।

गोह पंचायत के सरपंच मनोरमा देवी ने थाना में दिए गए आवेदन में बताई है की मैं अपने पंचायत के झमन बिगहा गांव से पंचायती कर शुक्रवार की शाम लौट रही थी।जैसे ही विनोबा बिगहा गांव से पूरब अपनी घर की तरफ आ रही थी उसी समय गांव के ही स्व कामेश्वर महतो के पुत्र अजीत कुमार बर्मा खंती लेकर आया और गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर खंती से सर पर प्रहार कर दिया। जिससे मेरा सर फट गया मैं खून से लथ पथ होकर जमीन पर गिर कर बेहोश हो गई।बेहोश होने पर आरोपी ने मरा हुआ समझकर पास के तालाब में फेक दिया।मेरी कराहने की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़े और तालाब से हमे निकाला और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर जख्मी हालत में ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां इलाज किया जा रहा है।

थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मामले में सरपंच मनोरमा देवी के ब्यान पर कांड संख्या 94/24 दर्ज किया गया है जिसमें अजीत कुमार बर्मा को आरोपी बनाते हुए त्वरित करवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# खादी मॉल का भ्रमण कर अधिकारियों ने की खरीदारी

निज संवाददाता

**पटना**। प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग में नवनियुक्त अधिकारियों ने शनिवार को बिहार खादी मॉल का भ्रमण किया। अधिकारियों ने बिहार निर्मित उत्पादों की खरीदारी की। अधिकारियों ने कहा कि आर्थिक विकास का यह मॉडल सबसे अधिक लोगों को रोजगार देने में सक्षम है। बताते चलें कि खादी मॉल में बिहार के हस्तशिल्प, हैंडीक्राफ्ट और ग्राम उद्योगों का विशाल रेंज उपलब्ध है। बिहार के छोटे बुनकरों, जीविका दीदी और कलाकारों को सीधा लाभ पहुंचाने का काम राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कर रहा है।

# लोकसभा चुनाव : अब तक 78 लाख 70591 रुपए जब्त

निज संवाददाता

पटना। लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार में भारी मात्रा में कैश जब्त की जा रही है। चुनाव की घोषणा के बाद 78 लाख 70591 रुपए जब्त किए जा चुके हैं। हर दिन औसतन 12 लाख रुपए बरामद हुए हैं। शराबबंदी वाले बिहार में अब तक 30 करोड़ 23 लाख 18 हजार 591 रुपए का ड्रग्स भी बरामद हुआ है। नशा मुक्त बिहार में चुनाव के दौरान ड्रग्स की भी सप्लाई खूब हो रही है। हर दिन लाखों रुपए का नशीला पदार्थ जब्त किए जा रहे हैं। निर्वाचन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक 30 करोड़ 23 लाख 18 हजार 561 रुपए का ड्रग्स जब्त किया गया है। दूसरे चरण के मतदान से पहले यह आंकड़ा 28 करोड़ 86 लाख रुपए था।

पिछले एक सप्ताह के दौरान 1 करोड़ 36 लाख रुपए से अधिक का ड्रग्स जब्त हुआ है। दूसरे चरण के मतदान के ठीक दो दिन बाद सबसे ज्यादा 26 लाख रुपए 62 हजार रुपए का ड्रग्स बरामद हुआ था। जबकि 28 अप्रैल को यह आंकड़ा 14 लाख का था।

निर्वाचन विभाग की ओर से बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद कैश जांच के लिए राज्य सरकार की पुलिस के साथ सेंट्रल एजेंसी को एक्टिवेट किया गया है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, आबकारी विभाग, सीजीएसटी, डीआरआई, एनसीबी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आरपीएफ, भारतीय विमानन प्राधिकरण, राज्य विमानन विभाग इस काम में लगी हुई है।

स्वच्छ और भय मुक्त मतदान के लिए राज्य कर (एसजीएसटी), राज्य परिवहन विभाग, भारतीय डाक विभाग, वन विभाग, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट लेवल बैंकिंग कमेटी और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया शामिल किया गया है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक


आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433